■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 36, अंक : 4
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, शनिवार
31 मई 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1907:** अमेरिका के न्यूयार्क शहर में पहली टैक्सी सेवा शुरू।

**1921:** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के झंडे को अंगीकार किया गया।

**1935:** पाकिस्तान के क्वेटा शहर में भीषण भूकंप से 50 हजार से अधिक लोगों की मौत।

**1959:** बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा को तिब्बत से निर्वासन के बाद भारत में शरण दी गई।

**समय का उत्तम उपयोग करना सीखें क्योंकि विश्व के ज्यादातर सफल मनुष्यों ने इसी का प्रयोग किया है।**

## प्रधानमंत्री ने बिहार को दी 48,520 करोड़ की सौगात, एनटीपीसी की बड़ी योजना की रखी आधारशिला

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक सेना को भी किया सीधा टारगेट : मोदी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज(रोहतास)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार दौरे के दौरान शुक्रवार को बिक्रमगंज में 48,520 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इनमें सासाराम से पटना तक नई फोरलेन सड़क, औरंगाबाद (नबीनगर) में 2400 मेगावाट की ऊर्ज़ा परियोजना, पटना-गया-डोभी फोरलेन सड़क परियोजना, गोपालगंज रिंग रोड, सासाराम और अनुग्रह नारायण रेलवे स्टेशन पर स्वचालित सीढ़ियां, सोननगर-मोहम्मदगंज तीसरी रेलवे लाइन, जहानाबाद नवोदय विद्यालय में डोरमेट्री और स्टाफ क्वार्टर, आरा-सासाराम फोरलेन मार्ग, वाराणसी-रांची-कोलकाता एक्सप्रेस-वे, बक्सर-भरौली गंगा नदी पर पुल और



रामनगर-कच्ची दरगाह सिक्स लेन सड़क आदि परियोजनाएं शामिल हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी जनसभा के संबोधन की शुरुआत बिहार के स्वाभिमानी और मेहनती लोगों को प्रणाम करके की। उन्होंने कहा कि बिहार की पवित्र भूमि पर इतनी बड़ी संख्या में आप हमें आशीर्वाद देने आए हैं, जिसको मैं हमेशा सर-आंखों पर रखता हूं। उन्होंने जनसभा के दौरान बड़ी संख्या में माताओं-बहनों को देखकर उन्हें विशेष प्रणाम किया और कहा कि यह हमारे लिए सबसे बड़ी घटना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार यह एलान किया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी सेना को भी सीधा टारगेट किया गया था। उन्होंने कहा कि पहलगाम में जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था आतंक के आकाओं के **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## पीएम ने 2025 के बजट में बिहार को दी कई सौगातें : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**सासाराम।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पीएम मोदी की सभा में जाति जनगणना पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि केंद्र ने हाल में ही जातीय जनगणना कराने का फैसला लिया है। मैं इसके लिए पीएम मोदी को नमन करता हूं और उनका धन्यवाद देता हूं। यह बहुत बड़ी बात हो



गई है। इसकी मांग मैं लंबे समय से कर रहा था। यह एक बहुत बड़ा कदम है। आप सब जानते ही हैं कि हमलोगों ने बिहार में जातीय जनगणना कराने का निर्णय लिया था। बिहार में इसे प्रमुखता से करवाया। इसके बाद केंद्र सरकार ने भी पूरे देश में जातीय जनगणना कराने की घोषणा की है। पीएम ने विपक्षी दलों पर तंज कसते हुए **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## उच्च जाति के लिए आयोग के अध्यक्ष बने महाचन्द्र, उपाध्यक्ष राजीव रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** बिहार सरकार ने सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी करते हुए उच्च जातियों और अनुसूचित जनजाति के कल्याण से जुड़े दो अहम आयोगों का पुनर्गठन कर दिया है। अधिसूचना के अनुसार भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह को उच्च जाति आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस आयोग में जदयू नेता राजीव रंजन प्रसाद को उपाध्यक्ष बनाया गया है जबकि दयानंद राय, जय कृष्ण झा और राजकुमार सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया है। आयोग के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्षों के लिए निर्धारित किया गया है। उसी अधिसूचना के तहत राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग में भी बड़े बदलाव किए गए हैं। आयोग का अध्यक्ष पश्चिम चंपारण के शैलेंद्र कुमार को बनाया गया है। उनके साथ सुरेंद्र उरांव को उपाध्यक्ष और प्रेमशिला गुप्ता, तल्लू बासकी तथा राजू कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया है। इनका कार्यकाल भी तीन वर्षों के लिए रहेगा।

## पटना में बनेगा नया मॉर्डन रेलवे टर्मिनल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना को जल्द ही एक अत्याधुनिक रेलवे टर्मिनल की सौगात मिलने जा रही है। वीर कुंवर सिंह पार्क के सामने नया मॉर्डन रेलवे टर्मिनल बनाया जा रहा है। इस महत्त्वाकांक्षी परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को रोहतास के बिक्रमगंज से वर्चुअल माध्यम से किया। रेलवे मंत्रालय की ओर से यह प्रोजेक्ट करीब 95 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जाएगा। यह नया टर्मिनल पटना जंक्शन के पश्चिमी हिस्से में स्थित हार्डिंग पार्क क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इसके तहत पांच नए प्लेटफॉर्म बनाए जाएंगे जिससे पटना जंक्शन पर ट्रेनों और यात्रियों की भीड़ को कम करने में मदद मिलेगी। इस टर्मिनल का उद्देश्य ट्रेनों के संचालन को अधिक सुचारू बनाना, यात्रियों को बेहतर अनुभव देना और पटना की बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए भविष्य के यातायात दबाव को संभालना है। नए टर्मिनल को पूरी तरह से मॉडर्न लुक दिया जाएगा। यहां यात्रियों के लिए एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिनमें अत्याधुनिक वेटिंग हॉल, डिजिटल टिकटिंग काउंटर, एस्केलेटर, लिफ्ट, स्वच्छ और हाईटेक शौचालय, फूड कोर्ट और व्यापक पार्किंग की व्यवस्था होगी। यह टर्मिनल प्रारंभ में मेमू ट्रेनों के संचालन के लिए तैयार किया जा रहा है लेकिन भविष्य में यहां से मेल और एक्सप्रेस ट्रेनें भी चलेंगी। इससे न केवल ट्रेनों का टर्नअराउंड **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

## एलआइसी को ब्रिटिश मानक संस्थान से मिला आइएसओ 22301:2019 प्रमाणन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुम्बई।** सार्वजनिक क्षेत्र की अग्रणी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम को ब्रिटिश स्टैंडर्ड्स इंस्टीट्यूशन (ब्रिटिश मानक संस्थान बीएसआई) से आइएसओ 22301:2019 व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन प्रणाली (बीसीएमएस) प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह इस बात की पुष्टि करता है कि बीमाकर्ता का परिचालन लचीलापन, व्यवसाय निरंतरता नियोजन और जोखिम प्रबंधन क्षमताएं वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप हैं। आइएसओ 22301:2019 बीसीएमएस मान्यता बीमाकर्ता की मजबूत व्यावसायिक निरंतरता प्रथाओं को बनाए रखने, अप्रत्याशित व्यवधानों के दौरान भी निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करने और जोखिम को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने की क्षमता को मान्यता देती है। आइएसओ 22301:2019 व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मानक है, जो परिचालन व्यवधानों को कम करने और संकट के समय में तेजी से रिकवरी सुनिश्चित करने पर केंद्रित है। यह **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

संस्कृति मंत्रालय
भारत सरकार

“प्राचीनता और आधुनिकता का जो संगम लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन में था, आज देश उसे अपना आदर्श मानकर आगे बढ़ रहा है।”
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



लोकमाता अहिल्याबाई होलकर

एक दूरदर्शी सुधारक, सांस्कृतिक संरक्षक और एक नेतृत्वकर्ता!

लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का शासनकाल सुशासन, न्याय और सेवा की मिसाल था। उन्होंने अपने शासन को जनकल्याण का माध्यम बनाते हुए सामाजिक समरसता, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्निर्माण को प्राथमिकता दी। लोकमाता का प्रशासनिक दृष्टिकोण आज भी नीति और शासन व्यवस्था के लिए प्रेरक आदर्श है।

300वीं जयंती का स्मरणोत्सव

मुख्य अतिथि
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

स्मारक डाक टिकट और सिक्का विमोचन | डिजिटल प्रदर्शनी | अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित फिल्म की स्क्रीनिंग | सांस्कृतिक कार्यक्रम

31 मई, 2025 | सुबह 10:30 बजे | स्थान : जम्बूरी मैदान, भोपाल

गरिमामयी उपस्थिति

श्री मोहन यादव
माननीय मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश

श्री मंगुभाई पटेल
माननीय राज्यपाल, मध्य प्रदेश

CBC 09101/13/0004/2526

डीडी न्यूज़ पर सीधा प्रसारण देखें

# भारतीय खाद्य निगम की गेहूं खरीद हुई 1,43,154 क्विंटल पार

## 2 घंटे के अंदर भुगतान से किसान हो रहे हैं प्रेरित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार राज्य में रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खरीद जारी है तथा खराब मौसम एवं निजी व्यापारियों के सक्रिय होने के बावजूद भारतीय खाद्य निगम गेहूं खरीद के नित्य नये आंकड़ों को छू रही है। 30 मई, 25 तक बिहार में कुल गेहूं खरीद 1,78,576 क्विंटल को हो चुकी है जिसमें से भारतीय खाद्य निगम ने 1,43,154 क्विंटल गेहूं खरीद किया है जबकि बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के द्वारा पैक्स/व्यापार मंडल के माध्यम से कुल 35,421 क्विंटल की गेहूं की खरीद की है। भारतीय खाद्य निगम के खरीद केन्द्रों पर खरीदे गए गेहूं का भुगतान न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425/- रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से बिना किसी कटौती के 2 घंटे के भीतर किसानों के खाते में किया जा रहा है जिससे किसानों के अन्दर काफी उत्साह और खुशी का माहौल है। भारतीय खाद्य निगम द्वारा राज्य भर में 151 गेहूं खरीद केंद्र संचालित किए जा रहे हैं जिन पर अब तक कुल खरीद 1,43,154 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है तथा कुल 3459 किसानों को अब तक न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ पहुंचाया गया है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान सहकारिता विभाग के द्वारा 35,421 क्विंटल की गेहूं की खरीद गई है जो 1674 किसानों से हुई है। भारतीय खाद्य निगम के महाप्रबंधक (बिहार क्षेत्र) अमित भूषण ने भारतीय खाद्य निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए गेहूं की खरीद एवं समय से भुगतान हेतु प्रतिबद्धता को दोहराया तथा किसान भाइयों से पुनः आह्वान किया है कि वे सरकारी गेहूं खरीद केंद्र पर अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य रुपये 2425/- बेचकर पारदर्शी प्रक्रिया का लाभ उठायें। अब तक की गई खरीद का त्वरित भुगतान किया गया है एवं लगभग 8.158 करोड़ रुपये का भुगतान निगम द्वारा किया जा चुका है एवं औसत भुगतान अवधि 4 घंटे से भी कम है। राज्य में रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु 2 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य राज्य सरकार एवं भारतीय खाद्य निगम के लिए संयुक्त रूप से रखा गया है। गेहूं खरीद 1 अप्रैल, 2025 से प्रारंभ है तथा 15 जून, 2025 तक गेहूं की खरीद की जाएगी।

# अज्ञात युवक का शव बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव स्थित एक पइन से शुक्रवार की दोपहर एक वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुनपुन पुलिस मौके पर पहुंच मामले की तहकीकात में जुटी है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पईन से एक शव बरामद किया गया है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। एफएसएल की टीम जांच कर रही है। वहीं स्थानीय लोगों ने हत्या कर शव को फेंक देने की आशंका जताई है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव की पहचान के लिए उसे 72 घंटे तक पुलिस अभिरक्षा में रखा जाएगा।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात

## वैभव के कौशल और प्रतिभा की पीएम मोदी ने की सराहना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बिहार दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को पटना एयरपोर्ट पर राज्य के युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात की। क्रिकेट के ग्राउंड पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सबके चहेते बने वैभव सूर्यवंशी की पीएम मोदी ने भी सराहना की। इस मुलाकात के दौरान वैभव सूर्यवंशी के परिवार के अन्य लोग भी मौजूद थे। दरअसल, युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने इस बार के आईपीएल में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कई मैचों में शानदार खेल दिखाया है। उनकी इसी प्रतिभा के मुरीद हुए पीएम मोदी ने उनसे बिहार दौरे के बीच खास तौर पर मुलाकात की। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी से मुलाकात कर उनके कौशल और प्रतिभा की सराहना की। अपनी इस मुलाकात की जानकारी पीएम ने सोशल मीडिया पर एक्स के माध्यम से दी है। इसके साथ ही पीएमओ इंडिया के यूट्यूब चैनल पर मुलाकात का वीडियो भी शेयर किया गया है। इस मुलाकात को लेकर प्रधानमंत्री ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि पटना एयरपोर्ट पर युवा क्रिकेट सनसनी वैभव सूर्यवंशी और उनके परिवार से मुलाकात हुई। उनके क्रिकेट कौशल की पूरे देश में प्रशंसा हो रही है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। उल्लेखनीय है कि वैभव सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट का एक चमकता हुआ नाम बनते जा रहे हैं। अपनी धाकड़ बल्लेबाजी, तेजतर्रार क्षेत्ररक्षण और अत्याधुनिक तकनीक से उन्होंने अंडर-19 से लेकर जूनियर क्रिकेट तक में कई रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।

# धीरेन्द्र कुमार और त्रिलोकी कुमार मांझी ने थामा कांग्रेस का हाथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में आयोजित मिलन समारोह में लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा और वरिष्ठ नेता त्रिलोकी कुमार मांझी ने हजारों समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम के हाथों ग्रहण किया। बिहार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष ने सदस्यता ग्रहण कराने के बाद कहा कि धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा और त्रिलोकी कुमार मांझी के आने से बिहार में कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में भविष्य के दिनों में और भी कई जिलों से महत्वपूर्ण सामाजिक कार्यकर्ता जुड़ेंगे। कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने में दोनों आगत नेताओं और उनके समर्थकों को आज से ही जुटकर काम करने की आवश्यकता है। बिहार में सामाजिक न्याय के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के संघर्ष का परिणाम है कि विभिन्न क्षेत्रों और दलों के लोग कांग्रेस के प्रति आकर्षित हो रहे हैं।

लोकप्रिय समता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार उर्फ धीरू शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी के संघर्ष और सामाजिक न्याय की विचारधारा से प्रभावित होकर कांग्रेस से जुड़कर काम करने को इच्छुक हूं। कांग्रेस पार्टी लगातार देशहित में कार्य कर रही है और राहुल गांधी के नेतृत्व पर मुझे बेहद भरोसा है। कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक न्याय की जो लड़ाई लड़ी है वो बेहद महत्वपूर्ण है। देश का उज्ज्वल भविष्य कांग्रेस के हाथों में ही संभव है। त्रिलोकी कुमार मांझी ने सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रख सकती है।

# अपर समाहर्त्ता कार्यालयों की रैंकिंग जारी, औरंगाबाद छठे स्थान पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा सभी अपर समाहर्त्ता (एडीएम) राजस्व कार्यालयों की अप्रैल महीने की रैंकिंग जारी कर दी गई है। इस महीने बांका एडीएम कार्यालय प्रथम स्थान पर है तथा दूसरा स्थान शेखपुरा को प्राप्त हुआ है। मधुबनी पिछले महीने के छठे स्थान से इस माह तीसरे स्थान पर आ गया है। जहानाबाद दूसरे स्थान से चौथे स्थान पर तो नालंदा चौथे से पांचवें स्थान पर चला गया है। औरंगाबाद बेहतर कार्य कर इस माह नौवें स्थान से छठे स्थान पर आ गया है। कैमूर अपने सातवें स्थान पर तो सीतामढ़ी आठवें स्थान पर बरकरार है। किशनगंज दसवें से नौवें और दरभंगा 11 वें से इस माह दसवें स्थान पर आ गया है। राजस्व संबंधित कार्यों के निपटारे में पूर्णिया अपर समाहर्त्ता (राजस्व) कार्यालय 11 वें, मधेपुरा 12 वें, अरवल 13 वें, पूर्वी चंपारण 14 वें, नवादा 15 वें, समस्तीपुर 16 वें, गोपालगंज 17 वें, भोजपुर 18 वें, खगड़िया 19 वें एवं कटिहार 20 वें स्थान पर हैं। सभी कार्यालयों की रैंकिंग उनके द्वारा किये गये राजस्व कार्यों के आधार पर की जाती है। इसमें एडीएम द्वारा किये गये अंचल कार्यालयों के निरीक्षण को भी शामिल किया जाता है। साथ ही एडीएम राजस्व न्यायालय में ऑनलाइन विवादों की सुनवाई के आधार पर भी अंक प्रदान किए जाते हैं।

# विकसित बिहार का सपना साकार कर रही डबल इंजन सरकार : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार के सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से बिहार विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के विक्रमगंज से 48,500 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर राज्य को बड़ी सौगात दी है। इससे पहले 24 अप्रैल को मधुबनी में भी प्रधानमंत्री ने 13,500 करोड़ रुपए से अधिक की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में बुनियादी ढांचे, परिवहन, ऊर्जा और उद्योग से जुड़े कई अहम प्रोजेक्ट शामिल हैं जो राज्य की आर्थिक प्रगति में मील का पत्थर साबित होंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने विशेष तौर पर गोपालगंज के हथुआ में करीब 340 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एलपीजी बॉटलिंग प्लांट और रेल अनलोडिंग सुविधा का जिक्र करते हुए इसे ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में बिहार लगातार विकास की दौड़ में आगे बढ़ रहा है। हम सबका सपना – विकसित बिहार, विकसित भारत – अब साकार होता दिख रहा है। बिहार की जनता की ओर से मैं प्रधानमंत्री को हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ये योजनाएं न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी, बल्कि युवाओं को भी आत्मनिर्भर बनाने में अहम भूमिका निभाएंगी। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग सिर्फ बयानबाजी में व्यस्त हैं, जबकि डबल इंजन की सरकार जमीन पर काम कर रही है।

# बिहार कैंसर केयर एवं रिसर्च सोसाइटी की स्थापना से होगा गरीबों का बेहतर इलाज: मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पांडेय की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग के सभागार में बिहार सरकार एवं होमी भाभा कैंसर संस्थान, मुजफ्फरपुर के संयुक्त तत्वाधधान में राज्यान्तर्गत कैंसर केयर की सकारात्मक एवं महत्वपूर्ण पहलुओं पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। श्री पांडेय ने बताया कि राज्य के सभी 38 जिलों में कैंसर स्क्रिनिंग कार्यक्रम, 17 जिलों में डे-केयर कीमोथेरेपी कार्यक्रम, 23 जिलों में पैलियेटिव केयर कार्यक्रम, मुफ्त कैंसर की दवाएं जिला अस्पतालों में निरन्तर निर्वाध रूप से वितरित किए जा रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि 09 से 14 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एच.पी.भी. मुफ्त टीकाकरण जारी है। राज्य में 100 शैय्या का पैलियेटिव केयर अस्पताल की स्थापना हो रही है। स्वास्थ्य विभाग ने इन सकारात्मक प्रयासों को देखते हुए कैंसर प्रीवेंशन एवं कन्ट्रोल को ध्यान में रखते हुए कैंसर केयर एण्ड रिसर्च सोसाइटी का निबंधन करने जा रही है जो मुख्यतः छः प्रक्षेत्रों में कार्य करेगा जिनमें कैंसर की रोकथाम तथा जल्दी पता करना, कैंसर जांच, कैंसर उपचार (कीमोथेरेपी, सर्जरी, रेडियोथेरेपी), उपशामक देखभाल सेवाएं, अनुसंधान एवं शैक्षणिक गतिविधियां एवं कैंसर आधारभूत संरचना का होना प्रमुख है।

# बिना सवालों के जवाब दिए चले गए पीएम मोदी : राजेश राम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रेस के साथियों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय दौरे को 'फेल पॉलिटिकल टूर' करार दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि आधे अधूरे कार्यों का उद्घाटन करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ही योजना का पांच से छह बार घोषणा करते हैं और दो तीन बार शिलान्यास करके बिहार से चले जाते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि पटना की सड़कों पर रोड शो करने से पहले पटना की सड़कों पर तिरंगे लगाए गए, लेकिन वो तिरंगे कहीं जदयू के झंडे के नीचे लगे मिले तो कहीं नालियों के ऊपर जो राष्ट्रीय ध्वज का अपमान है। एयरपोर्ट के पास पेड़ों को काट दिया गया तो वहीं टूटी फुटपाथ को रंग रोगन से ठोस दिखाने का प्रयास किया गया। सड़कों पर जिस तरीके से सेना के शौर्य को कम करके प्रधानमंत्री ने केवल अपनी तस्वीरें लगवाई वो बताने के लिए काफी है कि उन्होंने सेना का भी अपमान किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बिहार आगमन से पूर्व मैंने स्वयं संवाददाता सम्मेलन करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से पांच सवाल किए थे लेकिन उन सवालों का जवाब भी अनुत्तरित रह गया और महागठबंधन के सवालों का भी वें जवाब नहीं दिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शाहाबाद में जिस विक्रमगंज में सभा स्थल का चयन किया था वो बाबू कुंवर सिंह की भूमि है और वहां वे सेना का मनोबल तोड़ने वाले अपने कृत्य अमेरिकी दबाव में किए गए सीजफायर पर कोई बयान नहीं दिया। कम से कम अमेरिकी राष्ट्रपति के आठ बार मध्यस्थता वाले बयान का ही विरोध कर देते लेकिन वें वो भी नहीं कर सकें। शाहाबाद से इनका सूपड़ा साफ हो चुका है इसलिए हताश निराश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी अंतिम कोशिश किए जो कि फ़ेल रहा और सरकारी व्यवस्था पर भीड़ बुलाने की उनकी कवायद भी फ़ेल हो गई। सेना के मनोबल को तोड़ने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शाहाबाद की वीर भूमि में भीड़ इसीलिए नहीं जुटी क्योंकि उन्होंने महसूस किया कि भाषणों में जो वीरता की बात करते हैं जरूरत आने पर राष्ट्र की अस्मिता को अमेरिका के दबाव में गिरवी रख देते हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जुमलों में बिहार की जनता नहीं आने वाली है और इस बार के चुनावों में उनको बैरंग बिहार के सभी इलाके से उनको भेजेगी क्योंकि इनके झूठे वादों और फरेबी जुमलों में अब कोई आने वाला नहीं है।

# राज्य परिवहन आयुक्त ने लम्बित बीमा क्लेम ससमय निपटाने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में वाहन दुर्घटना पीड़ितों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। राज्य परिवहन आयुक्त नवीन कुमार ने बीमा कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे लंबित बीमा क्लेम के मामलों को ससमय निपटाएं। यह निर्देश बिहार मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण के सचिव और बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों की एक बैठक में दिया गया। बिहार मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण की ओर से कुल 1016 मामलों में बीमा कंपनियों को 85 करोड़, 38 लाख रुपए का क्लेम आर्डर पास किया गया है। बीमा कंपनियों के स्तर से 494 दावों का निपटारा करते हुए 43.65 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है। राज्य परिवहन आयुक्त ने मोटर वाहन दुर्घटना न्यायाधिकरण के सचिव को निर्देश दिया है कि अदालतों में हुई सुनवाई के आधार पर दस्तावेजों को तत्परता के साथ संबंधित अधिकारी द्वारा पोर्टल पर अपडेट कराया जाए। बैठक में परिवहन विभाग के संयुक्त सचिव कृत्यानंद रंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव के लिहाज से काफी अहम रहा पीएम मोदी का बिहार दौरा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को संपन्न हुई दो दिनी बिहार यात्रा को विधानसभा चुनाव की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने अपने इस बिहार दौरे में पराक्रम और विकास का साझा संदेश दिया है। आपरेशन सिंदूर के बाद और बिहार विधानसभा चुनाव से पहले गुरुवार को पटना में रोड शो के जरिए पीएम मोदी कई अहम संदेश देने में पूरी तरह सफल रहे। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के पहले भी प्रधानमंत्री ने पटना में रोड शो करके एनडीए के पक्ष सियासी माहौल बनाया था। रोड शो के बाद प्रधानमंत्री ने भाजपा के प्रदेश कार्यालय में हुई अहम बैठक में पार्टी नेताओं को जीत का मंत्र दिया। इस बैठक में पार्टी के सांसद, विधायक, विधान पार्षद और संगठन के पदाधिकारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में अभी चार महीने बचे हैं। इस समय का पूरा उपयोग बूथ को मजबूत करने में करें। बूथ से ही आप चुनाव जीतेंगे। बूथ स्तर के पदाधिकारी वहां के लोगों से लगातार संपर्क बनाए रखें और केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को जन जन तक पहुंचायें। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने बताया कि पीएम मोदी ने पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त और मजबूत बनाने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने पार्टी नेताओं से कहा है कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाएं हर लाभुक तक पहुंचे, इसके लिए आप प्रयासरत रहें। उन्होंने यह भी कहा है कि योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है या नहीं, इसकी जानकारी लें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह दौरा बिहार के विकास के लिहाज से भी काफी महत्वपूर्ण रहा। उन्होंने शुक्रवार को विक्रमगंज से बिहार को 48 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सोगात दी है। जाहिर है इसे भी चुनाव प्रचार के दौरान एनडीए के नेता भुनायेंगे। चुनाव में इसका असर भी पड़ सकता है।

# बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी लिमिटेड का पंजीकरण

## महिला सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक वित्तीय व्यवस्था को नई ऊंचाई देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी लिमिटेड, पटना का औपचारिक रूप से निबंधन (रजिस्ट्रेशन) हुआ। यह राज्य स्तर की एक महिला नेतृत्व वाली साख सहकारी संस्था है जो जीविका द्वारा प्रोत्साहित की गई है। इस संस्था का उद्देश्य है कि राज्य की ग्रामीण महिलाओं को सुलभ, समयबद्ध और संरक्षित ऋण सुविधा उपलब्ध हो, ताकि वे अपने व्यवसाय, कृषि एवं स्वरोजगार गतिविधियों को आत्मनिर्भरता के साथ आगे बढ़ा सकें। इस अवसर पर सहकारिता विभाग, बिहार सरकार के सचिव धर्मेन्द्र सिंह एवं रजिस्टार इनायत खान ने संयुक्त रूप से बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी लिमिटेड का निबंधन प्रमाणपत्र जीविका के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी हिमांशु शर्मा को सौंपा। यह क्षण न केवल जीविका के लिए, बल्कि राज्य की एक करोड़ से अधिक महिला सदस्यों के लिए भी गौरवपूर्ण रहा। बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी लिमिटेड उन संस्थाओं में शामिल हो गई है जो पूर्णतः महिलाओं की भागीदारी द्वारा संचालित और नियंत्रित हैं।

# चिराग पासवान को पार्टी ने विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भेजा : अरूण भारती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रा) प्रमुख चिराग पासवान को बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने का प्रस्ताव पार्टी ने भेजा है। पार्टी के सांसद अरुण भारती ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी की ओर से चिराग पासवान को यह प्रस्ताव भेजा गया है और वे विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। मालूम हो कि बिहार विधानसभा का चुनाव लड़ने के संबंध में चिराग पासवान ने हमेशा मीडिया से कहा है कि उनकी पार्टी अगर कहेगी तो वो चुनाव लड़ेंगे। अरुण भारती ने कहा कि बिहार में युवा नेताओं की जरूरत है। पार्टी चाहती है कि चिराग पासवान बिहार की राजनीति में सक्रिय हों। इसके लिए उन्हें पार्टी की तरफ से विधानसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव भेजा गया है। अगर वह चुनाव लड़ने का प्रस्ताव स्वीकार करते हैं तो आने वाले समय में यह तय किया जाएगा कि वह किस सीट से उम्मीदवार होंगे। चिराग पासवान क्या बिहार के अगले मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री हो सकते हैं, इस सवाल के जवाब में अरुण भारती ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे पर लड़ा जाएगा। लेकिन चिराग पासवान को बिहार के विकास के लिए बड़ी भूमिका में आना होगा। उल्लेखनीय है कि चिराग पासवान ने कुछ दिन पहले बयान दिया था कि वह बिहार की राजनीति में सक्रिय होना चाहते हैं और राज्य के विकास में सक्रिय भूमिका निभाना चाहते हैं। इस बयान के बाद से ही उनके विधानसभा चुनाव लड़ने और चुनाव बाद सरकार में उनकी भूमिका को लेकर अटकलें लगाई जाने लगी हैं। चिराग पासवान अब तक अपने पिता रामविलास पासवान की तरह ही केंद्र की राजनीति करते रहे हैं। वह मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री हैं। 2014 और 2019 में वे बिहार की जमुई सीट से लोकसभा चुनाव जीते थे। 2024 में वह बिहार की हाजीपुर लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। इस सीट से उनके पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान लंबे समय तक सांसद रहे थे।

# मोक्ष कल्याणक दिवस पर अभिषेक शांति धारा कर देश में सुख-समृद्धि की कामना की



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जैन संप्रदाय के 15 वे तीर्थंकर धर्मनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, कदमकुआं सहित पटना के मीठापुर, मुरादपुर, कमलदह सहित अन्य दिगम्बर जैन मंदिरों में धार्मिक वातावरण में मनाया गया। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि पटना जैन समाज के श्रावको ने आज जैन संप्रदाय के 15 वे तीर्थंकर धर्मनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक दिवस पर श्री जी का अभिषेक किया। तदुपरांत आज देश में सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना कर सुख समृद्धि, रिद्धि सिद्धि प्रदाता चमत्कारिक लघु शांति धारा की गई जिसे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, कदमकुआं में जिनेश जैन ने एवं मुरादपुर दिगम्बर जी चैत्यालय में सुबोध जैन फंटी ने किया। सभी ने श्री जी की आरती कर अष्ट द्रव्यों से देव शास्त्र गुरु पूजन कर अर्घ्य चढ़ाए।

# सरकारी स्कूलों में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** अब निजी स्कूलों की तर्ज पर राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में भी शिक्षक और अभिभावक के बीच संवाद आयोजित किया जा रहा है। इसे लेकर शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी प्राथमिक, मध्य, उच्च एवं उच्चतर विद्यालयों में 31 मई यानी शनिवार को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी आयोजित करने का निर्देश जारी किया है। इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने में अभिभावकों की भागीदारी को मजबूत करना है। इसके क्रियान्वयन को लेकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने सभी स्तर के स्कूलों के प्रधानाध्यापक और प्रभारी शिक्षक को निर्देश जारी किया है। इस निर्देश में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि गर्मी की छुट्टियों से पहले 'पढ़ेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हम' विषय पर आयोजित होने वाले संगोष्ठी का आयोजन काफी महत्वपूर्ण है। इस संगोष्ठी में स्कूल के शिक्षक और अभिभावकों के बीच छात्रों की शिक्षा, पुस्तक वितरण, गृहकार्य, स्कूल वातावरण और अनुशासन के मुद्दों पर खुलकर चर्चा होगी। इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी जारी किए गये हैं।

**प्रमुख निर्देश:** कक्षा में 1 अप्रैल से 31 मई तक पढ़ाए गए पाठ्यक्रमों और अभ्यास पुस्तिका का छात्र छुट्टियों में घर पर रहकर रिवीजन करेंगे। इसके लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा कि वे बच्चों को समझाकर पढ़ाए गए पाठ्यक्रम का पुर्नअभ्यास कराएं। छुट्टियों के दौरान छात्रों को पढ़ने के लिए घर पर एक 'पढ़ाई का कोना' (स्टडी कॉर्नर) विकसित किया जाए। निर्धारित कोने में कुर्सी या फर्श पर चटाई या बोरा बिछाकर बैठने के लिए जगह बनायी जाए। साथ ही दीवार पर कुछ पोस्टर और रुटीन चिपकाकर पढ़ने का माहौल तैयार किया जाए। इस मीटिंग के दौरान शिक्षक अभिभावकों को गर्मी की छुट्टी में छात्रों को दिए गये होमवर्क के बारे में जानकारी देंगे। सभी कक्षाओं के लिए एससीईआरटी ने गृहकार्य निर्धारित किया है और इसे ई-शिक्षाकोष पर उपलब्ध कराया गया है। शिक्षक अभिभावकों को ई-शिक्षाकोष से गृहकार्य की प्रति डाउनलोड कर उपलब्ध कराएंगे। इसके साथ ही वर्ग शिक्षक अभिभावकों से छात्रों को मिलने वाले पाठ्य पुस्तक, अभ्यास पुस्तिका, डायरी एवं टीएलएम किट के संबंध में अवगत कराएंगे और उसके रखरखाव के संबंध में चर्चा करेंगे। पाठ्यपुस्तक के मुख पृष्ठ और पिछले पन्ने पर यातायात के नियम, साफ-सफाई, समाज में बच्चों का कैसा आचरण हो, कतार में खड़े रहना, वातावरण की साफ-सफाई एवं नागरिक बोध लिखे गए हैं जिसे अभिभावक समझकर छुट्टी के दौरान बच्चों के साथ चर्चा करें।

# राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत लाभुक मई का खाद्यान्न 31 मई तक कर सकते हैं प्राप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग ने पत्र जारी कर राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों को निदेशित किया है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत जिन लाभुकों ने मई 2025 का खाद्यान्न नहीं उठाया है। उनके लिए खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि 31.05.2025 निर्धारित की जाती है। वैसे लाभुक जिन्होंने माह मई 2025 का खाद्यान्न प्राप्त नहीं किया है, वे अपने नजदीकी जन वितरण विक्रेता के पास प्रथम बार में ई-पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत माह मई, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे एवं द्वितीय बार में ई-पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत माह जून, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे। माह जून, 2025 का खाद्यान्न वितरण 22.05.2025 से प्रभावी है। वैसे लाभुक जिन्होंने माह, मई 2025 का खाद्यान्न प्राप्त कर लिया है, वे ई-पॉस के माध्यम से अपना बायोमेट्रिक सत्यापन के उपरांत माह जून, 2025 का खाद्यान्न प्राप्त करेंगे।

# सड़क हादसों में तीन युवकों की दर्दनाक मौत

## जीटी रोड चिपली में एक व पिपरिया के पास हादसे में दो युवकों की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दुर्गावती।** थाना क्षेत्र में जीटी रोड फोरलेन पर दो स्थानों पर हुए हादसे में तीन लोगों की जान चली गई। गुरुवार को रात करीब दो बजे चिपली स्थित पेट्रोल पंप के समीप एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार सवार ने सड़क किनारे खड़ी हाइवा में जोरदार टक्कर मार दी जिससे स्कार्पियो सवार की उसमें दब कर घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान सोनहन थाना क्षेत्र के माटी गांव निवासी विकास कुमार सिंह उम्र 35 वर्ष के रूप में की गई जो बनारस से अपने बिजनेस को देख कर लौट रहे थे। सूचना पर एनएचएआई व पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। उन्हें तत्काल इलाज के लिए पीएचसी पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके जेब में जो 34 हजार रुपये थे उन्हें पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया। दूसरी घटना जीटी पिपरिया के पास शुक्रवार की दोपहर 12 बजे की है। बाइक सवार दो युवक मोहनियां से दुर्गावती की तरफ जा रहे थे तभी पिपरिया गांव के सामने जीटी रोड के ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व एनएचएआई की पेट्रोलिंग टीम ने दोनों युवकों को मोहनियां के अनुमंडल अस्पताल में लेकर पहुंची। दोनों युवकों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाइक के नंबर से मोहनियां पुलिस ने मृतकों की पहचान किया। एक मृतक दुर्गावती थाना क्षेत्र के कलवरिया गांव के जगनारायण सिंह का इकलौता पुत्र आंनद सिंह उम्र 25 वर्ष के रूप में की गई। दूसरा मृतक सावठ गांव के सत्येंद्र राम का पुत्र गोरख राम उम्र 24 वर्ष के रूप में की गई।



# मां-बेटी को चाकू गोदकर हत्या, एक बेटी घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रोहतास जिले के नोखा थाना अंतर्गत लेवड़ा पूरब टोला में बेखौफ अपराधियों ने खेत में काम कर रही मां और बेटी की चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर हत्या कर दी। मृतकों की पहचान संतरा देवी और उनकी बेटी रूमा कुमारी के रूप में हुई है। इस हमले में संतरा की दूसरी बेटी अमृता कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई है। उसका इलाज सासाराम सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार संतरा देवी और उनकी बेटियां मूंग के खेत में पानी पटाने गई थीं तभी उन पर अज्ञात हमलावरों ने चाकू से हमला किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज घायल अमृता का बयान दर्ज करने की कोशिश कर रही है। अभी तक हमले के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों ने बताया कि संतरा देवी के पति का पहले ही निधन हो चुका है। वह अपनी सात बेटियों के साथ अकेले परिवार का भरण-पोषण करती थी। घटना के समय संतरा और उनकी दो बेटियां खेत में काम कर रही थीं। नोखा थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालकार ने बताया कि यह बीती रात की घटना है। आज सुबह उन्हें इसकी सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि मां बेटी की चाकू गोदकर का निर्मम हत्या कर दी गई है। हमले में घायल बेटी को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में एडमिट कराया गया है। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगा रही है।

# डीएम-एसपी ने किया भूमि नापी कार्य का स्थलीय निरीक्षण

## भारतमाला परियोजना के अंतर्गत सिहोरा मौजा में चल रहा भूमि नापी का कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आज भारतमाला परियोजना के अंतर्गत सिहोरा मौजा में चल रहे भूमि नापी (भूमि अधिग्रहण सर्वेक्षण) कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अपर भू-अर्जन पदाधिकारी, कानूनगो, अमीन तथा पीएनसी प्रोजेक्ट लिमिटेड के कर्मचारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अमीन से भूमि नापी की वर्तमान प्रगति एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी हितग्राही किसानों को एलपीसी प्रमाण पत्र (भूमि स्वामित्व प्रमाण) ऑन द स्पॉट कैंप मोड में, नापी स्थल पर ही कैंप लगाकर वितरित किए जाएं। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु नियमित रूप से सुनवाई आयोजित करने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने मौके पर उपस्थित किसानों से भी संवाद किया तथा उन्हें आश्वस्त किया कि मुआवजा प्राप्त करने में यदि किसी भी प्रकार की कठिनाई उत्पन्न होती है तो वे सीधे जिलाधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भारतमाला परियोजना के अंतर्गत आर्बिट्रेटर के आदेशानुसार किसानों को दोगुना मुआवजा प्रदान किया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं व्यवधानरहित ढंग से चल रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है एवं इस महत्त्वपूर्ण परियोजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने हेतु संकल्पित है।



# बिहार में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन करने हेतु मुख्यमंत्री से अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** वर्षों की आजादी के बाद भी सूबे बिहार में वंचित दलितों में खास कर डोम, मेहतर, बाल्मीकि, हाड़ी एवं लालबेगी एक ऐसी जाति है जिनकी माली हालात वर्षों की आजादी के बाद भी बद से बदतर है। राष्ट्रीय वंचित दलित समाज अधिकार मोर्चा के महासचिव मोहन राम ने बिहार में बसर करने वाले डोम, मेहतर, बाल्मीकि, हांडी एवं लालबेगी के संबंध में कहा है कि आजादी के वर्षों बाद भी उपरोक्त जाति की आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनौतिक स्थिति काफी दयनीय है। ऐसी परिस्थिति में सूबे बिहार में राज्य सफाई कर्मचारी आयोग का गठन निहायत जरुरी है, तभी बिहार के बदहाल सफाई मजदूरों का विकास होगा। मोहन राम ने बिहार के बदहाल सफाई मजदूरों के समुचित विकास हेतु शीघ्र सफाई कर्मचारी आयोग का गठन करने की मांग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से किया है।

# रेल वैगन मरम्मत कारखाना की घोषणा नहीं होने से निराशा

## डालमियानगर रेल कारखाना, इंद्रपुरी जलाशय व सोन नहरों का आधुनिकीकरण की चुप्पी दुर्भाग्यपूर्ण : कान्ति सिंह

मदन कुमार

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर में रेल बैगन मरम्मत कारखाना की विक्रमगंज सभा में पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा घोषणा नहीं होने से लोगों में निराशा है। पीएमओ कार्यालय के पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव से गत मंगलवार को रेल बैगन मरम्मत कारखाना के संबंध में संज्ञान लेने से उम्मीद जगी थी। पीएम के शुक्रवार को विक्रमगंज आगमन पर रेल बैगन मरम्मत कारखाना की घोषणा नहीं होने से क्षेत्र के लोग निराश हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री व राजद नेत्री कांति सिंह ने कहा कि रोहतास की धरती से डालमियानगर में रेल कारखाना, इंद्रपुरी जलाशय योजना व सोन नहरों के आधुनिकीकरण की योजनाओं पर चुप्पी दुर्भाग्य पूर्ण है जिसका जवाब आगामी विधान सभा चुनाव में एनडीए को फिर मिलेगा। राजद अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गुड्डू चन्द्रवंशी सहित कई विपक्षी दल के नेताओं ने दुःखद बताया है। पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, रालामो के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद उपेन्द्र कुशवाहा, स्थानीय सांसद राजा राम सिंह यहां रेल कारखाना लगाने की मांग किया था। सभी ने उम्मीद की थी कि विक्रमगंज की सभा में शिलान्यास की घोषणा होगी, लेकिन घोषणा नहीं होने से लोगों में मायूसी है। विदित है कि रेलवे ने 2007 में 219 एकड़ क्षेत्र में फैले डालमियानगर उद्योग परिसर को रेलवे ने खरीदा था। पीएम ने 2015 के विधान सभा चुनाव को ले डिहरी के सुअरा हवाई अड्डे पर आयोजित सभा में यहां रेल कारखान लगाने का वायदा किया था। 2020 में बजटीय प्रावधान भी किया गया, लेकिन रेल कारखाना नहीं लगा।




# डीडीयू मंडल में प्लास्टिक प्रदूषण समाप्ति हेतु जागरूकता अभियान जारी

## 'अपनी बोतल साथ लाएं' के संदेश के साथ यात्रियों को किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय (डीडीयू) मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में चल रहे विशेष पर्यावरण जागरूकता अभियान के तीसरे चरण (28 से 30 मई) को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। पूरा अभियान 22 मई से 5 जून तक 'प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें' थीम पर आयोजित हो रहा है जिसका उद्देश्य रेलवे परिसरों को प्लास्टिक मुक्त बनाना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और आम जनता को स्वच्छ एवं टिकाऊ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। तीसरे चरण के दौरान स्टेशनों और ट्रेनों में एकल-उपयोग प्लास्टिक में कमी लाने के लिए गहन निगरानी की गई। स्टेशनों पर विक्रेता स्टॉलों का निरीक्षण किया गया और उन्हें प्लास्टिक की जगह वैकल्पिक पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित किया गया। यात्रियों को खुद अपनी बोतल लाने और उनको रिफिल पॉइंट्स पर भरने के लिए जागरूक किया गया जिससे प्लास्टिक बोतल के उपयोग में कमी आए। प्लास्टिक बोतल क्रशिंग मशीनों की कार्यप्रणाली और रखरखाव की भी समीक्षा की गई ताकि इनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके। स्टेशनों पर जन संबोधन प्रणाली के माध्यम से नियमित रूप से पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश प्रसारित किए गए। विभिन्न स्टेशनों पर संदेश एवं संवाद कार्यक्रमों के जरिए प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। यात्रियों से अपील की गई कि वे स्टेशन परिसरों को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाए रखने में सहयोग करें।

रेलवे द्वारा संचालित ट्रेनों में सेवा प्रदाताओं को पुनर्चक्रण योग्य सामग्री का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। मंडल के कर्मचारियों को भी इस मुहिम में सक्रिय रूप से शामिल किया गया। अगला चरण 31 मई से 2 जून तक आयोजित होगा जिसमें सतत रेलवे संचालन पर विशेष फोकस रहेगा। इसमें प्रभातफेरी, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताएं, बायो-टॉयलेट्स की निगरानी, स्टेशन पार्कों का रखरखाव, डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों की बिक्री जैसी गतिविधियां शामिल होंगी।



# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सिविल कोर्ट से निकाली गई प्रभातफेरी




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** शुक्रवार 30 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में स्थानीय सिविल कोर्ट से प्रभात फ़ेरी निकाली गई। प्रभात फ़ेरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकार रोहतास अनुज कुमार जैन, प्राधिकार के सचिव कुमार कृष्ण देव, मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी सचिन कुमार मिश्रा एवं अन्य न्यायिक पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला जज ने बताया कि प्रभात फ़ेरी का मुख्य उद्देश्य लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरूक करना एवं समाज को नशा मुक्ति करना है। प्रभात फ़ेरी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़े पैनल अधिवक्ता, पारा लीगल वालंटियर, न्यायालय कर्मी सहित अन्य लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# बिहार पुलिस कांस्टेबल में चयनित अभ्यर्थियों का सम्मान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** भीम आर्मी नेता अमित पासवान ने छात्रों के हौसला आफजाई करने हेतु सासाराम अपने कार्यालय में चेनारी प्रखंड के विभिन्न गांवों के छात्र जो बिहार पुलिस कांस्टेबल में चयनित हुए है, उन्हें अंगवस्त्र एवं मिठाई खिलाकर बधाई दिया एवं आगे उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं किया। अमित पासवान ने असफल हुए छात्रों को कहा कि जो छात्र किसी कारणवश चयनित नहीं हो पाये उनसे कहूंगा कि निरंतर प्रयास करना है, मेहनत को और बढ़ा देना है। आपके हौसला और जुनून के आगे इस दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं। सफल छात्रों में ग्राम चंद्रकैथी के नितेश कुमार, ग्राम करमा के सत्येंद्र कुमार, ग्राम बनौली के भान जी पासवान, मल्हीपुर के संतोष पासवान शामिल हैं।

# होमगार्ड शारीरिक दक्षता परीक्षा में 118 अभ्यर्थी सफल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिला में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन के लिए शारीरिक दक्षता की जांच परीक्षा में 700 उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र जारी किया गया था जिनमें से कुल 466 उम्मीदवार परीक्षा में सम्मिलित हुए। 1600 मीटर की दौड़ में इनमें से 126 उम्मीदवार सफल हुए। उम्मीदवारों के सफल अभ्यर्थियों में ऊंचाई एवं सीना के निर्धारित मापदंड पूरा नहीं करने के कारण 5 उम्मीदवार असफल घोषित किये गये एवं 3 उम्मीदवार चिकित्सीय परीक्षण में अनफिट/असफल हो गये। इस प्रकार कुल 118 अभ्यर्थी सफल घोषित किये गये। शारीरिक सक्षमता के सभी जांच परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है। उधर, जगजीवन स्टेडियम में चल रही होमगार्ड बहाली की शारीरिक दक्षता परीक्षा का औचक निरीक्षण आज जिला पदाधिकारी सावन कुमार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने शारीरिक परीक्षा की सभी प्रक्रियाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा तकनीकी टीम द्वारा बनाए जा रहे डाटाबेस एवं प्रशिक्षण प्रक्रिया की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित जिला समादेष्टा, होमगार्ड, तकनीकी स्टाफ, दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को यह निर्देशित किया कि चयन प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा पक्षपात को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की तकनीकी असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन की यह प्राथमिकता है कि होमगार्ड की बहाली प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष, तकनीकी रूप से सुदृढ़ और समयबद्ध तरीके से संपन्न हो, ताकि सभी योग्य अभ्यर्थियों को समान अवसर प्राप्त हो। यह बहाली अभियान न केवल युवाओं को रोजगार का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि जिले की सुरक्षा व्यवस्था को भी सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-ओकेजी-डीआरएमएफपी-बीडीसी-ईएक्सटी, दिनांक: 29.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा **निविदा सं.: एसडीएसटीई-ओकेजी-डीआरएमएफपी-बीडीसी-ईएक्सटी** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची ए1-ए5- एनकेजी बिल्डिंग के डीजीए/पूर्व रेलवे, सीडी एंड टीए, एफए एंड सीएओ/कॉन, पीसीएससी, पूर्व रेलवे और ओकेजी बिल्डिंग में रेलवे बोर्ड (आई एंड एस) एवं अन्य संबंधित कार्यालयों का सुधार कार्य। अनुसूची बी1-फेयरली प्लेस/पूर्व रेलवे मुख्यालय और डीआरएम कॉन्फ्रेंस रूम में ऑडियो विजुअल सिस्टम के संरचनात्मक विकास का आधुनिकीकरण। अनुसूची सी-बैण्डेल स्टेशन के प्लेटफॉर्म (प्लेटफॉर्म 1 एवं 2) के विस्तार के लिए प्रस्ताव। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,06,02,248.44, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,03,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 29.05.2025 को 14.19 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 09.06.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 23.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

HWH-112/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 28.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-37-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण सहित एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रोसेस द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 3,22,05,283.10, **बयाना राशि :** रु.3,11,000/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.06.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 18.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव को तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार, ई-निविदा प्रपत्र की लागत शून्य है।

SDAH-74/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय**
**पटना-800014, बिहार**
**Website: www.basu.org.in**

**निविदा सूचना**

**निविदा सूचना सं०-01(a)/बी०/भी०/सी०/2025-26**

बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के पशु प्रक्षेत्र परिसर के तहत जानवरों (गाय, भैंस, बकरी, भेड़ इत्यादि) के लिए 2100 क्विंटल गेहूँ भूसा एवं 450 क्विंटल निवारी कुट्टी का क्रय किया जाना है।

**निविदा सूचना सं०-01(b)/बी०/भी०/सी०/2025-26**

बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय के पशु प्रक्षेत्र परिसर के तहत जानवरों (गाय, भैंस, बकरी, भेड़ इत्यादि) के लिए 400 क्विंटल मक्का, 450 क्विंटल गेहूँ चोकर, 200 क्विंटल सरसों खल्ली, 100 क्विंटल डी०डी०जी०एस० (मक्का), 100 क्विंटल अक्टी दाना, 40 क्विंटल गुड़ तथा 15 क्विंटल नमक का क्रय किया जाना है।

दोनों निविदाओं के लिए इच्छुक आपूर्तिकर्ताओं से अनुरोध है कि उपरोक्त दोनों निविदाओं में वर्णित सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद लिफाफा में निविदा दिनांक-25/06/2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक/हस्तगत द्वारा प्राप्त किया जाएगा। निविदा सूचना विश्वविद्यालय के वेबसाइट **http://www.basu.org.in** पर उपलब्ध है।

**प्रभारी क्रय पदाधिकारी**
बिहार पशुचिकित्सा महाविद्यालय, पटना



**बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद्**

बिहार सरकार

ई-मेल- msbspcb-bih@gov.in, वेबसाईट-http://bspcb.bihar.gov.in

**लोक-सुनवाई की सूचना**

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के ई.आई.ए. अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533, दिनांक 14.09.2006 एवं यथा संशोधित अधिसूचनाओं के आलोक में राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण के समक्ष श्री अजय कुमार, पिताः श्री उपेन्द्र सिंह, पता-नरारीकलां, पोस्ट-सदुरीकर्मा, थाना-नरारीकलां खुर्द, जिला- औरंगाबाद-824112 (बिहार) द्वारा औरंगाबाद सोन नदी स्थित औरंगाबाद सोन-2-A बालू घाट, मौजा-महमदपुर, थाना-दाउदनगर, प्रखंड-दाउदनगर, जिला-औरंगाबाद(बिहार) में प्रस्तावित बालू खनन परियोजना हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति का प्रस्ताव विचाराधीन है।

इस परियोजना के कार्यान्वयन के पूर्वपर्यावरणीय स्वीकृतिहेतुराज्य पर्यावरण समाघात निर्धारणप्राधिकरण द्वारा TOR (Terms of Reference) निर्गत की गयीहैंतथालोक-सुनवाई की जानीहै। परियोजना का पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन तैयार किया गया है। जिसमें संभावित कुप्रभावों को निरस्त करने के उपाय प्रस्तावित है। उक्त प्रतिवेदन तथा परियोजना के कार्यपालक सार की प्रति पर्षद् मुख्यालय, पटना, जिला पदाधिकारी, औरंगाबाद; कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, औरंगाबाद; महाप्रबंधक, जिला उधोग केन्द्र, औरंगाबाद एवं जिला खनन कार्यालय, औरंगाबाद के कार्यालय मेंप्रभावित क्षेत्र के लोगों के अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं। परियोजना की विवरणी का अवलोकन पर्षद् के वेबसाईटः http://bspcb.bihar.gov.in पर भी किया जा सकता है। वैसे व्यक्ति जो इस परियोजना से प्रभावित होने वाले हों, अपना लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य इस सूचना प्रकाशन के 30 (तीस) दिनों के अन्दर पर्षद् कार्यालय में भी जमा कर सकते है। साथ ही पर्षद् के ई-मेलः msbspcb-bih@gov.in पर अथवा डाक के माध्यम से भी लिखित सुझाव/विचार एवं मंतव्य भेजी जा सकती है।

परियोजना प्रभाव क्षेत्र के नागरिकों के लिए लोक-सुनवाई निम्नानुसार आहूत किया गया है:-

| दिनांकः | समय | प्रखंड का नाम | बालूघाट का मौजा | बालूघाट का नाम | लोक-सुनवाई का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 07.07.2025 | अपराह्न 12:30 बजे | दाउदनगर, जिला-औरंगाबाद | महमदपुर | औरंगाबादसोन-2-A बालू घाट | प्रखंडकार्यालय, दाउदनगर, जिला-औरंगाबाद |

सभी आम लोगों/संबंधित से अनुरोध हैं कि उपरोक्त लोक-सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा निर्गत कोविड-19 गाईड-लाईन का पालन करते हुए परियोजना के संबंध में अपने मंतव्य/सुझाव /विचार से अवगत करायेगें।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

PR- 004892 (B & C) 2025-26

**सदस्य सचिव**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

ज्ञापांक ................ दिनांक .......................

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या 16/2025-26**

मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय हेतु 2 Laptop, 3 All in One PC & Photo State Machine Commercial क्रय की आवश्यकता है। इच्छुक निर्माणकर्त्ता/कम्पनी द्वारा अधिकृत एजेन्सी निविदा/कोटेशन दिनांक 06.06.2025 को 1.00 बजे अपराह्न तक जमा करना होगा। कोटेशन के साथ निविदा आमंत्रण शूल्क मो0 1,000/- रू0 बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक संलग्न करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। निविदा शूल्क की राशि वापस नहीं की जाएगी। निविदा/कोटेशन दिनांक 06.06.2025 को 2:00 बजे अपराह्न नगर निगम कार्यालय में निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय उपस्थित रह सकते है। Laptop, All in One PC & Photo State Machine Commercial क्रय किये जाने से संबंधित विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :-

| SL. NO. | NAME OF ITEM | Quantity |
|---|---|---|
| 1 | 2 Laptop – i5 & i3, 8GB-RAM , 512-GB SSD DRIVE Display Size – 15.6” | 02 |
| 2 | 3 All in One – i5 & i3 8GB-RAM , -512- GB SSD DRIVE , Monitor 23” | 03 |
| 3 | Photo State Machine Commercial – Printing/Scanning/Wi-Fi/Xerox (3 In one) | 01 |

PR 353869 District (25-26)_D

**सहायक नगर आयुक्त**
**मेदिनीनगर नगर निगम**

# युवक की गोली मार कर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शुक्रवार की सुबह बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को ताबड़तोड़ तीन गोली मार हत्या कर दी। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र के मथुरापुर के समीप चोर बिगहा पुल के पास की है। मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र के चोर बिगहा निवासी स्व. सिद्धेश्वर राम के (38) वर्षीय पुत्र सिकंदर राम के रूप में की गई है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गईं। बताया जाता हैं कि युवक हर दिन की तरह सुबह काम के सिलसिले में घर से निकल कर पैदल जा रहा था। इसी बीच चोर बिगहा पुल के समीप घर से करीब 500 मीटर की दूरी पर बाइक सवार दो हमलावरों ने



युवक को ताबड़तोड़ तीन गोली मार दी, एक गोली कान के ऊपर, दूसरी गोली कमर के पास एवं तीसरी गोली पेट को छूते हुए पार कर गई। गोली लगते ही युवक मौके पर खून से लथपथ होकर गिर पड़ा। हमलावर मौके से फरार हो गया। इस हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। हत्या की सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों की चित्कार से आसपास का माहौल गमगीन हो गया। सिकंदर राम घरों में पेंटिंग करने का काम करता था। फिलहाल घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। इस मामलें में सदर एसडीपीओ-2 संजय कुमार जायसवाल ने बताया घटना की सूचना मिलने के उपरांत पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच जांच में जुट गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया गया है। एफएसएल की टीम को भी साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया है। घटना देखने से यह प्रतीत हो रही है कि आपसी दुश्मनी के कारण वारदात को अंजाम दिया गया है। फिलहाल जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो सकेगा। परिजनों से फर्द बयान लेने के प्रयास में पुलिस जुट गई है। मौके से एक खोखा भी बरामद किया गया है।

## वाहन जांच के दौरान कट्टा व नौ कारतूस बरामद

**बिहारशरीफ/नबिटा ब्यूरो।** गिरियक थाना क्षेत्र अंतर्गत खराट मोड़ से वारसलीगंज मुख्य मार्ग स्थित सैदपुर के समीप गुप्त सूचना पर वाहन जांच के दौरान बाइक सवार बदमाश के पास से एक देसी कट्टा समेत नौ जिंदा कारतूस एवं एक मोबाइल बरामद कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने पुरैनी गांव निवासी दिनेश मिस्त्री के 25 वर्षीय पुत्र विनय कुमार को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किया गया बदमाश से शुरुआती पूछताछ के बाद पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

# नवादा में नाबालिग का अपहरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग का अपहरण किया गया है। घटना के बाद नाबालिग के पिता ने मुफस्सिल थाना पहुंचकर नाबालिग की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित एक गांव की नाबालिग कोचिंग करने के लिए घर से निकली थी। जब देर शाम तक नाबालिग घर वापस नहीं लौटी, तो परिजन चिंतित होकर आस पड़ोस और रिश्तेदारों में खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इस बीच अपहृत नाबालिग ने अपनी बहन के मोबाइल पर फोन कर कहा कि, दीदी एक लड़का बहला फुसला कर मुझे अपने साथ ले आया है और एक कमरे में बंद कर दिया है। उसने बताया कि उसके साथ वह मारपीट भी करता है। पिता ने थाने में दिया लिखित आवेदनः लड़की अपनी बहन से बस इतना ही बात कर पायी और इन बातों की जानकारी देकर फोन काट दिया। बहन ने पूरी बात अपने पिता को बतायी। इसके बाद पीड़ित पिता मुफस्सिल थाना पहुंचे और लिखित आवेदन देकर नाबालिग की सकुशल बरामदगी की पुलिस से गुहार लगाई है। पीड़ित पिता ने लिखित आवेदन दिया है। आवेदन के आलोक मे कांड दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई है। जल्द ही मामला सामने आ जाएगा।

## 32 फरार अपराधी गिरफ्तार : एसपी

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 30 मई 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अनुसूचित जाति/जनजाति अपराध में गिरफ्तारी एक बलात्कार अपराध में दो, अवैध खनन में एक, मद्य निषेध में चार एवं अन्य गिरफ्तारी 24 कुल 32 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 67 लीटर महुआ शराब एवं 13 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-103 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या-05 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 30 वाहनों की जांच की गयी है एवं जुर्माने की कुल राशि 48 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक ट्रैक्टर बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है।

# पहलगाम में तैनात हैं कर्नल, नालंदा के घर में लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नालंदा।** बिहार के नालंदा जिले के नरहर बिगहा गांव में बीती रात चोरों ने दो घरों में सेंधमारी कर लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर लिया। इनमें से एक घर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में तैनात आर्मी कर्नल आशुतोष कुमार का है। इस घटना ने पुलिस की रात्रि गश्ती पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बंद मकानों को चोरों ने बनाया निशानाः नालंदा थाना क्षेत्र के नरहर बिगहा गांव में हुई इस चोरी की सूचना मिलते ही राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह पुलिस बल और डॉग स्क्वायड के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पीड़ित परिवारों के अनुसार, चोरों ने बंद मकानों को निशाना बनाया और लाखों रुपये के आभूषण, नकदी व कीमती सामान लेकर फरार हो गए। **इलाज के लिए पटना गया हुआ था परिवारः** नरहर बिगहा निवासी नरेंद्र प्रसाद के बेटे सोनू कुमार ने बताया कि वे पिछले 15 दिनों से अपने पिता का इलाज कराने पटना में थे। 28 मई को परिवार ने उन्हें सूचना दी कि उनके घर में चोरी हो गई है। सुबह घर पहुंचने पर पता चला कि चोर मां-बहन के आभूषण, एक लाख रुपये नकद और अन्य कीमती सामान चुरा ले गए। सोनू ने बताया कि करीब 10 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति की चोरी हुई है। इस संबंध में नालंदा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। **कर्नल आशुतोष के घर में की गई सेंधमारीः** इसी गांव के राम नरेश सिंह के बेटे और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में तैनात आर्मी कर्नल आशुतोष कुमार के घर भी चोरों ने सेंध लगाई। नरेश सिंह रिटायर्ड शिक्षक हैं और उनका परिवार पिछले एक सप्ताह से दिल्ली में इलाज के लिए गया हुआ था।चोरों ने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और सात कमरों के ताले और पांच गोदरेज लॉकर तोड़कर कीमती आभूषण चुरा लिए। कर्नल के छोटे बेटे अमेरिका में रहते हैं। पुलिस फिलहाल चोरी की कुल राशि का आकलन कर रही है, जो पीड़ित परिवार के लौटने के बाद स्पष्ट होगा। 'सिलाव और नालंदा थाने की पुलिस डॉग स्क्वायड के साथ जांच में जुटी है। स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ित परिवार को सूचना दे दी गई है और राम नरेश सिंह अपने बेटों के साथ दिल्ली से लौट रहे हैं। पीड़ितों के आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।'- सुनील कुमार सिंह, राजगीर डीएसपी

## आग से झुलसकर तीन जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** वेना थाना क्षेत्र के पैठना गांव में खाना बनाने के दौरान एक ही परिवार के तीन लोग आग की चपेट में आकर झुलस गए। तीनों घायलों को इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों की पहचान शंकर पासवान की पत्नी सिंकी देवी, धर्मवीर पासवान का पुत्र भजन कुमार एवं स्व. चंद्रदेव पासवान के पुत्र सिद्धू पासवान के रूप में की गई है। प्रत्यक्षदर्शी विनीता देवी ने बताया कि वह किचेन में खाना बना रही थी। इसी बीच अचानक गैस लीक हो गया। जब मैं बाहर पानी लाने के लिए जाने लगी तो इस बीच गोतनी और देवर ने मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि इसी बीच आग भड़क गई और पूरे किचेन में फैल गया। जिसकी चपेट में आने से सिंकी देवी, सिद्धू पासवान एवं भजन कुमार झुलस गया।


# साधु कभी किसी के पाप को नहीं देखता : मुरारी बापू

### वासना के चरण पकड़ने से होती है दुर्गति, उपासना के चरण पकडने से सद्गति

### पतित, उपेक्षित और वंचित को पुन: स्थापित करना ही उद्धार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मानस नालंदा विश्वविद्यालय की सातवें दिन की संवादी बातें आरंभ करते हूए बापू ने नवनिर्मित नालंदा विश्वविद्यालय की अपनी मुलाकात की प्रसन्नता व्यक्त की और केवल दो ही शब्दों में प्रतिभाव देते हुए कहा कि भली रचना व्यासपीठ के प्रति विद्यापीठ की अदब पर बापू ने साधुवाद दिए। बापू ने कहा कि पंच महाभूत के पांचो तत्वों का पूरा लाभ इस विश्व विद्यालय ने उठाया है। मानस नालंदा के प्रमुख आर्कीटेक्ट गुजराती है, इस का उद्घाटन भी गुजरात के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया, ऐसी जगह पर त्रीभुवनी होते हुए भी गुजराती होने के नाते कथा



ज्ञान करने का आनंद बापुने जताया। नालंदा विश्वविद्यालय, पुनः एक बार अपनी गरिमा की और गति करे, ऐसी मंगल कामना बापू ने व्यक्त की। एक जिज्ञासा के समाधान में बापू ने कहा कि सत्संग से प्राप्त विवेक से आलोचना में छिपा सच और प्रशंसा में छिपे झूठ को समझा जा सकता है। किसी भी बात में जल्दी मत करना। अध्यात्म की यात्रा करनी है तो धीरज बहुत होनी चाहिए। किसी की कृपा एक क्षण में द्वार खोल दें, ये और बात है। बाकी तो अध्यात्म में धैर्य आवश्यक है। राम को भजते भजते आलोचना और प्रशंसा से बहार निकल जाओ। मेरे फ्लावर्स केवल यही कोशिश करें कि निंदा और स्तुति दोनों को समान समझने का अभ्यास करें, या दोनों से बहार निकल जाए। यदि निंदा से प्रभावित हो जाओगे, तो प्रशंसा से भी प्रभावित होगे। प्रशंसा से जुडोगे तो निंदा से भी जुड़ोगे। बापू ने कहा कि श्रोता वक्ता, गुरु शिष्य एक जुगल है-जोड़ी है। गुरु और शिष्य में द्वैत रखना ही पड़ेगा। यह अवश्यक है। राम कथा के युद्ध कांड में जोड़ी की महिमा है। मेघनाद हनुमानजी या जामवन्त से लड़ाई नहीं करते। मेघनाद लड़ा है, तो रामानुज लक्ष्मण के साथ लडा है। उस समय युद्ध में भी इमानदारी थी, नियमावली थी। रामायण के युद्ध में भी बुद्धत्व छिपा है। बापू ने कहा कि युद्ध की कथा रम्य होती है लेकिन युद्ध रम्य नहीं होता। युद्ध भीषण होता है। तुलसी दास युद्धवादी नहीं है-हिंसा के पक्ष में नहीं है, फिर भी उन्होंने युद्ध का वर्णन किया है। रामचरित मानस राम कथा का संशोधित रूप है। सभी ग्रंथों का सार दोहन करके संशोधित किया गया ग्रंथ मानस है।

# नैक ने विधि महाविद्यालय को दी उत्कृष्ट सीजीपीए और बी ग्रेडिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल ने अपने जांच रिपोर्ट के आधार पर नवादा विधि महाविद्यालय नवादा को 2.25 सीजीपीए के साथ ही बी ग्रेड प्रदान किया है। जिससे अब नवादा विधि महाविद्यालय बिहार राज्य के दूसरा बेहतर विधि महाविद्यालय के रूप में अपने को स्थापित कर लिया है। नवादा विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीएन मिश्रा ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि मगध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सूर्य प्रताप शाही, कुल सचिव तथा हमारे कॉलेज के मेंटर के रूप में काम कर रहे चाणक्य विधि महाविद्यालय पटना के डीन डॉक्टर अजय कुमार का बड़ा योगदान रहा है ।उन्होंने कहा है कि इस बेहतरी



के लिए कालेज कर्मियों के साथ ही नवादा के बुद्धिजीवियों का भी बेहतर योगदान रहा है। डॉ डी एन मिश्रा ने बताया कि भारत के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग जैसी सर्वोच्च संस्था उसी कॉलेज को अनुदान देती है। जिस कॉलेज की जांच नेशनल एसेसमेंट एंड एग्रीगेशन काउंसिल कर अपना बेहतर रिपोर्ट प्रदान करती। उन्होंने कहा कि 19 तथा 20 मई को वर्चुअल तरीके से अचानक जांच किया गया । जिसमें जांच पदाधिकारी ने नवादा विधि महाविद्यालय के भवन उपस्कर, पुस्तकालय, विधि विशेषज्ञ के जनरल, शैक्षणिक व्यवस्था के गुणवत्ता जैसे सात मामलों की जांच कर ग्रेडिंग प्रदान की। उन्होंने कहा कि तीन सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट ने उनके कॉलेज को बी ग्रेड प्रदान किया है ।उन्होंने यह भी बताया की 2.25 सीजीपीए प्रदान कर नवादा विधि महाविद्यालय को बी ग्रेड की जांच के मानक में उत्कृष्टता प्रदान किया जाना गौरव का विषय है। जिसके लिए कॉलेज के सहायक प्रो नेहा कुमारी, संतोष कुमार, डॉ मिहिर, सपना राजमणि आदि का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि दिन-रात एक कर सारे कर्मचारी तथा प्राध्यापकों ने काम किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से नामित यू आर धर्मेंद्र प्रसाद तथा शिक्षकों ने भी बेहतर योगदान किया। इस कारण आज कॉलेज इस मुकाम पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि पांच साल के लिए यह उत्कृष्ट बी ग्रेडिंग कॉलेज को प्रदान किया गया है। जो बिहार का दूसरा तथा मगध विश्व विद्यालय का प्रथम बिधि कालेज है। उन्होंने कहा कि अपने बेहतर कार्य के बल पर अगली जांच रिपोर्ट में सर्वोत्कृष्ट ए ग्रेट हासिल कर नवादा वासियो को जरूर गौरवान्वित करेंगे।

# हिंदी दिवस पत्रकारिता के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद की अध्यक्षता में हिंदी दिवस पत्रकारिता के अवसर पर संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम का आयोजन पेंशनर भवन नारदीगंज में हुआ। समाज सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा हिंदी विश्व की चौथी शीर्ष पर की समुन्नत व विकसित भाषा है।जो सम्पूर्ण विश्व को एक स्नेह सूत्र में बांधती है। इसलिए हिंदी में पत्रकारिता करना एक अहम विषय है। विश्व स्तरीय घटनाओं की जानकारी प्राप्त करके हिंदी में समाचार निर्मित करना एक बड़ी उत्तरदायित्व की भूमिका है।हिंदी विषय में पत्रकारिता 2023 से प्रारंभ हुआ है, जहां अंग्रेजी की अहमियत रही है, वहां पर हिंदी के पत्रकारगण घटनाओं की सूचना हिंदी विषय में दे रहे हैं।इस दिवस पर हिंदी विद्वान भी सम्मिलित होकर हिंदी विषय की पत्रकारिता को प्रोत्साहित कर रहे हैं। हिंदी से सम्बंधित पत्रकारों को विशेष प्रशिक्षण देने की सुविधा मिलनी चाहिये ताकि समुचित ढंग से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर हिंदी में पत्रकारिता करके राष्ट्र को मुख्यधारा में जोड़ा जाय।हिंदी पत्रकारों को सरकारी सुविधाओं भी सरकार के द्वारा दी जानी चाहिए, ताकि सुरक्षित व स्वस्थ होकर पत्रकारिता कर सके। इस अवसर पेंशनर समाज ने पत्रकारों को समुचित सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग सरकार से की है।

# चोरी करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** आरपीएफ उप निरीक्षक ललन कुमार सिंह, सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार सिंह, प्रधान आरक्षी संजय कुमार किऊल स्टेशन एरिया में गश्ती कर रहे थे। इस दौरान अपराधियों पर निगरानी व ट्रेनों की पासिंग के दौरान गाड़ी संख्या 63324 डाउन गया- किऊल मेमू से एक व्यक्ति को तेजी से उतर कर प्लेटफार्म संख्या चार की तरफ भागते तथा यात्रियों द्वारा चिल्लाते देख गश्ती दल सदस्यों की मदद से पकड़ा गया। जिससे पूछताछ की गयी तो उसकी पहचान नवादा जिला के मिर्जापुर निवासी स्व. बबलू सिंह का 19 वर्षीय पुत्र राजा कुमार के रूप में की गयी तथा उसके कब्जे से दो चोरी का स्मार्टफोन बरामद हुआ। आरपीएफ उप निरीक्षक ललन कुमार सिंह बताया कि पुछताछ के क्रम में गिरफ्तार राजा कुमार ने बताया कि यह मोबाइल गाड़ी संख्या 63324 गया-किऊल मेमू से दो यात्री का आज चोरी की है। अजय कुमार सिंह सहायक उपनिरीक्षक किऊल के द्वारा लिखित शिकायत के आधार पर जीआरपी किऊल में कांड पंजीकृत कराया गया। बरामदा समान की कीमत लगभग 40 हजार है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत किसानों को किया जागरूक

### किसानों को आधुनिक तकनीक और बीजों के किस्म से कराया अवगत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार के नेतृत्व में आईसीएआर के वैज्ञानिकों के द्वारा रजौली के तीन गांव में अभियान चलाकर किसानों को जागरूक किया गया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डॉ अविनाश कुमार ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रजौली प्रखंड के अमावां, रजौली पूर्वी पंचायत के नीमाटांड़ और जोगियामारन के शिवपुर में किसानों के बीच अभियान चलाकर किसानों को जागरूक किया गया।



किसानों को केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई साथ ही खरीफ फसल के बीज के प्रकार के बारे में बताया गया। वर्तमान परिवेश में किसानों को आधुनिक तकनीक और बीजों के किस्म से अवगत कराया गया। ड्रोन के माध्यम से किसानों को खेतों में लगे फसल पर दवा छिड़काव के बारे में बताया गया है। मौके पर आईसीएआर पटना के सीनियर वैज्ञानिक डॉ अनिर्बन मुखर्जी, सहायक निदेशक प्रशांत कुमार, प्रभारी बीएओ धनंजय कुमार, नवनियुक्त बीएओ चंदन बागची, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार रंजन, सहायक तकनीकी प्रबंधक अंशिका, पूजा कुमारी, प्रखंड समन्वयक राजेश रंजन, गणेश शंकर, रामाशंकर, रणधीर राम, नरेंद्र पाल, शंभू कुमार, किसान सलाहकार विजय प्रसाद, राजीव कुमार, मनोज कुमार, राजेश कुमार, गोपाल कृष्ण के साथ दर्जनों किसान उपस्थित थे।

# होमगार्ड बहाली की प्रक्रिया में तेजी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिले में गृहरक्षकों के स्वच्छ नामांकन हेतु 30 मई 2025 को शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा के लिए कुल 1400 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किए गए थे, जिनमें से 958 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में सक्रिय रूप से भाग लिया। शारीरिक दक्षता परीक्षण के प्रथम चरण में 1600 मीटर की दौड़ आयोजित की गई, जिसमें कुल 538 अभ्यर्थी सफल घोषित किए गए। इन अभ्यर्थियों की तत्पश्चात ऊँचाई एवं सीना की माप की गई, जिसमें से 94 अभ्यर्थी निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरने के कारण असफल घोषित किए गए। फलस्वरूप, कुल 444 अभ्यर्थियों ने ऊंची कूद, लंबी कूद एवं गोला फेंक जैसे अन्य शारीरिक परीक्षणों में भाग लिया। इसके उपरांत आयोजित चिकित्सकीय परीक्षण में 30 अभ्यर्थी अनफिट पाए गए, जबकि शेष 414 अभ्यर्थी चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित किए गए। इस प्रकार कुल 414 अभ्यर्थियों को दैनिक रूप से सफल घोषित किया गया है। उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण नवादा के जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा किया गया। उन्होंने समस्त प्रक्रिया की पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं अनुशासन बनाए रखने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# जनता दरबार में आम जनों की समस्याओं का समाधान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में कई आमजन की समस्याओं का ऑन स्पॉट समाधान किया गया। जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य और राजस्व संबंधित अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। रवि प्रकाश ने सभी मामलों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। आज की जनता दरबार में कुल 42 आवेदन आए।

जिलाधिकारी द्वारा कुछ आवेदनों का संबंधित पदाधिकारी से बात कर ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया एवं अन्य आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी के पास निपटारे के लिए भेज दिया गया। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निपटारा सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आम लोगों की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका



उद्देश्य जन समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से करना है। जिला प्रशासन आम जनता से अपील करता है कि वे अपनी समस्याओं के समाधान हेतु प्रत्येक शुक्रवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में भाग लें और इसका लाभ उठाएं। जनता दरबार में गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डॉ. राजकुमार सिंहा, निदेशक डीआरडीए धीरज कुमार के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बुनियाद केंद्र रजौली में 59 लोगों की हुई नेत्र जांच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** शुक्रवार को बुनियाद केंद्र रजौली में नेत्र सहायक सुमन सौरव के द्वारा प्रखंड क्षेत्र से आए हुए 59 मरीजों का नेत्र जांच किया गया। बुनियाद केंद्र के केंद्र प्रबंधक प्रेम शंकर प्रसाद ने बताया कि रजौली प्रखंड क्षेत्र के धमनी, बहादुरपुर, सिरोडाबर, जोगियामारन,



अंधरवारी पंचायत के दर्जनों गांवों से कुल 59 मरीज बुनियाद केंद्र रजौली पहुंचे थे। बुनियाद केंद्र पहुंचे सभी मरीजों का नेत्र सहायक सुमन सौरव के द्वारा नेत्र जांच किया गया। नेत्र जांच करने के बाद मरीजों को आवश्यक परामर्श भी दिया गया। साथ ही 34 लोगों को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया एवं 7 मरीजों को मोतियाबिंद होने के कारण उसे सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया गया। शेष बचे 18 लोगों को आज शनिवार को रजौली प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में लगने वाले अंबेडकर समग्र शिविर में चश्मा का वितरण किया जाएगा। केंद्र प्रबंधक ने कहा कि 50 वर्ष पूर्ण कर चुके महिला-पुरुषों को बुनियाद केंद्र रजौली में नेत्र जांच कर निःशुल्क चश्मा वितरण किया जाता है। चश्मा लेने के लिए मरीजों के पास आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और दो पासपोर्ट साइज फोटो होना आवश्यक है। केंद्र प्रबंधक ने प्रखंड क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि 50 वर्ष पूर्ण कर चुके महिला-पुरुष नेत्र जांच करवाने के लिए बुनियाद केंद्र पहुंचे। उन्हें नेत्र जांच कर चश्मा दिया जाएगा।


**Govt. of Bihar**

**Office of The Superintending Engineer**
**Rural Works Department**
**Works Circle, Aurangabad**

**EXPRESSION OF INTEREST-CUM-REQUEST FOR QUOTE FOR EMPANELMENT OF SUPPLY AGENCIES**

**Notice No. RWD/FDR/AURANGABAD /01/2025-26**

Superintending Engineer, RWD, Works Circle, **Aurangabad** on behalf of The Honourable Governor of Bihar invites from eligible agencies/suppliers who are registered in any state/central department but he has to get registration in Rural Works Department, Govt. of Bihar before agreement for empanelment. to indicate their interest in supplying the below mentioned items required for emergent repair and restoration of rural roads affected by heavy rains/ floods for RWD Works Division i.e RWD Works Division, **Aurangabad** / RWD Works Division, **Daudnagar**/ RWD Works Division, **Arwal**/ RWD Works Division, **Jahanabad**

The procurement will be carried out through two bid system (First envelope for technical and second envelope for financial bid).

Financial bid envelope

| |
|---|
| **I. Material** |
| **II. LABOUR** |
| **III. TOOLS, PLANTS& MACHINERIES WITH DRIVER& FUEL** |

Further information can be obtained from Office of The Superintending Engineer, RWD,Works Circle, **Aurangabad** during Office hours i.e. **10:00 to 16:00** hours from **05.06.2025 to 12.06.2025** or on Mobile No. **8986915211**

This can also be viewed on website **http://prdbihar.gov.in .**

Expression of interest-cum- request for quote must be delivered in an envelope comprising two separate envelope (Envelope 1 as a technical and envelope 2 as financial bid) to the address below (in person or by registered post) by dated **13.06.2025 by 3:00** PM in the **Office ofThe Executive Engineer,** RWD Works Division, **Aurangabad**/ RWD Works Division, **Daudnagar** / RWD Works Division, **Arwal/** RWD Works Division, **Jahanabad**. Or office of The Superintending Engineer, RWD,Works Circle, **Aurangabad.** And Quotation Opening Dated **13.06.2025 by 03:30 PM**

The quoted rate envelop will be opened only of those bidders who will meet the minimum criteria in the technical part.

All qualified bidders will be empanelled for the specific or for all material/ tools/ plants/ machineries on the basis rate accepted by the qualified bidder.

All qualified bidders have to be entered into an agreement with concerned executive engineers with all terms and conditions with the security deposit in the form of fixed deposit receipt duly issued from any commercial scheduled bank, branch situated in Bihar amount of 1,00,000/- (Rupees One Lakh). duly pledged in favour of Executive Engineer of concerned RWD Works Division

All materials, labour, tools, plants and machineries have to be supplied as per specification and direction of engineer in charge and all payments will be done as per financial rules and availability of Fund.

This EOI does not entail any commitment on the part of under-signee, either financial or otherwise.

Under-signee reserves the right to accept or reject any or all proposal without any information.

For further details please visit website **state.bihar.gov.in/prdbihar**

**PR- 04875 ( R W D ) 2025-26**

**Superintending Engineer**
**RWD,Works Circle, Aurangabad**

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# जनता दरबार स्थगित रहने के बाद भी डीएम ने सुनीं सौ से अधिक समस्याएं

## पदाधिकारियों को जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शुक्रवार को आयोजित जिला पदाधिकारी का जनता दरबार स्थगित रहने के बाद भी समाहरणालय में अनेकों आवेदक आने की सूचना पर जिला पदाधिकारी स्वयं समाहरणालय पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुना। जिला पदाधिकारी गया डॉ. त्यागराजन एसएम ने लगभग 100 से अधिक व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। आवेदकों के कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले की जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास / मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त/ डीआरडीए को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु अग्रेतर कार्य करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कतें आदि से संबंधित आवेदन दिए। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी तथा थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए। जनता दरबार में जमीन से संबंधित अत्यधिक मामले को देखते हुए जिला पदाधिकारी ने आए आवेदनों को सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता को निर्देश दिया कि अच्छे तरीके से आए आवेदनों को जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमानुसार उचित कार्रवाई करने हेतु आदेशित करें। इसके साथ ही प्राप्त कई आवेदनों के विरुद्ध वरीय पदाधिकारी नामित कर जांच हेतु निर्देशित किया है। साथ ही जांच पदाधिकारी को निर्देश दिया है कि प्राप्त आवेदन को अधिकतम 7 दिनों में जांच करते हुए दोषी कर्मी/ पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई हेतु प्रेषित करे। जनता दरबार में कई व्यक्ति परिमार्जन के संबंध में आवेदन दिए जिस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं राजस्व पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिया कि परिमार्जन हेतु लंबित आवेदनों को तेजी से निष्पादन करें। जनता दरबार में जमीन से संबंधित आये मामलों में डीएम ने सभी अंचलाधिकारी को कहा कि ये आम जनता ज्यादातर गांव के ही होते हैं और किसान होते है, इन्हें सरकारी कागजी प्रक्रिया के बारे में हर तरह से मदद करे। जरूरत पड़े तो ग्रामीणों की जो उनकी समस्या है, उसके आलोक में उन्हें आवेदन लिखवाने में मदद करे, किसी को बेवजह दौड़ना न पड़े इसका पूरा ख्याल रखें। जनता दरबार मे मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना संबंधित वंचित आवेदक आये देख डीएम ने अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिया है कि आवेदनों को जांच करते हुए पात्रता रखने वाले आवेदकों को मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ योजना का लाभ दिलवाए।

# स्मार्ट कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों ने नई संभावनों को जन्म दिया

## जिलाधिकारी ने किया नवनिर्मित प्रयोगशाला का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** राजकीय पोलिटेकनिक, गया में जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस0एम0 द्वारा विभिन्न नवनिर्मित प्रयोगशाला का उद्घाटन प्रातः 11:30 बजे किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य डॉ0 हिरण कुमार सिंह ने गुलदस्ता भेट कर उनका अभिवादन किया। जिला पदाधिकारी द्वारा संस्थान में विभिन्न नवनिर्मित प्रयोगशाला का भ्रमण किया गया। प्रो0 अभिमन्यु कुमार द्वारा बताया गया कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के अन्तर्गत एलओटी लैब स्थापना आईआई टी पटना के सहयोग से संस्थान में अधिष्ठापित किया गया। इस अत्याधुनिक लैब का उद्देश्य एलओटी तकनीकों - के विकास और अनुसंधान को बढ़ावा देना है जिससे स्मार्ट शहर, स्मार्ट कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में नई संभावनों को जन्म दिया जा सके। इस लैब में अत्याधुनिक सेंसर, कनेक्टविटी तकनीक उपकरण लगे हुए हैं जो विभिन्न उद्योगों में एलओटी के अनुप्रयोगों को परखने और विकसित करने में मदद करेंगे। हमारी यह एलओटी लैब तकनीकी नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे भारत में डिजिटल युग को और मजबूती मिलेगी। लैब का उद्देश्य न केवल तकनीकी नवाचार लाना है, बल्कि छात्रों और उद्योग विशेषज्ञों को एक ऐसा मंच प्रदान करना भी है, जहां वहां मिलकर काम कर सकें। प्रयोगशाला के उद्घाटन के साथ-साथ संस्थान के नवनिर्मित डिजिटल लाईब्रेरी, सह रीडिंग रूम एवं बास्केटबॉल कोर्ट का भी उद्घाटन किया गया। डिजिटल लाईब्रेरी के संयोजक डॉ0 मीनाक्षी ने बताया कि छात्र-छात्रा डिजिटल लाईब्रेरी में पाठ्यक्रम से संबंधित ऑन-लाईन संसाधन का लाभ उठा सकेंगे। प्राचार्य डॉ0 हिरण कुमार सिंह ने बताया कि संस्थान में अवस्थित इन प्रयोगशालाओं से छात्र-छात्राओं को नवीनतम तकनीकी का ज्ञान प्राप्त होगा एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा भी मिलेगी।

# मिर्जा गालिब कॉलेज को बुलंदियों तक पहुंचाने वाले शबी समसी बने प्रेरणास्त्रोत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गयाजी ।** मिर्जा गालिब कॉलेज के सचिव शबी समसी ने अपने कार्यकाल में जिस कुशल नेतृत्व, दूरदर्शिता और समर्पण का परिचय दिया है, उसने न केवल कॉलेज को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया, बल्कि पूरे अल्पसंख्यक समाज के लिए वे एक प्रेरणा स्त्रोत के रूप में स्थापित हुए हैं। शबी समसी के सचिव रहते कॉलेज में आधुनिक अधोसंरचना का विकास हुआ जिसमें स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालयों का डिजिटलीकरण, विज्ञान प्रयोगशालाओं का विस्तार और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की शुरुआत शामिल है। छात्रों की बढ़ती शैक्षणिक उपलब्धियां और प्रतियोगी परीक्षाओं में उनका उत्कृष्ट प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि श्री समसी का कार्यकाल अत्यंत प्रभावशाली रहा है। कॉलेज की छवि को सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्होंने समाज के कमजोर तबकों की शिक्षा तक पहुंच सुनिश्चित की। छात्रवृत्ति योजनाओं को मजबूत करते हुए उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए विशेष सहायता उपलब्ध कराई और शिक्षा में समान अवसरों को प्राथमिकता दी। शबी समसी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए डॉ. जाकिर खान (अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल), डॉ. शमशाद आलम (प्रिंसिपल, युनानी मेडिकल कॉलेज) और भाजपा नेता लाल बाबू सिद्दीकी ने कहा कि श्री समसी ने न केवल मिर्जा गालिब कॉलेज का मान बढ़ाया, बल्कि अल्पसंख्यक समाज के युवाओं को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का भी सफल प्रयास किया है। उनकी ईमानदारी, समर्पण और शिक्षा के प्रति जुनून को समाज ने सर आंखों पर बैठाया है। उनकी कार्यशैली यह सिद्ध करती है कि एक दूरदर्शी प्रशासक संस्था को सफलता की ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। आज मिर्जा गालिब कॉलेज एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान के रूप में अपनी पहचान बना चुका है और इसका श्रेय शबी समसी के अथक परिश्रम और नेतृत्व को जाता है।

# मारपीट की घटना में मामला दर्ज, 4 आरोपित बने

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के तरारी टोला गोपालपुर में मारपीट की घटना के बाद पुलिस ने फर्द बयान के आधार पर शुक्रवार को मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले में 4 लोगों को आरोपी बनाया गया है। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना के बाद पीड़ित महिला नगीना देवी पति गया यादव ने फर्द बयान दिया था जिसके आधार पर कांड संख्या 297/25 दर्ज किया गया है जिसमें ओम प्रकाश यादव, नरेश यादव, शरीफा देवी एवं पिंकी कुमारी को आरोपी बनाया गया है।

# प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने को लेकर चलाया जा रहा जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2025 को प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने और एकल उपयोग प्लास्टिक से राज्य को मुक्त करने का अभियान 22 मई से 5 जून तक चलाया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के तत्वावधान में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गया वन प्रमंडल के शेरघाटी वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत प्लास्टिक मुक्त अभियान कार्यक्रम का आयोजन वन प्रमंडल पदाधिकारी गया शशिकांत कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर वनों के क्षेत्र पदधिकारीप्रियंका श्यामल, वनपाल, वनरक्षी एवं अन्य कर्मियों की उपस्थिति में शेरघाटी वन प्रक्षेत्र में प्रभातफेरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उच्च माध्यमिक विद्यालय महुआवां के शिक्षक और विद्यार्थी विशेष रूप से आमंत्रित किए गए थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के महत्व, एकल उपयोग प्लास्टिक का उपयोग बंद करने के उपायों के प्रति जागरूक करना था। वन प्रमंडल पदाधिकारी ने कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण से संबंधित ऐतिहासिक और वैज्ञानिक तथ्यों पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा इस वर्ष के पर्यावरण दिवस के थीम को भी बताया गया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को एवं महिलाओं को संरक्षण के सरल और प्रभावी उपायों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में आसपास की जीविका दीदियों एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं आसपास के पंचायतो में जागरूकता अभियान के दौरान प्रभातफेरी में भाग लिया।

# अदालत के माध्यम से बिजली, पानी, बीमा, टेलीफोन से संबंधित विवादों का करा सकते हैं निस्तारण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया के अंतर्गत स्थापित स्थाई लोक अदालत (लोक उपयोगिता सेवा) गया में बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के द्वारा जारी अधिसूचना के आलोक में अध्यक्ष के रूप में लोलार्क दुबे (सेवानिवृत्ति प्रधान न्यायाधीश) एवं अन्य सदस्य के रूप में अनिल आशुतोष एवं राजेश चंद्रा ने योगदान देकर पदभार ग्रहण किया तथा तत्पश्चात अध्यक्ष ने गया जिला के आमजन से अपील की है कि इस अदालत के माध्यम से बिजली, पानी, बीमा, डाक, टेलीफोन एवं अन्य जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों का निस्तारण करा सकते हैं। इस बात की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अरविंद कुमार दास ने बताया कि वर्ष 2021 से यह सुविधा बंद हो गई थी। यह सुविधा चालू हो गई है इसका लाभ उठाएं।

# पोषण भी पढ़ाई भी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन, सेविकाओं ने साझा किए अनुभव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** प्रखंड कार्यालय सभागार भवन में 'पोषण भी, पढ़ाई भी' कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं का 3 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ।

उक्त दौरान प्रारंभिक शिक्षा व पोषण पर केंद्रित है इसके लिए तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय आंगनबाड़ी सेविकाओं का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों की देखभाल, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण सत्र का संचालन प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक अर्चना कुमारी के द्वारा किया गया। उन्होंने सेविकाओं को प्रारंभिक बाल्यावस्था की ग्रहणशीलता, नवचेतना गतिविधियां (0-3 वर्ष के लिए) और आधारशिला गतिविधियां (3-6 वर्ष के लिए) की जानकारी दी गई। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के द्वारा निर्मित नवचेतना गतिविधि विडियो और आधारशिला गतिविधि विडियो प्रस्तुति व अभ्यास के माध्यम से सेविकाओं को इन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने का प्रशिक्षण दिया गया। माता समूह और बच्चों की देखभाल पर आधारित गतिविधि पर चर्चा और अभ्यास कराया गया। सेविका खेल-खेल में कई गतिविधि का अभ्यास भी की। सभी सेविका को नवचेतना और आधारशिला का गतिविधि मार्गदर्शिका पुस्तिका दी गई।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर एमयू में संगोष्ठी आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बोधगया।** एमयू पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शुक्रवार को हिन्दी पत्रकारिता दिवस के उपलक्ष्य में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और हिन्दी पत्रकारिता के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर एमयू पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्रभारी प्रो. ब्रजेश कुमार राय ने पिछले पचास वर्षों में हिन्दी प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विकास का तुलनात्मक चित्र प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि प्रिंट मीडिया गम्भीर होने के साथ ही एक पाठक की स्थायी संपत्ति हो सकती है, लेकिन इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में ऐसा दुर्लभ है। उन्होंने हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार में पत्रकारिता की महती भूमिका को रेखांकित किया गया है। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद वरिष्ठ पत्रकार विनय मिश्र ने अखबारों के विभिन्न पृष्ठों का विस्तृत विवरण श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय, स्थानीय, आर्थिकी, खेल, विज्ञान और तकनीक, अध्यात्म, साहित्य आदि विभिन्न प्रकार के पृष्ठों और स्तम्भों का उल्लेख कर उन्होंने श्रोताओं से अनुरोध किया कि वे संपादकीय पृष्ठ अवश्य पढ़ें। इससे उनकी भाषा और ज्ञान में बढ़ोत्तरी होगी। पत्रकारिता विभाग के समन्वयक डॉ. परम प्रकाश राय ने बताया कि 'बंगाल गजट' से आधे अधूरे रूप में शुरू हुई हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा 'उदन्त मार्तंड' और 'भारतेंदु मैगजीन' से होते हुए सोशल मीडिया तक आ पहुंची है।

# बाढ़ के मंदिर में किशोरी के घुसने से रोकने पर झड़प, तीन जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बाढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहम्मदपुर गांव में कथित तौर पर महिलाओं पर लगाए गए सार्वजनिक प्रतिबंध के बावजूद किशोरी के मंदिर में प्रवेश करने पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई जिसमें कई लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान पर केस दर्ज कर लिया है। इस संबंध में एक पक्ष का कहना है कि मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को वर्जित किया गया था। इसी बीच किशोरी पूजा करने के लिए गई थी। उसे रोकने का प्रयास किया गया। इसके बाद बात बढ़ गई। इस मामले में विवाद बढ़ गया और रॉड से हमला कर दिया गया जिसमें महिला सहित दो लोग जख्मी हो गये। उन्हें इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरे पक्ष का कहना है कि उसकी बहन मंदिर में प्रसाद चढाने गई थी जिसे रोक दिया गया। उसके साथ बदसलूकी की गई। विरोध करने पर मारपीट कर दी गई। इस मामले को लेकर दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा हुआ। पुलिस ने मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है। हालांकि दोनों पक्षों के बीच अभी तनाव बना हुआ है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि केस दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल की जा रही है।

# बाल विकास परियोजना के तहत तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के सभागार भवन में बाल विकास परियोजना के तहत पोषण और पढ़ाई को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने भाग लिया और पोषण और शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ कंचन माला ने पोषण और शिक्षा के महत्व पर चर्चा की और आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को बच्चों के विकास में अपनी भूमिका के बारे में जागरूक किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को बच्चों के पोषण और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए सक्षम बनाना था। कार्यक्रम के अंत में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने अपने अनुभव साझा किए और प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आयोजकों को धन्यवाद दिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को अपने काम में सुधार करने में मदद मिलेगी और बच्चों के विकास में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। मौके पर पर्यवेक्षक मीणा देवी, ममता देवी, अनुपमा, अर्चना कुमारी, नागमणि, पुष्पलता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बीएसआरटीसी ने गयाजी से सीयूएसबी कैंपस के लिए महिला बस सेवा की शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय की छात्राओं का गयाजी शहर से विश्वविद्यालय परिसर सुगम एवं सुरक्षित आवागमन के लिए बिहार स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (बीएसआरटीसी) ने विशेष पहल करते हुए पिंक बस सुविधा शुरू कर दी है। सीयूएसबी परिसर - गयाजी महिला बस सेवा का औपचारिक शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह ने प्रशासनिक भवन से हरी झंडी दिखा कर किया। इस अवसर पर कुलपति के साथ गया डिस्ट्रिक्ट ट्रांसपोर्ट ऑफिसर (डीटीओ) राजेश कुमार, बीएसआरटीसी के रीजनल मैनेजर अशोक कुमार सिंह, सीयूएसबी के कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा, उपकुलसचिव प्रतिश कुमार दास, सहायक कुलसचिव शशि रंजन, पीआरओ मोहम्मद मुदस्सीर आलम, सुरक्षा अधिकारी सुनील प्रताप, प्रॉक्टोरियल बोर्ड के सदस्य एवं अन्य प्राध्यापक, अधिकारीगण, कर्मचारी एवं छात्राएं मौजूद थे। कुलपति प्रो के. एन. सिंह ने अपने संबोधन में बिहार सरकार द्वारा विश्वविद्यालय के लिए विशेष बस सुविधा शुरू करने पर आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि सरकार के बीएसआरटीसी कंपनी द्वारा संचालित पिंक बस सेवा से विश्वविद्यालय की छात्राओं को रोजाना की भीड़-भाड़ से निजात मिलेगी। सीयूएसबी की छात्राएं इस बस में आरामदायक सफर करने के साथ-साथ अपने को सुरक्षित महसूस करेंगी जिसके लिए मैं समस्त विश्वविद्यालय परिवार की ओर से बिहार सरकार को धन्यवाद देता हूं। पिंक बस की विशेषताओं को साझा करते हुए जन सम्पर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सीएनजी से संचालित पर्यावरण-अनुकूल बस में आरामदायक सीटों के साथ, जीपीएस ट्रैकिंग, पैनिक बटन, सीसीटीवी कैमरा, फर्स्ट एड बाक्स आदि की सुविधा उपलब्ध है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना

1. ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU/F2-01 /2025-26

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईया में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 2. | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईया के परिहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 3 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत रतनपुर के ग्राम बाघमारी के आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 4 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत रतनपुर के ग्राम आराघा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 5 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत केकरगढ़ के ग्राम मांतग परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 6 | पलामू जिला प्रखंड सतबरवा के पंचायत रबदा के ग्राम फुलवरिया में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 7. | पलामू जिला प्रखंड सतबरवा के पंचायत रबदा के ग्राम सलईया में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 8 | पलामू जिला प्रखंड नावा बाजार के पंचायत कण्डा के ग्राम कोरटा के कोकरसा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 9 | पलामू जिला प्रखंड उंटारी रोड के पंचायत लुम्बा सतबहिनी के ग्राम गवरलेटवा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 10 | पलामू जिला प्रखंड विश्रामपुर के पंचायत घासीदाग के ग्राम धतर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 11 | पलामू जिला प्रखंड प्रखंड नावा बाजार के पंचायत सिंजो के ग्राम मगही पिपरहवा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 12 | पलामू जिला प्रखंड पाण्डू के पंचायत सिलदिली के ग्राम बरवाही में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 13 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत बसरिया कला के ग्राम कुई में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 14 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर में पंचायत बसरिया कला के ग्राम खैरहा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 15 | पलामू जिला के प्रखंड रामगढ़ के पंचायत बांसडीह खुर्द के ग्राम असनदहा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 16 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत करसो के ग्राम कोरवा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 17 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत करसो के ग्राम लम्बाईया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 18 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत करसो के ग्राम पचलेवा कोरवा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 19 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत कंकारी के ग्राम अजलहुआ असुर टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 20 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत सेमरा के ग्राम बलहिया, परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 21 | पलामू जिला के प्रखंड चैनपुर के पंचायत बोड़ी के ग्राम चटान टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 22 | पलामू जिला के प्रखंड हुसैनाबाद के पंचायत महुडण्ड के ग्राम लोहबन्धा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 23 | पलामू जिला के प्रखंड हुसैनाबाद के पंचायत महुडण्ड के गाम खुरदाग परकिहया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 24 | पलामू जिला के प्रखंड हुसैनाबाद के पंचायत महुडण्ड के ग्राम प्रतापपुर बैगा टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 25 | पलामू जिला के प्रखंड हुसैनाबाद के पंचायत महुडण्ड के ग्राम लपसेरा, परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 26 | पलामू जिला के प्रखंड हुसैनाबाद के पंचायत महुडण्ड के ग्राम पोखराहा, परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 27 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम बसंतपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 28 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम पिपरी में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 29 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम रजडेरवा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 30 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत चिरू के ग्राम टोला भलुही में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 31 | पलामू जिला के प्रखंड विश्रामपुर के पंचायत घासीदाग के ग्राम धतर धतर घासीदाग –04 में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 32 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होटाई परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 33 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईया लावाबार में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 34 | पलामू जिला के प्रखंड मेदिनीनगर के पंचायत कौड़ीया के ग्राम चुकरू, परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 35 | पलामू जिला के प्रखंड रामगढ़ के पंचायत नावाडीह के ग्राम सरइडा, कोरवा, सरइडा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.06.2026 (2:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.06.2025 (अपराह्न 2:00 बजे से दिनांक 14.06..2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 16.06.2025 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये बेवसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,पलामू

PR 353887 District(25-26).D

संपादकीय

## तमन्ना पर यू- टर्न ?

इस देश में किसी भी मुद्दे पर राजनीति हो सकती है फिर वह चाहे साबुन का ब्रांड ही क्यों न हो। क्षेत्रीय अस्मिता और भाषा का मुद्दा इतना हावी हो चुका है कि इससे बाहर जाकर राष्ट्रहित में कोई निर्णय लेना आफत को न्यौता देने जैसा है और ये हालात बनाने के लिए भी राजनीतिक दल और उनके क्षुद्र स्वार्थ ही जिम्मेदार है। ताजा मामला कर्नाटक का है। वहां सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी केएसडीएल सरकारी स्वामित्व वाली केएसडीएल द्वारा निर्मित मैसूर संदल साबुन की ब्रांड एंबेसडर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया को बनाने पर बवाल खड़ा हो गया है। सरकार के इस फैसले का बचाव करते हुए कर्नाटक के उद्योग मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि यह व्यापारिक विवेक का मामला है, कन्नड़ पहचान से जुड़ा मामला नहीं। केएसडीएल ने 'बाहुबली' फेम तमन्ना भाटिया को 2 साल के लिए 6.2 करोड़ रू. में अपने साबुन का ब्रांड एंबेसेडर बनाया है। तमन्ना भाटिया मुंबई से हैं तथा हिंदी के साथ साथ तमिल और तेलुगू फिल्मों का जाना माना चेहरा हैं। उनके 28 मिलियन यानी 2.8 करोड़ इंस्टाग्राम फॉलोअर्स हैं। यह एक पैन-इंडिया अपील है। मंत्री पाटिल के अनुसार क्योंकि मैसूर सैंडल (साबुन) केवल कर्नाटक में नहीं बिकता। अगर सिर्फ कर्नाटक में यह बिकता, तो हम यहीं की किसी अभिनेत्री को ब्रांड एम्बेसेडर बनाते। मैसूर सैंडल साबुन का 18 प्रतिशत कर्नाटक में बिकता है और बाकी 82 प्रतिशत दक्षिण भारत के अन्य राज्यों में। अब इसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाना है। भविष्य हमें हॉलीवुड अभिनेत्री को भी लेना पड़ सकता है। लेकिन मंत्रीजी के इन तर्कों से ज्यादातर लोग सहमत नहीं है। मामला अब स्थानीय बनाम बाहरी का मोड़ ले रहा है। प्रो-कन्नड़ समर्थकों ने कन्नड़ अभिनेत्रियों की तस्वीरें पोस्ट कीं ताकि सरकार पर फैसला बदलने का दबाव बनाया जा सके। वैसे दिलचस्प यह भी है कि कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री को 'सैंडलवुड' कहा जाता है। कन्नड़ एक्टर और एक्टिविस्ट चेतन कुमार अहिंसा ने एक्स पर लिखा-विवाद के बीच, कर्नाटक सरकार को तमन्ना भाटिया को किसी ऐसे व्यक्ति या समूह से बदलना चाहिए जो राज्य की संस्कृति से जुड़ा हो और मैसूर सेंडल सोप की पहुंच भी बढ़ाए। वहां सरकार के इस फैसले के खिलाफ प्रदर्शन भी हुए। गौरतलब है कि मैसूर में सरकारी चंदन तेल फैक्ट्री की स्थापना 1916 में मैसूर के तत्कालीन महाराजा नलवाड़ी कृष्ण राजा वाडियार और दीवान सर एम. विश्वेश्वरैया ने की थी। महाराजा इसे पूरे देश में लोकप्रिय बनाना चाहते थे। इसलिए इसे उच्च गुणवत्ता वाला और स्वास्थ्य मानकों के लिए हिसाब से बनाया गया था। लेकिन अब यह राजनीति का मुद्दा भी बन गया है। पूर्ववर्ती मैसूर राजघराने के उत्तराधिकारी और मैसूरु-कोडागु से बीजेपी सांसद यदुवीर वाडियार ने भी कर्नाटक सरकार के फैसले को 'बेहद गैर-जिम्मेदाराना और असंवेदनशील' बताया। उन्होंने कहा कि मैसूर सैंडल साबुन सिर्फ एक उत्पाद नहीं है; यह हमारी सांस्कृतिक पहचान और घरेलू विरासत का हिस्सा है। पूछा जा रहा है कि क्या कर्नाटक सरकार को एक भी ऐसी कन्नड़ अभिनेत्री नहीं मिली, जिसे इस साबुन का ब्रांड एंबेसेडर बनाया जा सके। वैसे मंत्री पाटिल ने खुद माना कि पूरी जांच के बाद यह फैसला लिया गया और इसमें रश्मिका मंदाना, दीपिका पादुकोण, कियारा आडवाणी जैसी कई अभिनेत्रियों पर भी विचार किया गया था। कंपनी का लक्ष्य है कि वह 2030 तक 5000 करोड़ रुपये का टर्नओवर हासिल करे, जो कि 2024-25 में 1785.99 करोड़ रुपये है। अब मुद्दा यह है कि पिछले कर्नाटक विस चुनाव में कांग्रेस ने राज्य के 'नंदिनी' दूध ब्रांड को साइड लाइन कर गुजरात के अमूल को लोकप्रिय बनाने की कोशिशों के लिए तत्कालीन भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया था। क्या अब सिद्धारमैया सरकार की नीति ने यू टर्न ले लिया है?

# जरूरी है परमाणु जवाबदेही बाधाओं से मुक्ति

**पहलगाम हमले के बदले में चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले कानूनों में संशोधन पर विचार कर रही हैं। अंदाजा है कि आगामी मानसून सत्र में परमाणु क्षति के लिए अस्तित्व में लाए गए नागरिक दायित्व अधिनियम (सीएलएनडीए) 2010 में दो महत्वपूर्ण संशोधन सरकार कर सकती है। इन दो संशोधनों को बड़े सुधारों के रूप में देखा जा रहा है। इस संशोधन के तहत परमाणु संयंत्रों को उपकरण सप्लाई करने वाली कंपनियों की जिम्मेदारी सीमित की जा सकती है। मसलन यदि कोई दुर्घटना होती है तो उनकी जिम्मेदारी अनुबंध की मूल राशि और एक निर्धारित समय तक ही सीमित रहेगी। इस परिप्रेक्ष्य में बतौर उदाहरण विदेशी कंपनी जैसे जीई-हिताची वेस्टिंग हाउस को इस कानून के कारण निवेश में हिचक होती रही है। दूसरा संशोधन परमाणु ऊर्जा अधिनियम 1962 में प्रस्तावित है। यह कानून फिलहाल केवल सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों को ही परमाणु संयंत्र चलाने की अनुमति देता है। इसे संशोधित किया जाता है तो निजी कंपनियों को भी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के संचालन की अनुमति मिल सकती है। इस परिवर्तन से विदेशी कंपनियों के लिए भविष्य के परमाणु प्रोजेक्ट में आंशिक हिस्सेदारी का द्वार खुल जाएगा। साफ है, ये उपाय किए जाते हैं तो परमाणु उत्पादन बढ़ने की संभावनाएं तो बढ़ जाएंगी, लेकिन स्वच्छ ऊर्जा और परमाणु दुर्घटना होने पर कंपनियों को नागरिक जवाबदेही से मुक्ति मिल जाएगी। याद रहे मनमोहन सिंह सरकार के प्रधानमंत्री रहते हुए भारत-अमेरिका के बीच हुए परमाणु समझौते के बाद जो राजनीतिक तूफान उठा था, उसके चलते संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-1 सरकार गिरते-गिरते बची थी।**

**प्रमोद भार्गव**

दरअसल सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र को बाधा मुक्त इसलिए करना चाहती है जिससे 2047 तक सौ गीगावाट परमाणु ऊर्जा के उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लिया जाए। इसी लक्ष्य पूर्ति के लिए सरकार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाना चाहती है। इसीलिए 2024-25 के आम बजट में लघु परमाणु संयंत्रों के लिए सरकार ने बड़े बजट का प्रावधान किया था। इस क्षेत्र में नया प्रयोग करते हुए पहली बार निजी कंपनियों को लघु परमाणु संयंत्र समूचे देश में स्थापित करने का अवसर दिया जाएगा। कालांतर में विदेशी कंपनियों को भी परमाणु संयंत्र लगाने की अनुमति दी जा सकेगी। साथ ही मॉड्यूलर (प्रतिरूपक) रिएक्टर के आधुनिकीकरण के लिए शोध और विकास पर भी धनराशि खर्च की जाएगी। जिससे परमाणु ऊर्जा में नई प्रौद्योगिकी का विकास हो, इसे पीपीपी मोडल पर क्रियान्वित किया जाएगा। इसका उद्देश्य देश में स्वच्छ एवं वैकल्पिक बिजली को बढ़ावा देना है। इसी साल फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका यात्रा पर गए थे, तब भारत में छोटे परमाणु संयंत्र लगाने और भारत में ही उत्पादन करने का समझौता हुआ था। एआई के दौर में ऊर्जा की खपत असाधारण रूप से बढ़ने की उम्मीद है। यह एक बड़ा कंप्युटर की भाषा का कृत्रिम बुद्धि से जुड़ा मॉडल हैं। भाषा मॉडल ऐसे मषीन लर्निंग मॉडल हैं, जो मानव भाषा के पाठ को समझ सकते है और सृजित भी कर सकते हैं। ये मॉडल भाषा के बड़े डेटा भंडार का विश्लेषण करने पर भी सक्षम होते हैं। सुपर और क्वांटम कंप्यूटर में इसी एआई की जरूरत पड़ेगी। इसके लिए परमाणु ऊर्जा की जरूरत लघु परमाणु संयंत्रों से ही संभव हैं। स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में इसे क्रांतिकारी पहल माना जा रहा है।

विकसित भारत के लिए ऊर्जा की उपलब्धता एक बड़ी जरूरत है। इसलिए सरकार सिर्फ पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर निर्भर नहीं रहना चाहती है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जिस तरह से हमारी सेना ने पाकिस्तान के आतंकी और गैर-सैन्य ठिकानों को ध्वस्त किया था, उन आयुधों के निर्माण और संचालन के लिए भी परमाणु ऊर्जा की जरूरत पड़ती है। इस परिप्रेक्ष्य में सौर और पवन ऊर्जा पर सरकार पहले ही काफी कुछ कर चुकी है। अतएव अब फोकस परमाणु ऊर्जा पर केंद्रित है। क्योंकि इसमें संभावनाएं अधिक हैं। आम बजट पेष करते हुए वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने ऊर्जा सुरक्षा को सरकार की नौ प्राथमिकताओं में गिनाया था। ऊर्जा बदलाव के संबंध में एक नीतिगत दस्तावेज तैयार करने की बात भी कही गई है। इससे यह तय होगा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में किस तरह से पारंपरिक ऊर्जा की जगह धीरे-धीरे अपारंपरिक ऊर्जा के स्त्रोत का महत्व बढ़ रहा है। यह दस्तावेज ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार, विकास और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों का भी समाधान खोजेगा। अतएव इसी परिप्रेक्ष्य में निकेल, कोबाल्ट, तांबा और लिथियम जैसी धातुओं के उत्पादों के आयात पर शुल्क घटाया है। इन उत्पादों का प्रयोग परमाणु और सौर ऊर्जा के साथ दूसरे ऊर्जा उत्सर्जन उपायों में भी होता है। आयात सस्ता होने से इनका निर्माण भारत में करने में आसानी होगी। यही नहीं परमाणु ऊर्जा, नवीनीकरण ऊर्जा और अंतरिक्ष एवं रक्षा क्षेत्रों में इस्तेमाल होने वाली 25 धातुओं पर सीमा शुल्क को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। यानी छोटे परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के रास्ते साफ किए जा रहे हैं।

भारत में एक ओर अर्से से अटकी परमाणु बिजली परियोजनाओं में विद्युत का उत्पादन षुरू हो रहा है, वहीं निजी निवेश से परमाणु ऊर्जा बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने गुजरात के सूरत जिले के तापी काकरापार में 22,500 करोड़ रुपए की लागत से बने 700-700 मेगावाट बिजली उत्पादन के दो परमाणु ऊर्जा संयंत्र 22 फरवरी 2024 को राष्ट्र को समर्पित कर दिए हैं। ये देश के पहले स्वदेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्र हैं। ये संयंत्र प्रतिवर्ष लगभग 10.4 अरब यूनिट स्वच्छ बिजली का उत्पादन करेंगे। जो गुजरात में बिजली की आपूर्ति के साथ अन्य प्रांतों को भी बिजली देंगे। ये संयंत्र शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में आगे बढ़ने की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होंगे। भारत सरकार के उपक्रम परमाणु ऊर्जा निगम ने मध्यप्रदेश में चार नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की मंजूरी दी है। जल्दी ही ये संयंत्र नीमच, देवास, सिवनी और शिवपुरी में लगेंगे। सब कुछ सही रहा तो जल्दी ही इन परियोजनाओं पर काम शुरू हो जाएगा। इन संयंत्रों के शुरू हो जाने पर 1200 मेगावाट की अतिरिक्त बिजली पैदा होगी। भारत की परमाणु ऊर्जा क्षमता पिछले 10 साल में करीब दोगुनी हो चुकी है। 2031 तक इसके तीन गुना होने की उम्मीद है। हालांकि परमाणु ऊर्जा से उत्पन्न खतरों की आशंकाएं भी एकदम बेबुनियाद नहीं हैं। इसलिए परमाणु संयंत्रों की सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। रूस के चेर्नोबिल और जापान के फुकुशिमा परमाणु संयंत्र में हादसे के बाद इस तरह की चिंताएं लाजिमी हैं। क्योंकि वैज्ञानिक प्रगतियों के बावजूद प्राकृतिक आपदाओं के सामने हम बौने हैं। जापान में महज दस सेकेंड के लिए आई सुनामी नामक विराट आपदा ने फुकुशिमा की वैज्ञानिक उपलब्धियों को चकनाचूर कर दिया था। सृष्टि को संजीवनी देने वाले तत्व हवा, पानी और अग्नि जब न्यूनतम मर्यादाओं की सीमा लांघकर भीषण विराटता रचते हैं तो दसों दिशाओं में सिर्फ और सिर्फ विनाशलीला का मंजर दिखाई देता है। इसलिए जरुरी है कि परमाणु रिएक्टर प्रदायक कंपनियों को कड़ी शर्तो के तहत मुआवजे के प्रावधान निर्धारित हों या फिर बीमा कंपनियों को दुर्घटना की स्थिति में क्षतिपूर्ति से जोड़ा जाए। परमाणु बिजली संयंत्रों में ग्रेफाइट मॉडरेट के रुप में प्रयोग होता है। जिसमें पानी की बहुत थोड़ी मात्रा विलय करने से हाइडोजन और ऑक्सीजन के विखण्डन के समय बहुत अधिक तापमान के साथ उर्जा निकलती है। इस ऊर्जा का दबाव टर्बाइन को तीव्रतम गति से घुमाने का काम करता है। नतीजतन बिजली उत्पन्न होती है। रिएक्टरों के इस उच्चतम तापमान को एक सेंटीग्रेट तक काबू में रखने के लिए रिएक्टरों पर ठंडे पानी की निरंतर प्रबल धाराएं छोड़ी जाती हैं। हालांकि प्राकृतिक अथवा अन्य आपदा की स्थिति में ये परमाणु संयंत्र अचूक कंप्यूटर प्रणाली से संचालित व नियंत्रित होने के कारण खुद-ब-खुद बंद हो जाते हैं। लेकिन इस अवस्था में विरोधाभासी स्थिति यह होती है कि जल से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन का नाभिकीय विखण्डन तो थम जाता है, किंतु रासायनिक प्रक्रियाएं और भौतिक दबाव एकाएक नहीं थमते। गोया, जलधारा का प्रवाह बंद होते ही रिएक्टरों का तापमान 5000 डिग्री सेंटीग्रेट से बढ़कर 10000 डिग्री सेंटीग्रेड तक पंहुच जाता है। यह तापमान जीव-जंतुओं को तो क्या स्टील जैसी ठोस धातु को भी पल भर में गला देता है। इस लिहाज से इन संयंत्रों के संभावित खतरों को एकाएक नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।

अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के दौरान छह साल से अटके असैन्य परमाणु ऊर्जा अनुबंध पर समझौता नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल की शुरुआत में ही हो गया था। मोदी की वाकपटुता के चलते ओबामा अमेरिका न्यूक्लियर मैटिरियल ट्रैक करने की विवादास्पद मांग से पीछे हट गए थे। इसी वजह से दोनों देशों के बीच यह समझौता रुका हुआ था। इस करार की बड़ी सफलता यह रही कि भारत को झुकना नहीं पड़ा और अमेरिका संतुष्ट हो गया था। इस मुद्दे के सिलसिले में दोनों देशों ने चतुराई यह बरती कि परमाणु ऊर्जा नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम में संशोधन की जरूरत नहीं पड़ी। इस परमाणु करार को अमल में लाने के बाबत सबसे बड़ी बाधा इस कानून का उपबंध 17 था। इसमें प्रावधान है कि यदि अमेरिकी उपकरणों के कारण भारत में कोई त्रासदी होती है तो परमाणु संयंत्र प्रदाता कंपनी को नुकसान की भरपाई करनी होगी।

अध्यात्म

## हर जीव में प्रभु नजर आते हैं

एक 6 साल का छोटा सा बच्चा अक्सर भगवान से मिलने की जिद किया करता था। उसे भगवान् के बारे में कुछ भी पता नही था, पर मिलने की तमन्ना भरपूर थी। उसकी चाहत थी की एक समय की रोटी वो भगवान के साथ बैठकर खाये। 1 दिन उसने 1 थैले में 5-6 रोटियां रखीं और परमात्मा को को ढूंढने के लिये निकल पड़ा। चलते-चलते वो बहुत दूर निकल आया संध्या का समय हो गया। उसने देखा एक नदी के तट पर एक बुजुर्ग माता बैठी हुई हैं, जिनकी आँखों में बहुत ही गजब की चमक थी, प्यार था, किसी की तलाश थी, और ऐसा लग रहा था जैसे उसी के इन्तजार में वहां बैठी उसका रास्ता देख रहीं हों। वो 6-7 साल का मासूम बालक बुजुर्ग माता के पास जा कर बैठ गया, अपने थैले में से रोटी निकाली और खाने लग गया। फिर उसे कुछ याद आया तो उसने अपना रोटी वाला हाथ बूढी माता की ओर बढ़ाया और मुस्कुरा के देखने लगा, बूढी माता ने रोटी ले ली, माता के झुर्रियों वाले चेहरे पे अजीब सी खुशी आगई आँखों में खुशी के आंसू भी थे। बच्चा माता को देखे जा रहा था, जब माता ने रोटी खाली बच्चे ने 1 और रोटी माता को दे दी। माता अब बहुत खुश थी, बच्चा भी बहुत खुश था। दोनों ने आपस में बहुत प्यार और स्नेह के पल बिताये। जब रात घिरने लगी तो बच्चा इजाजत लेकर घर की ओर चलने लगा और वो बार-बार पीछे मुडकर देखता! तो पाता बुजुर्ग माता उसी की ओर देख रही होती हैं। बच्चा घर पहुंचा तो माँ ने अपने बेटे को आया देखकर जोर से गले से लगा लिया और चूमने लगी, बच्चा बहूत खुश था। माँ ने अपने बच्चे को इतना खुश पहली बार देखा तो खुशी का कारण पूछा, तो बच्चे ने बताया माँ ! आज मैंने भगवान के साथ बैठकर रोटी खाई, आपको पता है माँ उन्होंने भी मेरी रोटी खाई, पर माँ भगवान् बहुत बूढ़े हो गये हैं, मैं आज बहुत खुश हूँ माँ.. उधर बुजुर्ग माता भी जब अपने घर पहुँची तो, गाँव वालों ने देखा माता जी बहुत खुश हैं, तो किसी ने उनके इतने खुश होने का कारण पूछा? माता जी बोलीं मैं 2 दिन से नदी के तट पर अकेली भूखी बैठी थी मुझे पता था भगवान आएंगे और मुझे खाना खिलाएंगे। आज भगवान् आए थे, उन्होंने मेरे सांथ बैठकर रोटी खाई मुझे भी बहुत प्यार से खिलाई, बहुत प्यार से मेरी ओर देखते थे, जाते समय मुझे गले भी लगाया भगवान बहुत ही मासूम हैं बच्चे की तरह दिखते हैं। तात्पर्य बस यही है कि दोनों के ही मन में ईश्वर के लिए अगाध सच्चा प्रेम था। और प्रभु ने दोनों को, दोनों के लिये, दोनों में ही (ईश्वर) स्वयं को भेज दिया। जब मन ईश्वर भक्ति में रम जाता है तो, हमे हर एक जीव में बस प्रभु की दिखाई देते है।

# लव जिहाद: एक सांस्कृतिक युद्ध या सामाजिक चुनौती

**भारत एक विविधताओं से भरा देश है, जहां अनेक धर्म, संस्कृतियाँ और परंपराएं सह-अस्तित्व में रही हैं। किन्तु विगत कुछ वर्षो में 'लव जिहाद' एक गंभीर और विवादित सामाजिक विषय बन कर उभरा है। यह न केवल हिंदू समाज की महिलाओं की अस्मिता से जुड़ा हुआ मुद्दा है, बल्कि इससे जुड़ी घटनाएं परिवार, संस्कृति और समाज की बुनियाद को भी प्रभावित करती हैं। यह आलेख इसी विषय पर गहराई से प्रकाश डालता है। आज से लगभग 5100 वर्ष पूर्व जब कुरुक्षेत्र में महाभारत का युद्ध हुआ था, तब अभिमन्यु ने चक्रव्यूह में प्रवेश कर धर्म, संस्कृति और न्याय के लिए वीरगति प्राप्त की थी। आज ठीक उसी प्रकार हिंदू समाज की बेटियाँ एक ऐसे मानसिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक चक्रव्यूह में फँसी हुई हैं, जिसे 'लव जिहाद' कहा जा रहा है। इसमें फर्क केवल इतना है कि अभिमन्यु ने धर्म के लिए युद्ध लड़ा और लव जिहाद में धर्म को ही निशाना बनाया जाता है।**

**अमित राव पवार**

लव जिहाद एक ऐसी संगठित मानसिकता और साजिश है, जिसमें एक समुदाय विशेष के पुरुष हिंदू लड़कियों को प्रेम के जाल में फँसाकर धर्मांतरण के लिए प्रेरित करते हैं। इसका उद्देश्य न केवल उनके जीवन को बर्बाद करना होता है, बल्कि हिंदू समाज की जड़ों को भी कमजोर करना होता है।

हाल ही में आई फिल्म 'द केरला स्टोरी' इस विषय का एक उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिसमें दिखाया गया कि कैसे तीन हिंदू सहेलियों को उनकी एक मुस्लिम मित्र के माध्यम से ब्रेनवॉश कर कट्टरपंथ के रास्ते पर धकेला गया। परिणामस्वरूप, उनका परिवार टूट गया और वे स्वयं भी भयावह अंत को प्राप्त हुईं। यह केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि उन सैकड़ों बेटियों की कहानी है जो इसी तरह के षड्यंत्र का शिकार बनी हैं। लव जिहाद केवल एक व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह सांस्कृतिक संकट है। यह हमारे परिवार, धर्म, सामाजिक मूल्यों और संस्कारों पर सीधा आघात है। इसमें न केवल प्रेम को हथियार बनाया जाता है, बल्कि भावनाओं, विश्वास और युवावस्था की नासमझी को भी शोषण का माध्यम बनाया जाता है।

**उत्तरदायित्व किसका?-** इस समस्या के लिए केवल दूसरे समुदाय को दोष देना पर्याप्त नहीं है। कहीं न कहीं हमारी बेटियाँ भी इस संकट की भागीदार बन रही हैं। यह आवश्यक है कि माता-पिता अपने बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक और नैतिक शिक्षाएँ भी दें। जब लड़कियाँ आत्मनिर्भर, जागरूक और धर्म के प्रति सजग होंगी, तभी वे किसी भी प्रकार के भावनात्मक या मानसिक शोषण से स्वयं को सुरक्षित रख पाएंगी।

हमें यह समझना होगा कि यह युद्ध किसी संगठन या संस्था का नहीं, स्वयं की अस्मिता और सम्मान का है। जब कोई लड़की अपनी मर्यादा की रक्षा नहीं कर पाती, तब उसका पूरा परिवार दांव पर लग जाता है। हमें समाज में जागरूकता लानी होगी, हर घर में इस विषय पर खुलकर बात करनी होगी। यह वैसा ही संक्रमण है जैसा कोरोना था - फर्क बस इतना है कि वह बीमारी छूने से फैलती थी और यह विचारों से।

सरकार ने धर्मांतरण पर सख्त कानून बनाए हैं, किन्तु समाज को भी सजग रहना होगा। जब तक हम स्वयं जागरूक नहीं होंगे, कानून अकेले कुछ नहीं कर सकता। हमें अपनी बेटियों को सिखाना होगा कि उनका शरीर और आत्मा उनका है, और उसकी रक्षा का उत्तरदायित्व भी उन्हीं का है।

**आत्मनिरीक्षण-** यह सच है कि कुछ मुस्लिम युवकों द्वारा यह रणनीति अपनाई जा रही है, पर यह भी उतना ही सच है कि हमारी लड़कियाँ स्वयं को कमजोर बना रही हैं। कोई भी गैर-मर्द तब तक हमारी बहनों को हाथ नहीं लगा सकता जब तक हम स्वयं उन्हें सशक्त और संस्कारित नहीं बनाते। हमें उन्हें राधा-कृष्ण, सीता-राम, मीरा और झांसी की रानी जैसे पवित्र उदाहरणों से जोड़ना होगा।



**क्या 'लव जिहाद' केवल एक पक्ष की करतूत है?-** यह प्रश्न आज के सामाजिक विमर्श में अत्यंत आवश्यक हो गया है। क्या यह सत्य नहीं है कि इसमें हमारी अपनी बेटियाँ भी अनजाने में या कहीं-कहीं जानबूझकर भागीदार बन रही हैं? माता-पिता अपने बच्चों, विशेष रूप से बेटियों को शिक्षा दिलाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए घर से बाहर भेजते हैं, ताकि वे अपने पैरों पर खड़ी हो सकें, सम्मानपूर्वक जीवन यापन करें। परंतु दुःखद यह है कि कई बार वही बेटियाँ प्रेमजाल में फँसकर न केवल अपना भविष्य संकट में डालती हैं, बल्कि अपने माता-पिता की प्रतिष्ठा और विश्वास को भी आघात पहुँचाती हैं।

19-20 वर्ष की आयु की ये बालिकाएँ यदि अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहें, अपने जीवन को रचनात्मकता और आत्मसम्मान की दिशा में आगे ले जाएँ, तो शायद कोई भी ताकत उन्हें भ्रमित नहीं कर सकती। लेकिन जब यह उम्र केवल बॉयफ्रेंड और टाइमपास की गलियों में खो जाती है, तब वह निर्णय लेने की परिपक्वता और आत्म-संरक्षण की चेतना धीरे-धीरे समाप्त होने लगती है।

कोई भी परिवार अपनी बेटी को यह शिक्षा नहीं देता कि वह किसी अनजान पुरुष से इतना जुड़ जाए कि आत्मा और शरीर तक सौंप दे। चाहे वह लड़का किसी भी धर्म का हो, सवाल यह है कि हमारी बेटियाँ अपनी अस्मिता किसी के भी हाथ में क्यों सौंप रही हैं? कैसे कोई अपरिचित व्यक्ति उनका विश्वास, प्रेम, संवाद और अंततः उनके जीवन पर अधिकार कर लेता है?

यह वही भारत है जहाँ रानी पद्मावती ने अपनी शुचिता की रक्षा हेतु अग्नि को गले लगाया था। यह वही धरती है जहाँ सीता का आदर्श आज भी लाखों बेटियों के लिए पवित्रता और मर्यादा का प्रतीक है। हम उसी परंपरा को भूलकर आज अपने आत्मसम्मान को स्वयं ठुकरा रहे हैं।

'लव जिहाद' केवल एक धार्मिक षड्यंत्र नहीं है, यह उस सामाजिक और वैचारिक कमजोरी का परिणाम भी है, जहाँ बेटियाँ अपने आत्मबल को खो रही हैं। यदि कोई लड़की स्वयं तटस्थ और दृढ़ न हो, तो फिर कोई दूसरा उसकीमर्यादा की रक्षा कैसे करेगा? यह केवल कानून या सरकार का मामला नहीं, यह समाज और परिवार के भीतर की वैचारिक पराजय भी है।हम अपने रिश्ते के लिए मर्यादित होते है किंतु वे अपने रिश्ते के लिए मर्यादित नही।ये भी एक बड़ा अंतर लव जिहाद का दिखाई देता है।

यह प्रश्न केवल प्रेम की आड़ में होने वाली साजिशों का नहीं है, बल्कि यह भी है कि वह प्रेम आया कहाँ से, बढ़ा कैसे, और इस कदर गहरा कैसे हो गया कि आत्मा और अस्तित्व तक को किसी और के हवाले कर दिया गया।

लव जिहाद कोई मामूली समस्या नहीं, यह एक सामाजिक-सांस्कृतिक युद्ध है। हमें इसमें सजगता, आत्मबल, धर्म और न्याय के साथ उतरना होगा। अगर हमने समय रहते उचित निर्णय नहीं लिया, तो यह रोग हमारी सभ्यता और संस्कृति को खोखला कर देगा। अतः आज आवश्यकता है कि हम अपनी बेटियों को धर्म, संस्कृति, शिक्षा और आत्मरक्षा से सज्ज करें, उन्हें मजबूत बनाएं ताकि कोई भी छल-कपट उन्हें छू भी न सके। तभी हम इस युद्ध में विजय प्राप्त कर सकेंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके दृष्टिकोण में कुछ बदलाव उत्पन्न होगा। पुराने ऋणों को चुकाने के लिये समय बहुत अच्छा है। स्वादिष्ट भोजन का आनन्द उठायेंगे।

**वृषभ**
व्यर्थ के वाद-विवादों से दूर रहें। कुछ लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकाल सकते हैं। इसीलिये नापतौल कर ही लोगों से बात करें।

**मिथुन**
नये प्रेम सम्बन्ध शुरू होने के योग बन रहे हैं। विद्यार्थियों को करियर में शानदार सफलता मिलेगी। अपने अधिकारों का प्रयोग करने में सावधानी रखें।

**कर्क**
मनोबल और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर और कार्यक्षेत्र दोनों में सन्तुलन बनाकर रखने की जरूरी है। नयी परियोजनाओं को शुरू कर सकते हैं।

**सिंह**
आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। आपको जीवनसाथी से उपहार मिल सकते हैं। मित्र भी आपकी प्रशंसा करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा।

**कन्या**
निजी समस्याओं का समाधान मिलेगा। कुछ लोग आपकी उदारता का गलत फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। कुछ महत्वपूर्ण काम अधूरे छूट सकते हैं।

**तुला**
पारिवारिक रिश्तों को अच्छी तरह निभायेंगे। व्यापार में नये साझेदार जुड़ सकते हैं। प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ आपके सम्पर्क मजबूत होंगे।

**वृश्चिक**
कारोबार में आपको भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। बिना सोचे-समझे अपनी बात किसी से न कहें।

**धनु**
अविवाहित लोगों को विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। बुजुर्ग लोगों का आशीर्वाद मिलेगा। आप सकारात्मक और अध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं।

**मकर**
आज आप प्रकृति के निकट रहने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र और घर दोनों की जगह का वातावरण अच्छा रहेगा। धन की समस्या का निवारण होगा। बच्चे पढ़ाई में व्यस्त रहेंगे।

**कुंभ**
नयी परियोजनाओं पर निवेश काफी लाभप्रद सिद्ध होगा। नौकरीपेशा लोगों की पदोन्नति के साथ ही स्थान-परिवर्तन की भी सम्भावना बन रही है।

**मीन**
लक्ष्य के लिये आपको बहुत मेहनत करनी पड़ेगी। सन्तान से शुभ और अनुकूल परिणाम आपको मिल सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिये।

# भाजपा ने मंडल प्रभारियों को किया मनोनीत

## सांगठनिक ढांचे को मजबूत करने को लेकर की गई नियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बखरी।** बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच जिला भाजपा ने अपनी सांगठनिक ढांचे को और अधिक चुस्त दुरूस्त करने के लिए मंडलों में प्रभारियों की नियुक्ति की है। जिला प्रवक्ता सिधेश आर्य को विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत बखरी ग्रामीण मंडल का प्रभारी बनाया गया है। जबकि निर्वतमान मंडल अध्यक्ष अमरनाथ पाठक डंडारी मंडल के प्रभारी बने। इसके अलावा विपिन सिंह को बखरी नगर मंडल तथा जिला कार्यसमिति सदस्य मुकेश महतो को गढपुरा मंडल का प्रभारी बनाया गया है। वहीं नावकोठी मंडल में सुमित कुमार गुड्डू को प्रभारी बनाया गया है। प्रदेश नेतृत्व की सहमति से जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने सम्पूर्ण जिले में प्रभारियों के मनोनयन के साथ ही अनुमंडल क्षेत्र के उपरोक्त मंडलों में भी प्रभारियों की नियुक्ति की है। भाजपा कार्यालय द्वारा जारी किये गये मनोनयन पत्र में सभी नव मनोनीत मंडल प्रभारी को तत्संबंधी मंडलों के अध्यक्षों से समन्वय कर पार्टी कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही है। इधर पार्टी के जिला पदाधिकारियों को मंडलों में प्रभारी बनाये जाने पर पार्टी नेता व जिला परिषद् अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, पूर्व प्रत्याशी रामशंकर पासवान, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम, जिलाध्यक्ष उमेश पासवान, मीनू राम, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरोजिनी भारती, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कुन्दन कानू, प्रखंड बीस सूत्री सह ग्रामीण मंडल अध्यक्ष मनोज महतो, नगर अध्यक्ष कामिनी कंचन, गढपुरा अध्यक्ष कमल किशोर झा, नावकोठी अध्यक्ष मुकेश महतो, डंडारी अध्यक्ष विजय तांती, कृष्ण मोहन चौधरी, पवन सिंह, प्रियांशु रघुवंशी, संजय सिंह राठौड़, समीर श्रवण, संतोष साह आदि ने जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा का आभार प्रकट करते हुए सभी नव मनोनीत मंडल प्रभारियों को बधाई दी है।

# यूथ फेडरेशन का सातवां अंचल सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार युवाओं को अपने वायदे के मुताबिक रोजगार देने में नाकामयाब रही है। आज भी युवा रोजगार के लिए सड़कों पर खाक छान रहे हैं। उक्त बातें आल इंडिया यूथ फेडरेशन के राज्यध्यक्ष शंभू देवा ने हसनपुर बागर में आयोजित एवायएफआई नावकोठी के सातवें अंचल सम्मेलन में शुक्रवार को कही। वरिष्ठ नौजवान नेता जितेंद्र जीतू ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने दो करोड़ नौजवानों को नौकरी का वादा करके उन्हें धोखा देने का काम किया है। अपने कारपोरेट मित्रों के हाथों लाभकारी सरकारी उपक्रमों को सौपकर उसे मालामाल कर रही है। जिला संयोजक अभिनव कुमार अकेला ने कहा कि बेगूसराय बिहार की ओद्यौगिक राजधानी है मगर कारखानो में स्थानीय नौजवानों को रोजगार नहीं दिया जा रहा है, कारखानों के प्रदूषण से प्रभावित बेगूसराय के लोग हो रहे है मगर रोजगार बाहरी लोगों को दिया जा रहा है इस सवाल को लेकर ऑल इंडिया युथ फेडरेशन के नौजवान 1 जून को बखरी में जुटेगे एवं इसके खिलाफ चरणबद्ध अंदोलन की रूप रूपरेखा तैयार करेगें। सम्मेलन में पूर्व नौजवान नेता चंद्र भूषण चौधरी ने झंडोत्तोलन कर सम्मेलन का आगाज किया। राजेन्द्र ठाकुर ने शोक प्रस्ताव पेश किया। दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर जिला परिषद प्रतिनिधि डा राजेंद्र शर्मा, अर्जुन पासवान, पूर्व मुखिया हारून रशीद, मो. जमशेद, रविरंजन कुमार, रितेश कुमार, ऋषिकांत पासवान, कुणाल कुमार, अफरोज, इशु वत्स समेत दर्जनाधिक नौजवानों ने हिस्सा लिया।

# छह सूत्री मांगों को लेकर डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** चौसा थर्मल में ठीकेदारों के बीच लूट की होड़ में हो रही हत्याएं। इन तमाम हत्याओं के पलीते का एक छोड़ प्रशासन और कंपनी से जुड़े अधिकारियों के हाथ में। किसान उत्पीड़न से जुड़े तमाम नामजद आरोपी पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को सरकार यहां से हटाएं।

उच्च क्षमता के सी सी कैमरा के बीच दिन के उजाले में थर्मल गेट के पास बेखौफ हत्यारे ठीकेदार की हत्या कर इतमिनान से चले गए। मगर पुलिस की निष्क्रियता के कारण हत्यारों तक पुलिस नहीं पहुंच पा रही है।

सुनियोजित और सुविचारित ढंग से निर्दोष किसान और मजदूर नेताओं को मुकदमों में फंसाकर पुलिस हत्यारों का मनोबल बढ़ा रही है।

पुलिस और प्रशासन की संलिप्तता के चलते दोषी खुलेआम घूम रहे हैं। थर्मल प्रबंधन किसान आंदोलन को दबाने के लिए उनके नेताओं को इन मुकदमों में फंसा रही है। बक्सर पुलिस प्रशासन के इस रवैया से चौसा के किसान आक्रोशित है। उक्त बातें बक्सर जिला समाहर्ता से मिलकर किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कही। पूर्व निर्धारित समयानुसार 5 बजे संध्या जिला समाहर्ता कार्यालय में 5 सदस्यी प्रतिनिधिमंडल जिला समाहर्ता से मिलकर 6 सूत्री मांग-पत्र लेकर वार्ता की। प्रतिनिधि मंडल में अशोक प्रसाद सिंह, सुरेंद्र सिंह, विजय नारायण राय, शैलेश राय, नंदकुमार राम शामिल थे। वार्ता में ग्राम विकास सलाहकार समिति का अविलंब गठन की माँग की गई, ताकि प्रभावित गांवों का समुचित विकास हो सके। भूमि अधिग्रहण विधेयक 2013 की धारा 3 की उपधारा (सी) एवं (एम) के अनुसार प्रभावित परिवार के प्रत्येक व्यस्क व्यक्तियों को 5 लाख रुपया की एक मुस्त राशि दिया जाए। वासगीत परचाधारी परिवारों की जमीन जो (एसटीपीएल) परियोजना में अधिग्रहित की गई है। उसके बदले उन्हें विकसित भूमि देने का प्रावधान था, जो अभी तक नहीं दिया गया है। उन्हें तुरंत समतुल्य विकसित भूमि उपलब्ध कराई जाए। प्रभावित किसान खेतिहर मजदूर एवं पौनी पसारीआदि को मुख्य प्लांट हेतु अर्जित भूमि के अनुपात में 750 दिनों की मजदूरी का एक मुस्त राशि भुगतान किया जाए।फसल इनपुट सहायता के लिए नबीनगर एनटीपीसी परियोजना के तहत प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 40000 रुपया प्रति वर्ष दिया जा रहा है। (एसटीपीएल) चौसा द्वारा किसानों को अभी तक वह सहायता राशि नहीं मिला है उसे तत्काल भुगतान करवाया जाए। जिला समाहर्ता ने सभी माँगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर आगे कार्यवाई का आश्वासन दिया।

# भाजपा उतरी मंडल कार्यसमिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** भारतीय जनता पार्टी शिवाजीनगर उत्तरी मंडल का प्रथम कार्य समिति का बैठक कलर मार्ट शहरु मोर मे किया गया। अध्यक्षता उतरी मंडल अध्यक्ष सरोज कुमार के द्वारा की गई। संचालन महामंत्री सुरेंद्र कुमार सुमन ने किया। इस बैठक मे मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष निलम सहनी ने विशेष रुप से बूथ कमिटी पर ध्यान देने पर चर्चा किया गया। आनेवाले चुनाव को देखते हुए बूथ स्तर पर पार्टी मजबूत हो इस पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष नीलम सहनी ने सभी कार्यकर्त्ता को सम्मानित भी किया। बैठक में मंडल प्रभारी निरज चौधरी, बिमला चौधरी, नितू देवी जी महामंत्री सुरेंद्र कुमार सुमन, निलमनी पासवान पुर्व अध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, धर्मेंद्र सिंह, अकाश कुमार, सिता राम मंडल, दानि राम, पवन मंडल, हरिनारायण सिंह, राजा कुमार, लक्ष्मी मंडल, देवु मंडल, राकेश कुमार आदि कर्यकर्ता मजूद रहे।

# बड़हरा इलेवन विजयी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के धमार गांव में गौलक्षनी स्टेडियम में स्व रणधीर सिंह फुटबॉल महा मुकाबला 2025 का शुभारंभ हुआ। पहले दिन गुरुवार देर शाम बड़हरा एलेवन बनाम दौलतपुर टीम के बीच मैच खेला गया। जिसमें बड़हरा एलेवन ने दौलतपुर को दो गोल से पराजित कर दिया। मैच का आयोजन स्व रणधीर सिंह की स्मृति में, उनके पुत्र पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह 'राजापुरवाले' के नेतृत्व में आयोजित हुआ। उद्घाटन पर रणविजय सिंह ने पुष्पअर्पित कर आयोजन की शुरुआत की और युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व व टीम भावना का संदेश दिया।

# खरीफ महोत्सव पर प्रशिक्षण कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित ई किसान भवन में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) के बैनर तले प्रखंड स्तर खरीफ अभियान के तहत कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता बीएओ ओम प्रकाश यादव ने किया। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुखिया राष्ट्रपति कुमार, विजय पासवान, मुकेश कुमार, मुकेश सिंह, आत्माध्यक्ष यशवंत कुमार, कृषि विभाग में कार्यरत पदाधिकारी, कर्मी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीएओ ओम प्रकाश यादव ने कहा कि खरीफ अभियान के तहत आच्छादन हेतु लक्ष्य तथा बीज वितरण के संबंध में जानकारी दी। इसके अतिरिक्त कृषि विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए लाभ लेने के तरीके को विस्तार से बताया। मोटे अनाज की उपयोगिता की चर्चा करते हुए इसके उत्पादन करने की सलाह तथा इसपर मिलने वाले अनुदान के बारे में जानकारी दी। कृषि समन्वयक सुरेन्द्र कुमार ने फसल बुआई के पूर्व मिट्टी जांच की उपयोगिता की चर्चा करते हुए कहा कि स्वस्थ मृदा में ही स्वस्थ फसल उत्पादन लिया जा सकता है। मिट्टी की उर्वराशक्ति संरक्षित रखने हेतु रासायनिक उर्वरक के स्थान पर जैविक खाद उपयोग करने पर बल दिया। हरी खाद के प्रयोग से खेतों की मिट्टी की उर्वराशक्ति में वृद्धि होती है। मिट्टी नमूना लेने के तरीके को विस्तार से चर्चा की। प्रत्येक तीन साल में मिट्टी जांच कराने की सलाह दी। उद्यान पदाधिकारी राजा राम भारद्वाज ने परंपरागत खेती से हटकर उद्यानी खेती के तहत गेंदा फूल की खेती, नारियल, केला, ओल, हलदी आदि खेती पर मिलने वाले अनुदान की चर्चा की। प्रदान संस्था के शिव चंद्र कुमार ने कृषि विभाग तथा संस्था के संयुक्त प्रयास से किसानों के हित में चलाये जा रहे कृषि क्षेत्र के कार्यक्रम की जानकारी दी। किसानों के उत्पाद के वाजिब कीमत दिलाने हेतु बाजार की व्यवस्था करने की भूमिका की चर्चा की। किसानों ने प्रत्येक पंचायत में किसान चौपाल आयोजन कर कृषि के नये तकनीक की जानकारी देने की मांग की। मौके पर प्रशिक्षु बीएओ शोभित कुमार, बीटीएम विवेकानंद सिंह, समन्वयक मनोज कुमार, प्रिंस कुमार, एटीएम सोनम सिंह, किसान सलाहकार श्रवण कुमार, सुनील कुमार, राजीव कुमार, दयानन्द गुप्ता, मुकेश कुमार, राजीव कुमार, विद्यानंद महतो, रामाशीष सिंह, सुरेन्द्र पासवान, मुक्ति नारायण सिंह सहित कई किसानों ने शिरकत किया।

# भाजपा ने लागू किया देश में अघोषित आपातकाल : अजय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बरौनी।** प्रखंड के भाकपा (मार्क्सवादी) के वरिष्ठ नेता बालेश्वर सिंह की श्रद्धांजलि सभा सीपीआई (एम) की बरौनी शाखा द्वारा आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता क रामचन्द्र गुप्ता ने की। जनवादी लेखक संघ के राज्य सचिव कुमार विनीताभ ने संचालन किया। इस अवसर पर सीपीआई (एम) विधायक दल के नेता अजय कुमार ने कहा कि स्वर्गीय सिंह ईमानदार, कर्मठ और संघर्षशील मार्क्सवादी थे। वे कम्युनिस्ट परम्परा के सच्चे संवाहक थे। अजय कुमार ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य की चर्चा करते हुए कहा कि केन्द्र और राज्य की आरएसएस नियंत्रित एनडीए सरकारों ने हर तरफ झूठ और लूट का बाजार बना दिया है। प्रतिरोध की आवाज को दबाने के लिए देश में अघोषित आपातकाल लागू कर दिया है। यह सरकार का देश विरोधी आचरण है कि अपरेशन सिंदूर का श्रेय सेना को न देकर मोदी जी स्वयं ले रहे हैं। बेगूसराय के पूर्व विधायक और पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने स्व सिंह को दलित-शोषित वर्ग का सच्चा हितैषी बताया। जिनके नेतृत्व में पार्टी द्वारा 59 दलित कटाव विस्थापित परिवारों को पुनर्वास कराने में सफलता मिली। इस श्रद्धांजलि सभा में सीपीआ (एम) जिला सचिव क रत्नेश झा, पार्टी राज्य कमिटी सदस्य क सुरेश यादव, बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के जिला सचिव क रामभजन सिंह, दलित शोषण मुक्ति मंच के जिला सचिव एवं बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन के राज्य के संयुक्त सचिव क सूर्य नारायण रजक, सीटू राज्य सचिव अंजनी कुमार सिंह, बिहार राज्य किसान सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह, जिला कमिटी सदस्य सुरेश पासवान, डा. आसिफ अली, पार्टी लोकल कमिटी के सचिव मोहम्मद अली, रमेश प्रसाद सिंह, जय गणेश चौरसिया, अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के केन्द्रीय कोषाध्यक्ष शशिकांत राय, बरौनी सहकारी शीत भंडार के अध्यक्ष भोला सिंह, सीपीआई के जिला सचिव मंडल सदस्य जुलुम सिंह, सीपीआई के किसान नेता क दिनेश सिंह, मुखिया क भूषण सिंह, भाकपा (माले) नेता क चन्द्रदेव वर्मा, राष्ट्रीय जनता दल के नेता जनार्दन यादव, दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राध्यापक ड अभय कुमार, हरियाणा से आए केन्द्रीय विद्यालय संगठन दिल्ली से अवकाशप्राप्त प्रधानाचार्य और कवि डा. जयकिशन सब्बरवाल, सहित अन्य नेताओं तथा समाजसेवियों ने अपनी यादों को साझा करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत माकपा नेता का बालेश्वर प्रसाद सिंह के पौत्र आशीष कुमार सिंह ने अपने दादा के पदचिह्न पर चलने का संकल्प लेते सीपीआई (एम) की सदस्यता ग्रह्णा की। श्रद्धांजलि सभा के पूर्व माकपा विधायक दल के नेता अजय कुमार और माकपा राज्य सचिव मंडल सदस्य राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने ग्राम पंचायत बरौनी-2 के पुनर्वास स्थल का नामकरण के बोर्ड स्मृतिशेष क बालेश्वर प्रसाद सिंह नगर का फीता काट कर उद्घाटन किया।

# लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में श्रदालुओं का हुजूम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बखरी।** रामजानकी ठाकुरवाड़ी बगरस में आयोजित नौ दिवसीय लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में सुबह व्रतियों ने हवन-पूजा अर्चना किया। हवन कार्य का संचालन बनारस से आये आचार्य रामनाथ मिश्र महाराज द्वारा किया जा रहा है। गत मंगलवार से आयोजित नौ दिवसीय यज्ञ में सुबह-सुबह ही वतियों का हुजूम उमड़ पड़ा। ज्यों-ज्यों महायज्ञ का संदेश लोग सुन रहे हैं, श्रद्धालुओं का हुजूम महायज्ञ में उमड़ते जा रहा है। शुक्रवार की सुबह मंडप में व्रती बने ग्राम पंचायत राटन मुखिया जीवो देवी उनके पति सुरेश राम, पूर्व मुखिया सरोजनी भारती, पूर्व जिला परिषद सदस्य नरेश पासवान, समाजिक कार्यकर्ता सुनील कुमार, भूषण महतों, अमरनाथ साहू, सुभाष कुमार, राजेश गोस्वामी, अमरजीत कुमार, ललन शर्मा, विक्रांत कुमार, आदि लोग व्रती बनकर हवन-पूजा में भाग लेते हुए बताया कि हमलोग प्रतिदिन सुबह में सात बजे से 11 बजे तक एवं पुनः ढाई बजे अपराह्न से चार बजे तक हवन-पूजा में भाग लेते हैं। यह पूछने पर कि व्रती बनकर प्रत्येक दिन कैसा अनुभव कर रहे हैं, तो इन लोगों ने बताया कि सारा तनाव भूल चुके हैं, शरीर हल्का महसूस हो रहा है, मन मे किसी प्रकार का ईर्ष्या द्वेष नही है, शरीर मे ज्ञान की एक अलग ताकत महसूस हो रही है। महायज्ञ में श्रद्धालुओं के मनोरंजन का भी इंतजाम है। जिसमे टावर झूला, ब्रेक डांस, रेल ड्रैगन, एयर जम्पिंग, सेल्फी पइंट के साथ-साथ मिना बाजार एवं लजीज व्यंजन का कर्नर बच्चों, महिलाओं एवं युवाओं को विशेष रूप से आकर्षित कर रहा हैं।

# जयराम राय बने राजद के प्रखंड अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** बड़हरा प्रखंड राजद इकाई के नये सांगठनिक ढांचा को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी कमलेश्वर प्रसाद उर्फ मालाकार, सहायक निर्वाची पदाधिकारी अनुप मौर्या के नेतृत्व में प्रखंड अध्यक्ष चुनाव सम्पन्न हो गया। चुनाव कार्य सामुदायिक भवन, बखोरापुर में एक बैठक कर किया गया। जिसमें बड़हरा प्रखंड के राजद के प्राथमिक सदस्य, सक्रिय सदस्य व पंचायतों के पंचायत अध्यक्ष समेत अन्य लोगों ने भाग लिया, जिसमें सर्वसहमति से निर्विरोध जयराम राय को बड़हरा प्रखंड अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। मौके पर अरुण यादव, जयकुमार सिंह, बिट्टू यादव, नंदजी राय, धर्मेंद्र राय, सुभाष यादव, विमलेश यादव, गुड्डू यादव, दिलकरी पासवान समेत अन्य मौजूद थे।

# नावकोठी में आशा का किया गया चयन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय पंचायत नावकोठी में आशा कार्यकर्ताओं के चयन हेतु वार्ड संख्या 10 तथा 4 में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया राष्ट्रपति कुमार ने की। इसमें सर्वसम्मति से वार्ड संख्या 04 में ज्योति कुमारी तथा 10 में प्रीति कुमारी का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को चयन पत्र प्रदान किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य महेश महतो, कामिनी जायसवाल, मो सलमान सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

# कटाव मुक्त होगा मटिहानी विधानसभा : कुशेश्वर भगत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बेगूसराय।** मटिहानी को कटाव से निजात दिलाना जनसुराज की प्राथमिकता रहेगी, उक्त बातें मटिहानी विधानसभा के गोदरगामा पंचायत के मथायर दियारा में जनसुराजी नेता कुशेश्वर भगत ने कही। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जनसुराज के संभावित प्रत्याशी सुप्रीमकोर्ट के अधिवक्ता कुशेश्वर भगत ने कहा कि मटिहानी को कटाव से बचाना जनसुराज की प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि गोदरगामा के मथायर दियारा में आज भी आमलोग मूलभूत सुविधा से वंचित है। स्कूल का भवन जर्जर अवस्था में है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहीं है। सड़क जर्जर, ज्यादा लोग राशन कार्ड, शौचालय, आवास योजना से वंचित है। फिर कैसे विकास की बात बिहार सरकार करती है। यहां के जनप्रतिनिधि सिर्फ समाज को जाति धर्म के नाम पर बांटकर समाज को तोड़ा है। आमलोगों के लिए विकास करना उनका सोच नहीं है। मैं मटिहानी विधानसभा को बिहार में सबसे आगे विकास की परिधि में ले जांऊगा। तकनिकी शिक्षा का विकास छोटे उद्योग, बाढ, कटाव से बचाव का प्लान एंव झोपड़ी का हर मकान पक्के का होगा ये मेरा संकल्प है। इस मिट्टी में जन्म का कर्ज आमलोगों के लिए कुछ करके उतारना चाहता धर्म जाति नहीं बल्कि राजनीति में विकास की बात होनी चाहिए। अपराध मुक्त मटिहानी का स्वरूप स्थापित करुंगा। इस मौके पर मंहथ गंगादास, करण कुमार, वार्ड सदस्य संजीत राय, रेणु देवी, चंद्रकला देवी, नक्कर यादव इत्यादि मौजूद थे।

# नेत्र शिविर में चार हजार मरीजों का इलाज


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

## लोग स्वास्थ्य के प्रति रहें जागरूक

**आरा।** सदर प्रखंड के पीपरा सलेमपुर स्थित महामाया मंदिर परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर का आयोजन शुक्रवार को हुआ। शिविर का आयोजन पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह 'राजापुर वाले' के नेतृत्व में किया गया। शिविर में चार हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। जिनमें निःशुल्क जांच, चश्मा वितरण, दवा वितरण और स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में पारस हॉस्पिटल, एएसजी आई हॉस्पिटल, पटना की संयुक्त विशेषज्ञ टीम ने सेवाएं दीं। 22 विशेषज्ञ डॉक्टरों की इस टीम ने आंतरिक चिकित्सा, पल्मोनोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, कार्डियोलॉजी, त्वचा रोग, स्त्री एवं पुरुष रोग, नेत्र रोग, हड्डी, यूरोलॉजी आदि क्षेत्रों में परामर्श व उपचार सेवाएं दीं। इससे पूर्व क्षेत्र के कई अन्य स्थानों पर सफल स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं, आज महामाया मंदिर परिसर में यह आयोजन उसी क्रम की एक और कड़ी रहा। मौके पर रणविजय सिंह ने कहा कि जब तक बड़हरा की जनता पूरी तरह से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं हो जाती, तब तक ऐसे शिविरों का आयोजन रुकने वाला नहीं है। हमारा प्रयास केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति को स्वास्थ्य के महत्व के प्रति जागरूक करना हमारा संकल्प है। हम बड़हरा के बेटे हैं, यहां के भाई हैं। हमारा संघर्ष स्वास्थ्य, शिक्षा, किसान हित, युवाओं के रोजगार और हर जन मुद्दे पर जारी रहेगा। जब तक हर मोर्चे पर समाधान नहीं हो जाता हम न बैठेंगे, न थकेंगे, और न ही रुकेंगे। शिविर में गदगद महिलाओं ने कहा, हमलोगों को अक्सर इलाज के लिए बाहर जाने में संकोच होता है, लेकिन आज गांव में इतने विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम आई और हमें पूरे सम्मान के साथ इलाज मिला। स्वास्थ्य शिविर हमारे लिए किसी वरदान से कम नहीं है।

# रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दो दिवसीय ज्ञान कुंभ का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**छपरा (सारण)।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा में आईक्यूएसी के तत्वावधान में शुक्रवार को 'प्राचीन शिक्षा प्रणाली बनाम आधुनिक शिक्षा प्रणाली' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्ञान कुंभ का शुभारंभ हुआ।

कॉलेज के राजेन्द्र सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गौतम सिंह, कार्यक्रम के संरक्षक जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ परमेंद्र कुमार वाजपेयी, निपा के प्रो. कुमार सुरेश, पूर्वांचल विश्वविद्यालय विराट नगर नेपाल के पूर्व कुलपति डॉ घनश्याम लाल दास व रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्यप्रकाश दास व संचालन कॉलेज की छात्राएं मानसी, आर्या व प्रियंका के द्वारा किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ सत्प्रकाश दास, धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ ठाकुर सिंह, शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी क्रमशः उमाशंकर सिंह, अनुप कुमार, हरिशंकर, अजीत कुमार, सुजीत कुमार, अमरेश, कंचन भारती, नागेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार आदि के द्वारा फूल माला, पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र आदि भेंटकर किया गया। इस अवसर पर जेपीयू के कुलपति डॉ परमेंद्र कुमार वाजपेयी ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाले कुछ वर्षो में जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी शीर्ष स्थानों में से एक होगा। हमारे विश्वविद्यालय में एबीसी पोर्टल तैयार कर दी गई है। जिससे आने वाले दो वर्षों के बाद कोई विद्यार्थी अपना प्रमाण पत्र कहीं से भी प्राप्त सकता है। पूर्व मंत्री गौतम सिंह ने कहा कि शिक्षा ज्ञान का वह दीप है, जो किसी भी अज्ञानता के अंधकार को दूर कर सकता है। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जर्मनी के विशेषज्ञ डॉ. क्रिश्चियन बार्टोल्फ ने कहा कि आने वाले समय में भारत पूरे विश्व के नंबर एक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होगा। वहीं कार्यक्रम में मौजूद पूर्वांचल विश्वविद्यालय विराट नगर नेपाल के पूर्व कुलपति डॉ घनश्याम लाल दास ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन शिक्षा प्रणाली के गुणों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से समिश्रण कर नीति निर्माण करनी चाहिए।

इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कई शिक्षा विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचार रखेंगे। बताया गया है कि इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए शोध पत्र अंग्रेजी अथवा हिंदी भाषा में आमंत्रित किए गए हैं। शोध पत्र लगभग 2000 शब्दों में एपीए प्रारूप में मांगा गया है। शनिवार को कार्यक्रम का समापन होगा।

# ज्ञान के लिए कॉलेज आना जरूरी : कुलपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**घोड़ासहन (पूर्वी चंपारण)।** स्थानीय जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल कॉलेज, घोड़ासहन में शुक्रवार को 'चंपारण का गौरवशाली इतिहास' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के कुलपति प्रोफ़ेसर दिनेश चंद्र राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ कुलानुशासक प्रो. विनय शंकर राय भी मंचासीन रहे। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पंकज कुमार राय ने अतिथियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राय ने कॉलेज परिसर में नवनिर्मित मुख्य द्वार एवं चाहरदीवारी का विधिवत उद्घाटन भी किया। अपने संबोधन में कुलपति ने महाविद्यालय में जारी आधुनिकीकरण कार्यों की सराहना की और प्राचार्य को उनकी सक्रिय भूमिका के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा गूगल से सिर्फ जानकारी मिल सकती है, लेकिन ज्ञान प्राप्त करने के लिए छात्रों को कॉलेज आना ही होगा। उन्होंने छात्रों की उपस्थिति में कमी पर चिंता जताई और शिक्षकों



से अपील की कि वे विद्यार्थियों को कॉलेज शिक्षा की महत्ता के प्रति जागरूक करें। साथ ही, सीमावर्ती क्षेत्र में उच्च शिक्षा के प्रसार हेतु भूमि दान करने वाले डोनर परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रो. विनय शंकर राय ने चंपारण के गौरवशाली अतीत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने महात्मा गांधी द्वारा चंपारण से शुरू किए गए सत्याग्रह आंदोलन को ऐतिहासिक परिवर्तन का सूत्रपात बताया और कहा कि यह भूमि प्रेरणा, नैतिकता एवं सामाजिक समरसता की प्रतीक रही है। कार्यक्रम में दिलीप सिंह, सरोज जायसवाल, राहुल सिंह, केशव रंजन झा, राजन सिंह, शिवम सिंह, अजय सिंह, धीरज जायसवाल सहित सैकड़ों शिक्षाविद एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे।

# पकड़ीदयाल में किसान संवाद सम्मेलन कल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चंपारण)।** मधुबन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शेखपुरवा बाजार स्थित कृषि मंडी प्रांगण में आगामी 1 जून 2025 को दोपहर 2 बजे से किसान संवाद सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में पूर्व कृषि मंत्री व बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सम्मेलन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कई वरिष्ठ नेता शिरकत करेंगे। जिनमें राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध मेहता, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन यादव, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुमार राय, प्रदेश महासचिव राजीव सिंह, तथा पटना उच्च न्यायालय के महाअधिवक्ता जनाब खुर्शीद आलम शामिल हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान एवं राजद कार्यकर्ताओं की भागीदारी अपेक्षित है। सम्मेलन के उपरांत, बक्सर सांसद सुधाकर सिंह के सम्मान में राजद प्रदेश महासचिव श्री शाश्वत गौतम के निवास स्थान चैता गांव में मैत्री भोज का आयोजन किया जाएगा। इस भोज में सभी नेता, कार्यकर्ता एवं आमंत्रित किसान शामिल होंगे। रात्रि विश्राम के पश्चात, दिनांक 2 जून को दोपहर 1 बजे, सुधाकर सिंह, सुबोध मेहता, शाश्वत गौतम समेत अन्य नेतागण मधुबन प्रखंड के सवंगिया गांव में आयोजित भोज कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह भोज राजद के वरिष्ठ कार्यकर्ता उमेश कुशवाहा के आवास पर आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से किसानों के मुद्दों पर संवाद और संगठनात्मक मजबूती को लेकर विशेष चर्चा की जाएगी।

# युवक की हत्या मामले में पुलिस ने तीन लोगों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने पिछले माह छज्जोपुर गांव निवासी एक युवक की हत्या मामले का खुलासा करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है साथ ही पुलिस ने एक कट्टा, एक कारतूस एवं हत्या में शामिल मोटरसाइकिल को बरामद किया है। मामले की जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष अजित कुमार ने बताया कि पिछले 25 अप्रैल को छज्जोपुर गांव से एक युवक कोचिंग जा रहा था। वही अपराधियों ने आकाश स्कूल के समीप युवक को गोली मार दिया था। जो इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई थी। उसी मामले में मखदुमपुर थाने की पुलिस ने परसबीघा गांव निवासी राहुल कुमार, तरहुआ गांव निवासी डब्लू कुमार एवं गंगासागर गांव निवासी सुजीत कुमार को गिरफ्तार किया है वही हत्या में शामिल मोटरसाइकिल को बरामद किया है। साथ ही पुलिस ने एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतुस बरामद किया है। वही गिरफ्तार तीनो युवक से पुलिस पूछताछ करने में जुटी है। बताते चले कि छजोपुर गांव निवासी युवक बबलू कुमार को अपराधियों ने 25 अप्रैल को आकाश पब्लिक स्कूल के समीप गोली मारकर घायल कर दिया था। जिसका इलाज के दौरान पीएमसीएच में मौत हो गई थी।

# मखदुमपुर में दिव्यांग, वृद्ध, विधवा एवं बच्चों के हित में जागरूकता बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** मखदुमपुर प्रखंड कार्यालय स्थित सभा कक्ष में दिव्यांगजन, वृद्धजन, विधवा महिलाओं और बच्चों के कल्याणार्थ समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं को लेकर जागरूकता सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण माला कुमारी एवं सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा पूनम कुमारी ने की।

बैठक में मुखिया, वार्ड सदस्य, पंच और सरपंचों को संबोधित करते हुए माला कुमारी ने कहा कि दिव्यांगजनों को संबल योजना के तहत बैटरी चालित ट्राईसाइकिल, सहायक उपकरण जैसे बैसाखी, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर आदि प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मखदुमपुर प्रखंड के 77 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का लाभ मिल चुका है। उन्होंने यूडीआईडी कार्ड की महत्ता पर बल देते हुए जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में ऐसे दिव्यांगजन जो अब तक यूडीआईडी कार्ड से वंचित हैं, उन्हें आवेदन के लिए प्रेरित करें ताकि वे पेंशन, यात्रा पास, और आरक्षण जैसी सरकारी सुविधाओं का लाभ ले सकें। बैठक में जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा चलाई जा रही योजनाओं, परवरिश योजना और मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की भी जानकारी दी गई। वित्तीय वर्ष 2024-25 में मखदुमपुर प्रखंड की 219 कन्याओं को विवाह सहायता राशि दी गई, जबकि 27 बच्चों को परवरिश योजना का लाभ मिला है। सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा पूनम कुमारी ने वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी पात्र लाभुकों तक योजना का लाभ पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 2024-25 में मखदुमपुर प्रखंड के 976 परिवारों को कबीर अंत्येष्टि योजना का लाभ मिला, जिसमें धरनई, कुमरडीह और मलाठी पंचायतों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

साथ ही, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत जिले में 268 परिवारों को लाभ मिला, जिनमें 54 लाभुक मखदुमपुर प्रखंड से हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री परिवार लाभ योजना, मुख्यमंत्री कुष्ठ कल्याण योजना, अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना और निश्चलजन विवाह प्रोत्साहन योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। बैठक में बुनियाद केंद्र की सेवाओं, उज्ज्वल दृष्टि योजना के तहत 50 वर्ष से अधिक उम्र के वृद्धों को चश्मा वितरण योजना और नशा मुक्त भारत अभियान की जानकारी भी दी गई। बैठक के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों को नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, मखदुमपुर का सराहनीय योगदान रहा। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनीं 73 समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** समाहरणालय परिसर स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता श्री ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों ने अपनी 73 समस्याएं/आवेदन जिला प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत किए। इनमें प्रमुख रूप से भूमि विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित जटिलताएं, बंदोबस्त एवं भूमि-अर्जन, वृद्धावस्था पेंशन, विद्युत आपूर्ति, राशन कार्ड, शौचालय निर्माण, श्रमिक पंजीकरण, सेवांत लाभ,नल जल योजना आदि से संबंधित विषय शामिल रहे। अपर समाहर्ता द्वारा सभी आवेदनों की गंभीरतापूर्वक सुनवाई की गई, और संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित कर समाधान की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई।लोक शिकायत निवारण अधिनियम के अंतर्गत आने वाले सभी आवेदनों को विधिवत पंजीकृत किया गया, जबकि अधिनियम के बाहर आने वाली समस्याओं को भी शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार के साथ साथ सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र प्रसाद, जिला पंचायती राज पदाधिकारी धनंजय त्रिपाठी, भूमि सुधार उप समाहर्ता चांदनी कुमारी, वरीय उप समाहर्ता कंचन झा, वरीय उप समाहर्ता नेहा, वरीय उप समाहर्ता होमा इरफान सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राजाबाजार में फौजी की हत्या इलाके में फैली सनसनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजाबाजार स्थित सत्संग नगर में एक सेवानिवृत्त फौजी की सोते समय निर्मम हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान शकूराबाद थाना क्षेत्र के सलारपुर गांव निवासी 70 वर्षीय निवासी ॠतु शर्मा के रूप में हुई है, जो इन दिनों सत्संग नगर में किराए के मकान में रह रहे थे। बताया जाता है कि स्वर्गीय ॠतु शर्मा का जीवन सेवा भाव से भरा था। मृतक ॠतु शर्मा सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद छुट्टी पर घर आए थे। वे सत्संग नगर में एक किराए के मकान में रहकर गायों की सेवा किया करते थे और पशुपालन में सक्रिय थे। उनके परिजनों के अनुसार वे एक सरल, खुले स्वभाव के और सेवा-भाव से परिपूर्ण व्यक्ति थे, जिनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। परिवार वालों का कहना है कि वे हर पल को खुशी से जीते थे और स्वयं को समाज सेवा के लिए समर्पित कर चुके थे। रात में घर में घुसकर की गई हत्या प्राप्त जानकारी के अनुसार, ॠतु शर्मा अपने कमरे में सोए हुए थे, इसी दौरान देर रात अज्ञात हमलावरों ने घर में घुसकर उनकी हत्या कर दी। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए हैं और आसपास के लोगों से पूछताछ भी शुरू कर दी है। नगर थाना प्रभारी ने बताया कि हत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है। अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई है और संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। वहीं इस दर्दनाक घटना के बाद से सत्संग नगर इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने हत्या की इस वारदात पर गहरी चिंता जताते हुए सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। उधर, मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे इस निर्मम हत्या को लेकर न्याय की मांग कर रहे हैं।

# नगर पंचायत मखदुमपुर उपचुनाव की तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार द्वारा नगर पंचायत मखदुमपुर के वार्ड संख्या-01 के रिक्त पार्षद पद के लिए उपचुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह उपचुनाव बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 (यथा संशोधित) की धारा 441 के तहत संपन्न कराया जा रहा है।



उपचुनाव 2025 के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में संबंधित कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपचुनाव से जुड़े विभिन्न कार्यों के निर्वहन को लेकर कोषांगों को आवश्यक निर्देश एवं जिम्मेदारियां सौंपी गईं। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि भले ही यह चुनाव केवल एक वार्ड के लिए हो रहा है, फिर भी सभी कोषांगों एवं पदाधिकारियों को पूर्ण गंभीरता, तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने-अपने कार्यों का निष्पादन सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के अनुसार सभी गतिविधियों को समय पर संपन्न कराया जाए। जैसे ही राज्य सरकार की अधिसूचना जारी हुई, मखदुमपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या-01 में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है, जो मतगणना और परिणाम घोषित होने तक लागू रहेगी।

बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ. प्रीति, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी धनंजय त्रिपाठी, उप निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका उपचुनाव 2025) सह जिला परिवहन पदाधिकारी राहुल कुमार सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासन की ओर से स्पष्ट किया गया कि चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं।

# प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत स्वच्छता एवं जनजागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** गया वन प्रमंडल द्वारा पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार के निर्देश पर 'प्लास्टिक मुक्त अभियान-2025' के अंतर्गत 29 मई को 'बराबर पहाड़ी' क्षेत्र में विशेष स्वच्छता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्थानीय ग्रामीणों, वनकर्मियों की सक्रिय सहभागिता के साथ प्लास्टिक मुक्त भारत के संकल्प को मजबूती दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा प्लास्टिक से होने वाले खतरे, विशेषकर सिंगल-यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी गई।बराबर पहाड़ियों जैसे ऐतिहासिक एवं पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की दिशा में यह पहल एक महत्वपूर्ण कदम रही। लोगों को कपड़े व जूट की थैलियों के प्रयोग, पुनः प्रयोग योग्य सामग्री अपनाने, एवं प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक तरीके से निपटान करने की सलाह दी गई। इस अभियान के तहत किया गया कार्य सिर्फ सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि लोगों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव लाने पर केंद्रित रहा।

# वर्षा जल संचय अभियान: जहानाबाद में केंद्रीय नोडल पदाधिकारी का दौरा सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** वर्षा जल संचय अभियान के तहत भारत सरकार के केंद्रीय नोडल पदाधिकारी एवं आयुष मंत्रालय के निदेशक सुबोध कुमार का तीन दिवसीय जहानाबाद दौरा सम्पन्न हुआ। समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने जिले के जल संरक्षण प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया। कुर्रे, धरहरा, डिहरी और भवानीपुर पंचायतों के जल स्त्रोतों, रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, वृक्षारोपण, मछली पालन और गोबरी गैस योजनाओं की सराहना की गई। उन्होंने सरकारी भवनों में जल संचयन प्रणाली की अनिवार्यता, जल स्तर की निगरानी तथा जन जागरूकता पर बल दिया। छात्रावास परिसर, मनरेगा कार्यों और विद्यालयों में पेंटिंग्स की भी प्रशंसा की। श्री कुमार ने जहानाबाद को जल संरक्षण में अनुकरणीय जिला बताते हुए अन्य जिलों में इन मॉडलों को अपनाने की सलाह दी। मनरेगा अंतर्गत समुदाय




आधारित जल संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की गई। हुलासगंज प्रखंड स्थित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई की प्रशंसा करते हुए इसके विस्तार का निर्देश दिया गया।

# एसटीएफ जवान विकास कुमार उर्फ सूरज की सड़क हादसे में मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के पाठक टोली मुहल्ला निवासी व विशेष कार्य बल एसटीएफ के जवान विकास कुमार उर्फ सूरज की सड़क दुर्घटना में मौत की खबर से पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एसटीएफ की टीम मंगलवार को पटना से एक विशेष ऑपरेशन के लिए सूरत (गुजरात) के लिए निकली थी। टीम का उद्देश्य एक गंभीर मामले में कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार करना था। इसी क्रम में बुधवार को मध्य प्रदेश के रतलाम जिले के पास हाईवे पर उनकी स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में दो





पुलिसकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें विकास कुमार भी शामिल थे। लोगों ने सूरज की अंतिम यात्रा के पूर्व उनके पार्थिव शरीर के साथ पूरे शहर का भ्रमण कराया। रास्ते में लोगों ने फूल बरसाकर और नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह ने सूरज को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके साहस तथा कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। उन्होंने कहा, विकास कुमार जैसे जवान की मौत केवल एक परिवार की क्षति नहीं, बल्कि पूरे राज्य पुलिस बल की क्षति है। उन्होंने अपने कर्तव्य के लिए प्राणों की आहुति दी है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। जिलाधिकारी अलंकृता पांडे ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि वीर जवान की शहादत पर पूरे जिले के निवासी मर्माहत हैं।

## एक नजर

### जिला तैलिक साहू सभा की सभी कमिटियां भंग, एक माह में होगा पुनर्गठन

**मोतिहारी।** तैलिक साहू सभा, पूर्वी चम्पारण के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष रघुवर प्रसाद ने जिले की सभी समितियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर श्री प्रसाद ने बताया कि जिला, नगर, महिला एवं युवा समिति सहित सभी इकाइयों का पुनर्गठन एक माह के भीतर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन को सशक्त बनाने हेतु प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर भी नई कमिटियों का गठन किया जाएगा। इस दौरान सभा में ललन प्रसाद आजाद, मुक्तिनाथ प्रसाद, लखबिंद्र प्रसाद, मदन प्रसाद, राजू साह, मनीष कुमार, मनोज साह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### अनुदान के दुरुपयोग पर होगी कार्रवाई

**मोतिहारी।** बिहार सरकार की लघु उद्यमी योजना के तहत पूर्वी चम्पारण जिले में चयनित 2,353 लाभार्थियों में से 900 को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक शुभम कुमार ने बताया कि लाभार्थियों को तीन किस्तों में कुल दो लाख की अनुदान राशि दी जाएगी। योजना में वस्त्र, फर्नीचर, साइबर कैफ़े, आटा चक्की, मसाला निर्माण जैसे 61 प्रकार की परियोजनाएं शामिल हैं। अनुदान राशि के दुरुपयोग की स्थिति में लाभार्थियों से राशि ब्याज सहित वसूली जाएगी और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### किसान संवाद सम्मेलन 1 जून को

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** राजद द्वारा शेखपुरवा कृषि मंडी परिसर में 1 जून को किसान संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में बक्सर सांसद एवं पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह कार्यक्रम में भाग लेंगे। राजद प्रवक्ता सुबोध मेहता, किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदन यादव, एडवोकेट खुर्शीद आलम, शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष कुमार राय सहित अनेक नेता मौजूद रहेंगे। राजद नेता शाश्वत गौतम ने किसानों एवं कार्यकर्ताओं से भारी संख्या में भागीदारी की अपील की है।

### अज्ञात वाहन के धक्के से युवक की मौत

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** मधुछपरा गुमटी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से हरेंद्र महतो (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए पटना ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। वह रोज़ मजदूरी करने मोतिहारी जाते थे। मृतक अपने परिवार का एकमात्र सहारा थे। पत्नी सीमा देवी और तीन छोटे बच्चों के साथ उनका परिवार अब गहरे संकट में है। शव का पोस्टमार्टम कर पुलिस ने परिजनों को सौंप दिया।

### 20 शिक्षक नवाचार के लिए होंगे सम्मानित

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** 'टीबीटी-हस्ती हिस्ट्री मेकर्स' एवं 'मेरा मोबाइल मेरी शिक्षा' मंच द्वारा 1 जून को चकिया प्रखंड के 20 शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। ये शिक्षक पारंपरिक शिक्षा पद्धति से हटकर नवाचार के जरिए बच्चों को पढ़ा रहे हैं। सम्मानित होने वालों में रजनीश तिवारी, अलका सिन्हा, माला सिन्हा, पिंकी कुमारी, दीपक सिंह, अर्चना रानी, अशोक कुमार, सुरेंद्र शर्मा सहित अन्य शामिल हैं।

### तीसरे दिन वार्ड 7 से एक प्रत्याशी ने भरा पर्चा

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** मेहसी नगर पंचायत चुनाव में नामांकन के तीसरे दिन वार्ड 7 से मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी ने वार्ड पार्षद पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से स्वागत किया। अब तक सभापति व उपसभापति पद के लिए किसी ने नामांकन नहीं किया है। नामांकन की अंतिम तिथि 5 जून निर्धारित है।

### 20 सूत्री समिति की बैठक : योजनाओं की समीक्षा, लापरवाह अफसरों को चेतावनी

**पहाड़पुर (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में आयोजित 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में विधायक सुनील मणी तिवारी ने विकास योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि अगली बार भी गैरहाजिर रहने पर उनका नाम सीधे मुख्यमंत्री सचिवालय भेजा जाएगा। बैठक में बीडीओ, सीओ, समिति अध्यक्ष संतोष सिंह सहित सभी विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** सिसवा खरार के कृष्णा कुमार को पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा करने और चोरी की बाइक रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि युवक को पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

### 1101 कन्याओं ने निकाली कलश यात्रा

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** पंचमुखी हनुमान मंदिर, राजपुर मिश्र टोला में प्राण-प्रतिष्ठा और श्रीमद्भागवत कथा को लेकर शुक्रवार को 1101 कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली। नदी से जल भरकर वे मंदिर पहुंचीं। भागवत कथा का आयोजन 30 मई से 5 जून तक किया जाएगा। कथा वाचन काशी से आए पंडित विपिन बिहारी महाराज करेंगे। आयोजन में दर्जनों ग्रामीण शामिल हुए।

### आदापुर थानाध्यक्ष पर लगे आरोप निराधार एसपी ने की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** जिला पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने आदापुर थाना सहित अंचल के विभिन्न थानों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान छौड़ादानो, दरपा, नकरदेई, हरपुर, आदापुर एवं महुआवा थाना के प्रभारी उपस्थित रहे। एसपी ने सभी थानों द्वारा दर्ज प्राथमिकी, वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध की गई कार्रवाई और अन्य गतिविधियों की रिपोर्ट को जिला स्तर से प्राप्त अभिलेखों से मिलान कर जांच की। समीक्षा के दौरान आदापुर थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी के विरुद्ध लगे रिश्वत और चौकीदार निलंबन से जुड़े आरोपों को एसपी ने खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि रसोइया द्वारा दिए गए शिकायत आवेदन की दोबारा जांच कराई गई, जो पुनः गलत पाया गया। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा कि आदापुर थाना प्रभारी के खिलाफ लगाए गए सभी आरोप निराधार पाए गए हैं। समीक्षा बैठक में थानों की पंजी पुस्तिका, अभिलेख व लंबित मामलों की भी गहन जांच की गई।

### महुआवा के माध्यमिक विद्यालय में आइएसएम लैब का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महुआवा पश्चिमी में शुक्रवार को बीइओ सरोज कुमार सिंह ने आईएसएम लैब (इंटीग्रेटेड साइंस एंड मैथ लैब) का फीता काटकर औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर छात्रों के लिए मिड डे मील योजना के तहत तिथि भोज का आयोजन भी किया गया।

बीईओ श्री सिंह सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सभी छात्र-छात्राएं पंक्तिबद्ध होकर एक साथ भोजन में शामिल हुए। इस सामूहिक भोज ने शिक्षा के साथ सामाजिक समरसता और अनुशासन का संदेश भी दिया। इस दौरान बीइओ सरोज कुमार सिंह ने शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे समय पर विद्यालय उपस्थित होकर छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और प्रभावशाली शिक्षा प्रदान करें। उन्होंने कहा कि नई लैब के माध्यम से छात्र विज्ञान और गणित विषयों को व्यावहारिक ढंग से सीख सकेंगे, जिससे उनकी शैक्षणिक समझ और प्रदर्शन में सुधार होगा। कार्यक्रम में मशाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सीआरसी अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार से शिक्षक डॉ. अभिषेक कुमार पांडेय, रश्मि कुमारी, प्रतिमा देवी, विजय कुमार पांडेय, सचिन कुमार, रानी कुमारी, दीपक कुमार, प्रमोद कुमार पांडेय, मनोज राम, शंभू शंकर गोस्वामी, रोहिणी कुमारी, शबिना कौशर एवं एमडीएम बीआरपी श्री विवेक कुमार समेत बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विधानसभा चुनाव : मतदाता सूची में सुधार को लेकर प्रशासन सक्रिय

## डीडीसी अनन्या सिंह ने बैठक कर सभी बीएलओ को दिया आवश्यक निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में डीडीसी अनन्या सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड के सभी बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक के दौरान बीएलओ को मतदाता सूची में योग्य अभियर्थियों का नाम जोड़ने, हटाने व सुधार करने को लेकर कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया, साथ ही लिंगानुपात में सुधार करने का आदेश दिया गया। उन्होंने सभी बीएलओ को घर-घर जाकर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप प्रारूप 6 के तहत नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, प्रारूप 7 के तहत हटाने एवं प्रारूप 8 के तहत वोटर लिस्ट में नाम सुधारने के लिए आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। डीडीसी ने कहा कि सभी बीएलओ निष्पक्ष होकर निर्वाचन सूची में सुधार एवं नए मतदाताओं का नाम जोड़ने का कार्य करें। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जिन बीएलओ का प्रदर्शन खराब पाया जाएगा उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान डीडीसी ने 18 वर्ष से अधिक महिलाओं एवं युवाओं का नाम मतदाता सूची में अधिक से अधिक जोड़ने का दिशा-निर्देश दिया। साथ ही अनुपस्थिति बीएलओ के खिलाफ स्पष्टीकरण करने का बीडीओ को निर्देश दिया गया। वही आवास सहायक के साथ भी बैठक की गई। कार्य मे तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीआरडीए डायरेक्टर अनुपम कुमार, बीडीओ उपेन्द्र दास, कार्यक्रम पदाधिकारी मिलन, बीएलओ सियाराम यादव, रणविजय कुमार सिंह, विजय कुमार, सरोज कुमार, बिपिन कुमार, अरविंद कुमार, विनोद कुमार चौधरी, पवन कुमार, मुकुल कुमार, दुर्योधन कुमार, मो मुमताज, सहित अन्य बीएलओ शामिल हुए।

# रोहिणी नक्षत्र शुरू होते ही धान का बिचड़ा लगाने में जुटे किसान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** रोहिणी नक्षत्र ने दस्तक दे दी है। आठ जून तक यह महत्वपूर्ण नक्षत्र रहेगा। रोहिणी से ही धान की खेती की विधिवत शुरुआत हो जाती है। इस नक्षत्र में धान बीज की बुआई सबसे उत्तम माना जाता है। यही वजह है कि धान का बिचड़ा तैयारी करने के लिए किसान खेतों में बीज की बुआई करने लगे हैं, लेकिन पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसान उचित समय का इंतजार कर रहे हैं। कृषि विभाग के प्रखंड कृषि समन्वयक मुकेश अकेला ने बताया कि इस वर्ष 9500 हेक्टेयर में धान रोपनी का लक्ष्य रखा गया है। धान का बिचड़ा 950 हेक्टेयर में किए जाने का लक्ष्य है। किसानों के लिए खुशखबरी है कि इस वर्ष बरसात मौसम समय पर पहुंचा है। बारिश भी हो रही है। धान बीज की बुआई रोहिणी नक्षत्र से प्रारंभ हो जाता है। जिन किसानों के पास पटवन के लिए संसाधन उपलब्ध होता है वे लोग इसी नक्षत्र में बीज की बुआई कर देते हैं। 15 जुलाई तक बिचड़ा तैयारी हो जाता है और सही समय धान के बिचड़ा की रोपनी कर देते हैं जिस कारण धान की उपज अच्छी होती है। वहीं मदनपुर निवासी किसान राजेन्द्र ठाकुर, पाठक बिगहा निवासी अरुणजय पाठक उर्फ करिवन पाठक ने बताया कि 10 जून तक रोहिनी नक्षत्र में ही धान बीज की बुआई कर देते हैं और 15 जुलाई तक धान रोपाई की शुरुआत कर देते हैं जिस कारण धान फसल पहले तैयार हो जाता है। पहले धान की रोपनी करने से फायदा यह होता है कि धान की कटनी पहले हो जाता है। उपज गुणवत्तापूर्ण और अधिक होता है।

## बाइक से गिरकर महिला जख्मी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** मायके से ससुराल जा रही एक महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोड़ के समीप की है। घायल महिला की पहचान खुदवा थाना क्षेत्र के सागरपुर गांव निवासी रीना देवी के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि रीना अपनी मायके पकड़ी से बाइक द्वारा ससुराल सागरपुर गांव जा रही थी, इसी दौरान उस जगह बाइक अनियंत्रित हो गई और गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ओबरा पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में ऑटो सवार जख्मी

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** बस ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिसमें ऑटो में बैठा सवारी गिरकर घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उपचार किया। घटना शहर के बाईपास के समीप की है। घायल व्यक्ति की पहचान नबीनगर के बैरिया बाजार निवासी राम केवल ठाकुर के पुत्र अरविंद कुमार के रूप में हुई है। इलाज के दौरान अरविंद ने बताया कि बाईपास के समीप बस ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिससे ऑटो पलट गया और वह गिरकर घायल हो गया।

# मुख्यमंत्री सचिवालय ने पेयजल समस्या दूर करने के लिए पीएचईडी विभाग को दिया आदेश

## मुख्यमंत्री की प्रगतियात्रा के दौरान मुख्य पार्षद ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** नगर पंचायत के मुख्य पार्षद मिरिख दरखशां ने मुख्यमंत्री के प्रगतियात्रा के दौरान शहर के करीब आठ वार्डो सहित अन्य वार्डो में पेयजल से वंचित लोगो को पेयजल उपलब्ध कराने हेतू मांग पत्र दिया था। जिसके आलोक में मुख्यमंत्री सचिवालय के संयुक्त सचिव मनोज कुमार ने प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को मुख्यमंत्री शहरी पेयजल योजना के तहत जलापूर्ति कराने के संबंध में यथोचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। मुख्य पार्षद ने बताया कि वर्तमान में शहर के कई मुहल्ले में पेयजल का संकट बना हुआ है। नगर पंचायत द्वारा बनाए गए प्याऊ से 500- 500 फिट का पाइप लगाकर लोग अपने घर तक पानी ले जाकर सिर्फ दिनचर्या का कार्य कर रहे है। ऐसे में मुख्यमंत्री सचिवालय से पीएचइडी विभाग को दिया गया सख्त निर्देश से पेयजल से वंचित वार्डो में भी पेयजलापूर्ति की आशा जगी है। इसके लिए मुख्य पार्षद ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट की है।

# जनजागरूकता अभियान चलाएगा लोहार समाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड में बिहार लोहार अनुसूचित जनजाति जागृति मंच जिला कमिटी की बैठक विजय विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजि की गयी। बैठक का संचालन संजय विश्वकर्मा ने किया। मौके पर जिलाध्यक्ष ने कहा पूरे औरंगाबाद जिले में जल्द ही संगठन विस्तार के लिए भ्रमण किया जाएगा और पूरे जिले के हर प्रखंड हर पंचायत हर गांव तक जाकर अपने हक की लड़ाई हेतु चर्चा किया जाएगा जो उनका अधिकार है। आने वाला विधानसभा चुनाव में भी लोहार समाज अपनी चट्टानी एकता का परिचय देगा और जरूरत पड़ी तो समाज खुद अपना प्रत्याशी खड़ा करेगा। जिला संगठन प्रभारी दिलीप विश्वकर्मा ने कहा कि लोहार समाज को संवैधानिक हक प्राप्ति के लिए एकजुट होने की जरूत है। लोगो में जागरूकता के लिए पंचायत स्तर तक लोहार जन- जागरूकता रथ चलाने की आवश्यकता है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष सोमनाथ विश्वकर्मा, बिनोद विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, राजेश विश्वकर्मा, राधा विश्वकर्मा, राम स्वरूप विश्वकर्मा, त्रिकाल विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम विश्वकर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, कामदेव विश्वकर्मा, अनिरुद्ध विश्वकर्मा, केदार विश्वकर्मा के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## नाबालिग लापता

**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** रफीगंज थाना क्षेत्र से एक 15 वर्षीया नाबालिग लड़की के लापता होने की सूचना है। इस संदर्भ में नाबालिग के पिता ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए यह उल्लेख किया कि मेरे पुत्री बीते 3 मई को 7:30 बजे घर से कहीं चली गई है, उसके मोबाइल पर फोन लगाते हैं रिंग होता है लेकिन मोबाइल नहीं उठता है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। बता दें कि रफीगंज प्रखंड के चरकावां पंचायत अंतर्गत सुल्तानपुर टोले जहीरगंज से तीन नाबालिग लड़कियां 16 मई से लापता है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है।

## मोटरसाइकिल चोरी मामले में प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के स्वीट ड्रीम मैरेज हॉल के पास मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कियाखाप गांव निवासी रवि कुमार ने रफीगंज थाना में अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी है। रवि ने बताया कि रात्रि में कियाखाप गांव निवासी डीलर जागेश्वर यादव की पुत्री की शादी समारोह में गए थे, वापस आया तो मोटरसाइकिल उक्त जगह पर नहीं था। आसपास ढूंढा लेकिन गाड़ी कहीं नहीं मिली। इस संदर्भ में रफीगंज थाना में आवेदन दी गई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

# शारदीय खरीफ फसल की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**गोह (औरंगाबाद)।** प्रखंड कार्यालय स्थित ई-किसान भवन सभागार में शुक्रवार को शारदीय खरीफ महाभियान 2025 के तहत एकदिवसीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, कार्यवाहक प्रखंड प्रमुख सोनी कुमारी, वरीय वैज्ञानिक अनुप चौबे, उप परियोजना निदेशक आत्मा शालिग्राम सिंह, आत्मा अध्यक्ष विनय कुमार, नवनियुक्त प्रखंड कृषि पदाधिकारी पवनजय कुमार ने किया। उपस्थित पदाधिकारियों ने वित्तीय वर्ष 2025-26 मे चलने वाले विभिन्न योजनाए जैसे- अनुदानित धान वितरण, शंकर धान वितरण, शंकर मक्का वितरण, अरहर बीज वितरण के बारे मे विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही प्राकृतिक खेती के बारे मे बताया। इस मौके पर तकनीकी प्रबंधक अरविंद कुमार विद्यार्थी, सहायक तकनीकी प्रबंधक विवेक कुमार, प्रखंड लेखपाल अमरेंद्र कुमार, दिवाकर कुमार, कृषि समन्वयक राजेश कुमार, मनीष कुमार, विक्रांत कुमार, विपिन कुमार पाठक, ब्रजेश कुमार विद्यार्थी, सुनील कुमार, मोहम्मद हसनैन अहमद, अखिलेश कुमार जगदंबा राम सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।


बिहार सरकार

## समाहरणालय, औरंगाबाद

### (प्रारंभिक अधिसूचना)

### (अधिनियम–30/2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

चूँकि समाहर्त्ता, औरंगाबाद को यह प्रतीत होता है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत रफीगंज, अंचल में कुल 4 मौजा (हाजीपुर, अहमदपुर, चौबड़ा, करमामसूद) कुल–12.0099 एकड़ भूमि नहर निर्माण यथा उत्तर कोयल जलाशय योजना अन्तर्गत उत्तर कोयल नहर प्रमंडल, गया के लिए भू–अर्जन हेतु अपेक्षित है। इसलिए राज्य एस0 आई0 ए0 इकाई द्वारा सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन कराया गया और एक प्रतिवेदन सौपा गया। सामाजिक प्रभाव मूल्यांकन प्रतिवेदन का सार संक्षेप यथा निम्न है।

नहर निर्माण के पश्चात् किसानों के कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी होगी जिससे कृषकों को विशेष लाभ प्राप्त होगा। इस परियोजना के लिए न्यूनतम जितनी भूमि की आवश्यकता है, उतनी ही भूमि ली जा रही है।

भू–अर्जन के कारण कुल– शून्य परिवारों के विस्थापित होने की संभावना है। अधिसूचित किया जाता है कि जिला– औरंगाबाद में रफीगंज अंचल के निम्नवत् कुल–04 मौंजों में कुल–12.0099 एकड़ भूमि का भूखण्ड अर्जनाधीन है, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है:–

| क्रम सं0 | खाता संख्या | सर्वे भूखण्ड संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जन के अधीन क्षेत्र (एकड़) में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | सीमा (भूखण्ड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| मौजा का नाम– हाजीपुर, अंचल–रफीगंज, थाना नं0–416 | | | | | | | | | | |
| 1 | 56 | 27 | रैयती | धनहर | 0.0840 | सूर्यदेव चौधरी पिता–मंगलु चौधरी, सा0 हाजीपुर | 28 | 493 | नीज | नीज |
| 2 | 56 | 28 | रैयती | धनहर | 0.0850 | सूर्यदेव चौधरी पिता–मंगलु चौधरी, सा0 हाजीपुर | 29 | 27 | नीज | नीज |
| 3 | 33 | 29 | रैयती | धनहर | 0.0480 | शेख अब्दुल्लाह, पिता–शेख करीमुल्लाह, सा0 हाजीपुर | 471 | 28 | नीज | नीज |
| 4 | 29 | 30 | रैयती | धनहर किता | 0.1020 | सरयु मिस्त्री पिता–हलखोरी मिस्त्री,सा0 हाजीपुर | 31 | 471 | नीज | नीज |
| 5 | 29 | 31 | रैयती | धनहर किता | 0.0840 | सरयु मिस्त्री पिता–हलखोरी मिस्त्री,सा0 हाजीपुर | 32 | 30 | नीज | नीज |
| 6 | 31 | 32 | रैयती | धनहर किता | 0.0600 | शिववरत महतो पिता–महादेव महतो, सा0 हाजीपुर | 472 | 31 | नीज | नीज |
| 7 | 29 | 33 | रैयती | धनहर किता | 0.1600 | सरयु मिस्त्री पिता–हलखोरी मिस्त्री,सा0 हाजीपुर | 34 | 472 | नीज | नीज |
| 8 | 27 | 34 | रैयती | धनहर किता | 0.1080 | भागो देवी पति–रामबालक दुसाध, सा0 हाजीपुर | 35 | 33 | नीज | नीज |
| 9 | 31 | 35 | रैयती | धनहर किता | 0.0700 | शिववरत महतो पिता–महादेव महतो, सा0 हाजीपुर | 36 | 34 | नीज | नीज |
| 10 | 33 | 471 | रैयती | धनहर किता | 0.0450 | शेख अब्दुल्लाह, पिता–शेख करीमुल्लाह,सा0 हाजीपुर | 30 | 29 | नीज | नीज |
| 11 | 27 | 472 | रैयती | धनहर किता | 0.0540 | उपेश्वर प्रजापत पिता– मीता प्रजापत,सा0 हाजीपुर | 33 | 32 | नीज | नीज |
| 12 | 58 | 493 | गैरमजरूआ आम | खन्ता | 0.0600 | गैरमजरूआ आम | 27 | 492 | नीज | नीज |
| | | | | कुल (एकड़ में) | 0.9600 | | | | | |
| मौजा का नाम– अहमदपुर, अंचल–रफीगंज, थाना नं0–414 | | | | | | | | | | |
| 13 | 3 | 8 | बकास्त मोकिरदार | धनहर | 0.5200 | बकास्त मोकिरदार | 3 | 32 | नीज | नीज |
| 14 | 15 | 9 | गैरमजरूआ मोकिरदार | धनहर | 0.0100 | गैरमजरूआ मोकिरदार | 10 | 8 | नीज | नीज |
| 15 | 3 | 11 | बकास्त मोकिरदार | भीठ | 0.0200 | बकास्त मोकिरदार | 12 | 10 | नीज | नीज |
| 16 | 15 | 17 | गैरमजरूआ मोकिरदार | भीन्ड | 0.0560 | गैरमजरूआ मोकिरदार | नीज | नीज | 23 | 891 |
| 17 | 8 | 18 | रैयती | धनहर | 0.0200 | मु0 वीगन कुंवर पति–नारायण साह, ग्राम–अहमदपुर | चौखड़, 411 | नीज | नीज | 16 |
| 18 | 4 | 19 | बकास्त मोकिरदार | धनहर | 0.1062 | बकास्त मोकिरदार | चौबड़ा | 20 | नीज | नीज |
| 19 | 72 | 20 | रैयती | धनहर | 0.5700 | मुन्नी देवी पति– नरेन्द्र कुमार यादव | 19 | नीज | नीज | नीज ,18,21 |
| 20 | 3 | 21 | बकास्त मोकिरदार | धनहर | 0.5200 | बकास्त मोकिरदार | 18 | नीज | नीज | 13 |
| 21 | 15 | 22 | गैरमजरूआ मोकिरदार | भीन्ड | 0.0360 | गैरमजरूआ मोकिरदार | 21 | 23 | नीज | नीज |
| 22 | 3 | 23 | बकास्त मोकिरदार | धनहर | 0.4900 | बकास्त मोकिरदार | 22 | नीज | नीज | नीज, 17 |
| 23 | 16 | 32 | गैरमजरूआ आम | भीन्ड | 0.0360 | गैरमजरूआ आम | 8 | 39 | नीज | नीज |
| 24 | 3 | 38 | बकास्त मोकिरदार | धनहर | 0.1600 | बकास्त मोकिरदार | 39 | 40 | नीज | 39 |
| 25 | 16 | 39 | गैरमजरूआ आम | आहर | 0.0990 | गैरमजरूआ आम | 32 | 44 | 38 | 45 |
| 26 | 17 | 40 | बकास्त मोकिरदार | धनहर | 0.0360 | बकास्त मोकिरदार | 38 | 41 | नीज | 44 |
| 27 | 27 | 41 | रैयती | धनहर | 0.0010 | खेमराज यादव पिता– किशुनधारी यादव | 40 | नीज | नीज | 44 |
| 28 | 36 | 44 | गैरमजरूआ आम | भीठ | 0.1075 | गैरमजरूआ आम | 39 | नीज | 40, 41 | 45 |
| 29 | 36 | 45 | गैरमजरूआ आम | भीठ | 0.0960 | गैरमजरूआ आम | नीज | नीज | 44, 39 | 46, 47 |
| 30 | 22 | 46 | रैयती | धनहर | 0.2000 | अब्दुल गफार खॉं वगैरह पिता– रयुब खॉं | नीज , 47 | नीज, 57 | नीज 45 | नीज, 49, 50 |
| 31 | 22 | 47 | रैयती | परती कदीम | 0.0020 | अब्दुल मन्नान खॉं वगैरह पिता– अ0 हलीम | नीज | 46 | 45 | नीज |
| 32 | 30 | 49 | रैयती | धनहर | 0.0220 | सुखलाल अहिर, पिता– जीतन अहिर | नीज | 50 | 46 | नीज |
| 33 | 29 | 50 | रैयती | धनहर | 0.1800 | लक्ष्मन अहिर, पिता– हरलाल अहिर | 49 | 57 | 46 | नीज |
| 34 | 17 | 57 | बकास्त मोकिरदार | भीठ | 1.3200 | बकास्त मोकिरदार | 51 | नीज | नीज | करमानसुद |
| | | | | कुल (एकड़ में) | 4.6077 | | | | | |
| मौजा का नाम– चौबड़ा, अंचल–रफीगंज, थाना नं0–411 | | | | | | | | | | |
| 35 | 16 | 1906 | रैयती | धनहर | 0.0325 | फुलवा देवी पति–स्व0 कुलदीप यादव, ग्राम–चरकावॉं नीचली डिह | 1901 | 1913 | 1914 | नीज |
| 36 | 23 | 1912 | रैयती | धनहर | 0.0487 | राम लखन सिह यादव, कमलेश यादव, विमलेश यादव पिता–सहदेव यादव सा0–करमी | 1913 | अहमदपुर सीमान | 1914 | नीज |
| 37 | 73 | 1913 | रैयती | धनहर | 0.0630 | सरयु यादव पिता–हलखोरी यादव ग्राम–चरकावॉं निचला डिह | 1906 | 1912 | 1914 | नीज |
| 38 | 103 | 1914 | गैरमजरूआ मालिक | परती कदीम | 0.2500 | गैरमजरूआ मालिक | नीज | 1912 | नीज 1915 | 1913,1906 |
| 39 | 104 | 1915 | गैरमजरूआ आम | बॉंध | 0.0080 | गैरमजरूआ आम | नीज | नीज | 1917 | 1914 |
| | | | कुल (एकड़ में) | | 0.4022 | | | | | |
| मौजा का नाम– करमा मसूद, अंचल–रफीगंज, थाना नं0–415 | | | | | | | | | | |
| 40 | 42 | 153 | रैयती | धनहर किता | 0.2600 | एतवार यादव वो गोविन्द यादव, पिता–सोहराई यादव, सा0 करमा मसूद | नीज | 154 | बॉंध | सड़क |
| 41 | 50 | 154 | रैयती | धनहर किता | 0.1800 | नाथुन यादव, पिता–वंशी यादव सा0 करमा मसूद | 153 | नीज | बॉंध | सड़क |
| 42 | 58 | 158 | गैर मजरूआ आम | पिपर | 0.0230 | गैर मजरूआ आम | 152 | नीज | 159 | 153 |
| 43 | 42 | 159 | रैयती | धनहर किता | 0.3000 | यदुनंदन भगत, पिता–मुरत भगत, सा0 अब्दुलपुर | 152 | 160 | बॉंध | 158 |
| 44 | 50 | 160 | रैयती | धनहर किता | 0.0840 | रजमनिया देवी पति–रामेश्वर यादव सा0 करमा मसूद | 159 | नीज | बॉंध | 158 |
| 45 | 56 | 196 | रैयती | धनहर किता | 0.3550 | जगदेव यादव, वगैरह, पिता–बुधन यादव वगैरह सा0–करमा मसूद | 197 | नीज | 229 | 200 |
| 46 | 52 | 197 | रैयती | धनहर किता | 0.6250 | जगदेव यादव, वगैरह, पिता–बुधन गोप वगैरह सा0–करमा मसूद | 198 | 196 | 229 | 200 |
| 47 | 50 | 198 | रैयती | धनहर | 0.0120 | भिखर यादव पिता–मुहर यादव करमा मसूद | नीज | 197 | 227 | 197 |
| 48 | 58 | 200 | गैर मजरूआ आम | आहर | 0.0300 | गैर मजरूआ आम | नीज | नीज | 196 | 159 |
| 49 | 50 | 225 | रैयती | धनहर किता | 0.2050 | भीखर यादव पिता–मुहर यादव सा0 करमा मसूद | नीज | 226 | बॉंध | 227 |
| 50 | 44 | 226 | रैयती | धनहर किता | 0.1500 | रघुविर यादव पिता–देवेन्द्र प्रसाद धानो देवी पति– श्री चौधरी यादव सा0 करमा मसूद | 225 | 229 | बॉंध | 228 |
| 51 | 50 | 227 | रैयती | धनहर | 0.3200 | करमी देवी पति–मुनारिक यादव सा0 करमा मसूद | 224 | 228 | 225 | 197 |
| 52 | 44 | 228 | रैयती | धनहर किता | 0.1900 | फुलकुंवर देवी, वो कुन्ति देवी पति–कामेश्वर वो जवाहर यादव, सा0 करमा मसूद | 229 | 229 | 226 | 197 |
| 53 | 42 | 229 | रैयती | धनहर किता | 0.3100 | यदुनन्दन भगत, पिता–मुरत भगत, सा0 अब्दुलपुर | 228,226 | नीज | बॉंध | 196 |
| 54 | 60 | 376 | रैयती | धनहर | 0.2600 | लुका यादव, एतवार यादव, गोबिन्द यादव पिता–सोहराई यादव सा0 करमा मसूद | नीज | नीज | 377 | 333 |
| 55 | 58 | 333 | गैर मजरूआ आम | आहर | 1.1000 | गैर मजरूआ आम | नीज | नीज | 376 | 334 |
| 56 | 58 | 334 | गैर मजरूआ आम | बॉंध | 0.0360 | गैर मजरूआ आम | नीज | नीज | 333 | 217 |
| 57 | 68 | 377 | गैरमजरूआ ठिकेदार | परती कदीम | 0.4300 | गैरमजरूआ ठिकेदार | नीज | नीज | 513 | 376 |
| 58 | 78 | 513 | डिस्ट्रीक बोर्ड | सड़क | 0.1300 | डिस्ट्रीक बोर्ड | नीज | नीज | 546 | 377 |
| 59 | 24 | 555 | रैयती | भीठ | 0.0400 | वरती देवी, पति–देवचरण यादव सा0–करमामसूद | नीज | 557 | नीज | 559 |
| 60 | 55 | 556 | रैयती | भीठ | 0.0300 | चन्द्रदीप यादव, पिता–तपसी यादव सा0–करमामसूद | नीज | 559 | नीज | 446 |
| 61 | 55 | 557 | रैयती | भीठ | 0.1800 | चन्द्रदीप यादव, पिता–तपसी यादव सा0–करमामसूद | 555 | 559 | 558 | 559 |
| 62 | 57 | 558 | गैरमजरूआ ठेकादार | पजावा | 0.0500 | गैरमजरूआ ठेकादार | 555 | 559 | सीमान | 557 |
| 63 | 41 | 559 | रैयती | भीठ | 0.6400 | वासदेव नारायण, शत्रुधन शरण, जनक प्रसाद पिता– रामदयाल साव सा0–करमामसूद | 557 | 560 | सीमान | 559 |
| 64 | 49 | 560 | रैयती | भीठ | 0.0500 | मेघन यादव पिता–नथुन यादव सा0 करमा मसूद | 559 | नीज | सीमान | नीज |
| 65 | 68 | 568 | गैरमजरूआ ठेकादार | परती कदीम | 0.0500 | गैरमजरूआ ठेकादार | 546 | नीज | 559 | सड़क |
| | | | | कुल (एकड़ में) | 6.0400 | | | | | |
| | | | | सर्व योग– (एकड़ में) | **12.0099** | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम सं0–30/2013), की धारा–11 (1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी औरंगाबाद के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। बिहार सरकार/समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथाउपबंधित एंव यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यो के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी औरंगाबाद और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा–11 (4) के अधीन कोइ व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई विल्लंगम उत्पन्न करेगा। अधिनयिम की धारा–15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60 दिनों) के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी औरंगाबाद के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद।

PR- 04758 ( Revenue ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

# बीडीसी की बैठक में आंगनबाड़ी केन्द्र का छाया रहा मुद्दा

## हर गांव में पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड परिसर स्थित स्वर्ण जयंती भवन में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख बबीता देवी की अध्यक्षता में आहूत की गई, जहां उप प्रमुख प्रेम कुमार समेत बीडीओ सीमा कुमारी, सीओ श्वेता कुमारी, सीडीपीओ अर्चना कुमारी के अलावा एमओ एवं अन्य पदाधिकारी एवं सभी पंचायत के मुखिया पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरुआत में नदवां पंचायत के मुखिया शंकर कुमार ने कहा कि प्रत्येक केंद्र से नजराना वसूली हो रही है, इस पर निगरानी जांच का प्रस्ताव लिया जाए वहीं उप प्रमुख प्रेम कुमार ने भी इस बात पर सहमति जताई कि केंद्र पर निगरानी जांच का प्रस्ताव लिया जाए, इसके अलावा गोविंदपुर बौरही के पंचायत समिति सुरेंद्र यादव ने सीओ, आरओ से सवाल उठाया की सभी कर्मचारी प्राइवेट मुंशी रखकर दलाली कर रहे हैं। इसके अलावा शिक्षा व्यवस्था पर बहरामपुर के मुखिया गुड्डू कुमार ने कहा कि स्कूलों बच्चे 20 रहते हैं इसका एमडीएम 80 लोगों का बनाया जाता है। इसके अलावा हुलासचक वीर में कई जगहों पर बिजली तार जर्जर है 2 सालों से पोल और बिजली तार बदले नहीं गए हैं। वही सतपरसा के नीतीश कुमार, नदवा के पंचायत समिति धर्मेंद्र कुमार रजट ने पीडीएस पर भी सवाल उठाए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने बताया की पंचायत समिति बैठक में पीएचईडी को हर गांव में पानी की समस्या को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। बरसात से पहले बिजली के तार पोल जर्जर है उसे दुरुस्त किया जाए बैठक में सभी पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य शामिल रहे।



# आत्महत्या से पहले बनाया वीडियो फिर फंदे से झूल गई विवाहिता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** अनुमंडल के पंडारक थाना अंतर्गत बड्डूपुर गांव में देर रात एक महिला ने फंासी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी लगाने से पहले उसने अपना एक सुसाइड वीडियो भी बनाया है। गुड़िया, उम्र 21 वर्ष, की शादी एक साल पहले ही पंडारक थाना के बड्डूपुर गांव में हुई थी। वह शेखपुरा जिले में बटोहरा गांव की रहने वाली थी। उसका पति संतोष कुमार, उम्र 24 वर्ष, मुंबई में दर्जी का काम करता है। रात में उसने परिवार के साथ खाना खाया और अपने कमरे में सोने चली गई। वह देर रात तक टीवी पर सीरियल देखती रही। इसके बाद उसने अपने कमरे का दरवाजा सटा लिया और अपने मोबाइल से एक सुसाइड वीडियो बनाया। सुसाइड वीडियो में उसने बताया कि उसके अब जीने की कोई इच्छा नहीं है। सुसाइड वीडियो में उसने परिवार में किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। इसके बाद उसने कमरे में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। चार बजे सुबह जब उसकी सास ने आवाज दी, तब भी वह नहीं उठी। उसके देर तक नहीं उठने पर परिवार के लोगों ने दरवाजा खोलकर देखा तो लोगों की आंखें फटी रह गई। वह कमरे में लगे पंखे से झूल रही थी। परिवार के लोगों ने तुरंत उसे नीचे उतारा और पुलिस को फोन पर पूरी जानकारी दी। पंडारक थाने की पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच चुकी थी। महिला का मोबाइल चेक किया गया, तब पुलिस को सुसाइड से पहले गुड़िया द्वारा मौत से पहले बनाया गया एक वीडियो सामने आया। महिला के माता पिता को भी फोन कर जानकारी दी गई। महिला के परिजनों ने भी ससुराल वालों पर कोई आरोप नहीं लगाया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में शव पोस्टमार्टम के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

# कोरोना की दस्तक के बाद अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट बंद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** सूबे में कोरोना ने दस्तक दे दिया है. राजधानी में दो कोरोना के मरीज मिले है। कोरोना काल में लगाये गये अनुमंडलीय अस्पताल में ऑक्सीजन प्लांट बंद पडा हुआ है। आज तक टेक्नीशियान को पदस्थापित नही किया गया है। जिसके कारण ऑक्सीजन प्लांट का रख-रखाव के अभाव में धूल फांक रहा है और प्लांट के अंदर गंदगी बिखरे पड़े हैं। ऑक्सीजन प्लांट के लिए नये जनरेटर भी शोभा का वस्तु बना हुआ है। बताया जाता है कि अस्पताल परिसर में ऑक्सीजन प्लांट करीब 250 एलपीएम का लगाया गया है। ऑक्सीजन प्लांट से इमरजेंसी से ओपीडी व वार्डों में पाइप लाइन बिछाया गया है परंतु चालू नही किया गया है। जिससे कारण मरीजो को इमरजेंसी में भी ऑक्सीजन प्लांट से ऑक्सीजन आपूर्ति नही की जाती है। प्रबंधक सीमा कुमारी ने बताया कि पिछले एक सप्ताह पूर्व स्वास्थ्य विभाग से टीम आकर ऑक्सीजन प्लांट का जायजा लिया गया है और आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही ऑक्सीजन प्लांट के लिए टेक्नीशियन पदस्थापित किया जायेगा। इस संबंध में अस्पताल के उपाधीक्षक डा नीभा मोहन ने बताया कि ऑक्सीजन प्लांट जो एजेंसी लगाया था। वह एजेंसी आकर निरीक्षण किया है और जल्द ऑक्सीजन प्लांट को चालू किया जायेगा।

# विधि सेवा की तपोभूमी बनेगा अधिवक्ता भवन : न्यायाधीश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** न्यायो धर्मस्य मूलं धर्मः लोकेस्य अधर, अर्थात न्याय धर्म की जड़ है और धर्म समाज का आधार है। न्याय कोर्ट रूम में नहीं होता बल्कि हर उस जगह पर होता है जहां पर सच बोला जाता है अन्याय का प्रतिकार होता है और विधि का सम्मान होता है। उक्त बातें प्रथम जिला सत्र एवं न्यायाधीश रूपेश देव ने अधिवक्ताओं को संबोधन में कहा। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है यह भवन उन मूल्यों को सशक्त करेगा समय-समय पर सामाजिक चेतना का अग्रसर रहेगा। अब समय है कि एक नई संरचना के साथ अपनी उत्तरदायित्वों को और व्यापक रूप दे। व्यवहार न्यायालय मसौढ़ी में अधिवक्ताओं के बैठने का भवन का शिलान्यास का नींव रखने का यह मात्र कार्यक्रम नहीं है यह उस परंपरा की पुष्टि करता है जिसके मूल में न्याय समानता और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी निहित है। बहरहाल मसौढ़ी में भवन निर्माण एवं विधि विभाग के द्वारा शुक्रवार को अधिवक्ता भवन का शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान यह उक्त बातें कहीं। जिला सत्र एवं न्यायाधीश रूपेश देव समेत अन्य न्यायिक अधिकारीयों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर विधिवत रूप से शिलान्यास किया। यह भवन 40 अधिवक्ताओं की बैठने की जगह होगी, जहां 45 लाख के लागत से यह भवन का निर्माण कराया जा रहा है, हालांकि मसौढ़ी में 200 अधिवक्ता है। अधिवक्ता भवन की घेराबंदी, उत्पाद कोर्ट, अतिरिक्त परिवार न्यायालय की मांग संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने किया। मौके पर एडिजे-1 शंकास चंद्रा, एडीजे-2, संजीव कुमार, एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी, मुंशीफ नवीन कुमार, जुडिशल मजिस्ट्रेट नवीन कुमार गौतम, आशुतोष कुमार और सत्यप्रकाश के अलावा अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक महासचिव राकेश कुमार शर्मा अनिल कुमार, सतीश कुमार समेत अन्य सैकड़ो अधिवक्ता शामिल रहे।



# 'स्वच्छ संपतचक, स्वस्थ संपतचक' का दावा खोखला, कई वार्डों में नहीं हो रही नियमित सफाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** संपतचक नगर परिषद भले ही स्वच्छता को लेकर बड़े-बड़े दावे कर रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे कोसों दूर है. नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्डों में नियमित सफाई भी नहीं हो रही है, जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि सफाई कर्मी रोजाना नहीं आते और केवल चुनिंदा वार्डों में ही सफाई कार्य किया जा रहा है। स्थानीय निवासी अब अपने इलाके के कूड़ा कचरा वाले जगह का फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर डालकर अपने गुस्से नाराजगी का इजहार कर रहे हैं। सबसे बदतर स्थिति वार्ड संख्या 26 चकबैरिया की बताई जा रही है। स्थानीय निवासियों के अनुसार यहां 08 मई से लेकर आज तक कूड़ा उठाने कोई भी सफाईकर्मी नहीं आया है। स्थिति यह है कि जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और दुर्गंध से मोहल्ले का वातावरण दूषित हो गया है। लोगों का आरोप है कि सरकार ग्रामीण इलाकों को शहरी घोषित कर टैक्स तो वसूल रही है, लेकिन बुनियादी सुविधाएं देने में विफल है। कूड़ा उठाव, नालियों की सफाई, और नियमित सफाईकर्मियों की तैनाती जैसे ज़रूरी कामों में लापरवाही बरती जा रही है। सफाई एजेंसी द्वारा प्रति मजदूर पर जो खर्च दिया जाना चाहिए, वह भी पूरी तरह नहीं मिल रहा है। इसी वजह से कई सफाईकर्मी काम करने से कतरा रहे हैं। नतीजा यह है कि वार्डों में गंदगी का अंबार लग गया है और संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। इस संबंध में नगर परिषद के सभापति अमित कुमार का कहना है कि संपतचक क्षेत्र को हाल ही में नगर परिषद का दर्ज़ा मिला है। सरकार से जितने संसाधन मिल रहे हैं, उन्हीं में बेहतर काम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि अगर किसी मोहल्ले या वार्ड में सफाईकर्मी नहीं जा रहे हैं या सफाई कार्य प्रभावित है, तो वहां के नागरिक सीधे नगर परिषद अध्यक्ष से संपर्क करें। सभापति ने आश्वासन दिया कि सफाई से जुड़ी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा और ज़रूरत पड़ने पर सफाई व्यवस्था को और बेहतर किया जाएगा। नागरिकों को उम्मीद नही छोड़ना चाहिए। नगर परिषद अपने दावों को ज़मीनी स्तर पर उतारेगी और 'स्वच्छ संपतचक, स्वस्थ संपतचक' का सपना सिर्फ पोस्टर और नारों तक सीमित नहीं रहेगा।



## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना गया स्टेट हाईवे वन पर धनरूख थाना क्षेत्र के धनरूआ बाजार से कुछ पहले ही एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई है।मृतक की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के रमजानीचक गांव के शैलेश कुमार उम्र 25 वर्ष पिता नागेश्वर बिंद के रूप मे हुई है। बताया जाता है की मृतक घर से धनरूआ बाजार जाने का क्रम में धनरूआ थाना से 100 मि0 पश्चिम दिशा में ट्रक से ठोकर लगने के कारण गंभीर रुप जख्मी हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है। धनरूआ थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया की ट्रक को चालक सहित बरामद कर लिया गया है मामले की पूरी छानबीन की जा रही है।

# एर्नाकुलम एक्सप्रेस का इंजन फेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** दानापुर मंडल रेल के बाढ़ रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की संध्या 3:00 बजे एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन पहुंची ट्रेन प्लेटफार्म संख्या दो पर 3:00 के आसपास पहुंच गई और इंजन में खराबी आ गई। ड्राइवर के द्वारा कई बार उसे ठीक करने का प्रयास किया गया लेकिन आखिरकार ठीक नहीं हुआ। इसके बाद कंट्रोल ऑफिस दानापुर को मामले की जानकारी दी गई। लिहाजा रेल प्रबंधन ने नए इंजन को मंगवा कर ट्रेन को ठीक किया गया इस दौरान करीब ढाई घंटे का वक्त गुजर गया। इस दौरान पटना छोड़कर मोकामा की ओर जाने वाली कई ट्रेनों को प्लेटफार्म संख्या एक लूप लाइन से होकर ट्रेन को रवाना कराया गया। 5:40 के आसपास बाढ़ से ट्रेन को फिर से ठीक होने पर रवाना कराया गया। इस दौरान रेलकर्मी परेशान दिखे स्टेशन प्रबंधक मृत्युंजय कुमार ने बताया कि ट्रेन के इंजन में तकनीकी खराबी आ गई थी जिसके चलते ट्रेन बाढ़ में ढाई घंटे रुकी रही। इस दौरान ट्रेन में सवार यात्री काफी परेशान दिखे भीषण गर्मी का मौसम होने के चलते लोग पानी के लिए दौड़ लगाते हुए अपनी प्यास को बुझाते देखे गए।

# उन्नत खेती और मोटे अनाज के उत्पादन के प्रति दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** प्रखंडस्तरीय शारदीय खरीफ महाअभियान 2025 के तहत मसौढी प्रखंड कार्यालय के ई किसान भवन में शुक्रवार को प्रशिक्षण शिविर सह कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन प्रखंड जिला परीषद सदस्य उपेन्द्र बिंद,मुखिया चंदन भारती, सोनी कुमारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी प्रशिक्षु, विजय कुमार कृषि समन्वयक, उद्यान पदाधिकारी योगेंद्र प्रसाद आदीने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वित कर किया। प्रशिक्षु प्रखंड कृषि पदाधिकारी सोनी कुमारी के द्वारा कृषि के विकास के लिए चलाए जा रहे योजनाओं के विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खरीफ फसलों के उत्पादकता बढ़ाना है। वही प्रखंड कृषि पदाधिकारी मोहम्मद हसजाम ने किसानों को उन्हें वैज्ञानिक कृषि पद्धति से खेती करना, उन्नत खेती के साथ-साथ मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि आज के दौर में मोटे अनाज की खेती बंद हो गई है ऐसे में लोगों का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसानों को परंपरागत खेती से हटकर अब मोटे अनाज की खेती करनी चाहिए कार्यक्रम में तकनीकी प्रबंधक इसके साथ किसान सलाहकार सुनील कुमार, भूनेश्वर प्रसाद, रंजीत कुमार पटेल, संजय कुमार, अर्चना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, शकुन्तला सिन्हाआदी सभी पंचायत से आए हुए किसान शामिल हुए।



# दानापुर अस्पताल में आल्ट्रसाउंड व ईसीजी मशीन बनी शोभा की वस्तु

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** अनुमंडलीय अस्पताल में दो सप्ताह से नया आल्ट्रसाउंड व ईसीजी मशीन शोभा का वस्तु बनी हुई है जिससे मरीजों का बाहर से ईसीजी और आल्ट्रसाउंड कराने का विवश है। अस्पताल में केवल गर्भवती महिला का ही आल्ट्रसाउंड किया जाता है बाकी मरीजों को बाहर निजी आल्ट्रसाउंड केंद्र पर दोगुने दामों पर करना पडता है। बताया जाता है कि पिछले दिनों सिविल सर्जन डा अविनाश कुमार सिंह ने मरीजों के लिए नया आल्ट्रसाउंड व ईसीजी मशीन देने का घोषणा किया गया था। काफी प्रयास के बाद अस्पताल में बडा नया आल्ट्रसाउंड मशीन और ईसीजी मशीन आया है। जिससे अस्पताल में इलाज कराने आये मरीजों को अब अस्पताल में आल्ट्रसाउंड की सुविधा मिलेगा और ईसीजी की भी सुविधा मिलेगी। अब बाहर नही जाना पडेगा। अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डा नीभा मोहन ने बताया कि विभाग से एक नया आल्ट्रसाउंड व ईसीजी मशीन मुहैया कराया गया है। उन्होंने बताया कि सिविल सर्जन से अनुमति मिलने के बाद अस्पताल में आल्ट्रसाउंड व ईसीजी की सुविधा जल्द चालू किया जायेगा। उन्होंने बताया कि एएनएम को ईसीजी के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षण दिलाया गया है और आल्ट्रसाउंड के लिए भी एक चिकित्सक आये हैं।

# भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष चुने गये अवधेश सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने दानापुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अवधेश सिंह को नियुक्त किया गया है जो मठियापुर निवासी अवधेश सिंह भाजपा के निष्ठावान सक्रिय कार्यकर्ता के साथ-साथ, सरल व्यक्तित्व के धनी व किसान पुत्र के रूप में जाने जाते हैं। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अवधेश सिंह को चुने जाने पर पूर्व विधायक आशा सिन्हा, जगदीश सिंह, राजेश सिंह, भुनेश्वर सिंह, सरोज देवी, सहजानंद सिन्हा व नरेंद्र कुमार समेत आदि ने प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जयसवाल व ग्रामीण जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार को बधाई दी है।

## गलत तरीके से राशन कार्ड बनाने पर प्राथमिकी

**मसौढ़ी।** तथ्यों को छुपा कर राशन कार्ड बनाने और सरकार के द्वारा सरकारी अनाज का लाभ उठाने के मामले में मसौढ़ी के प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती ने उस अपात्र लाभुक पर मसौढ़ी थाने में प्राथमिक की दर्ज की है। दरअसल बताया जाता है कि मसौढ़ी प्रखंड के तिनेरी गांव के रहने वाले पंकज कुमार पिता रामाशीष सिंह ने तथ्यों को छुपा कर राशन कार्ड बनवा लिया और इससे सरकारी अनाज का भी लाभ उठाते रहे हैं। ऐसे में तिनेरी गांव के ही निरंजन कुमार ने अनुमंडल लोक शिकायत निवारण में पंकज कुमार के खिलाफ परिवार दायर किया था, इसी की जांच के बाद सत्यता होने पर अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देशन में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती ने आरोपी अपात्र लाभुक बने पंकज कुमार के खिलाफ मसौढी थाने में प्राथमिकी दर्ज की है।

## पेज 1 का शेष

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान...

ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। जिन लोगों ने पाकिस्तान में बैठकर हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ा था, हमारी सेना ने उनके ठिकानों को खंडहर में बदल दिया है। पाकिस्तानी सेना की छत्रछाया में आतंकी खुद को सुरक्षित मानते थे। हमारी सेना ने एक ही झटके में उनको भी घुटनों पर ला दिया। पाकिस्तान के एयरबेस, उनके सैन्य ठिकाने हमने कुछ ही मिनट में तबाह कर दिए। सासाराम का नाम लेते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इसके तो नाम में ही राम है। राम राज्य में यह रीति थी- प्राण जाए पर वचन न जाए। राम की रीति अब नए भारत की नीति बन गई है। उन्होंने आगे इस बात को और साफ करते हुए कहा कि पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। जघन्य आतंकी हमले के एक दिन बाद बिहार आया था तो बिहार की धरती से देश को वादा किया था। वचन दिया था। बिहार की धरती पर आंख में आंख मिलाकर कहा था कि आतंक के आकाओं के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया जाएगा। उन्हें कल्पना से भी बड़ा सजा होगी। आज जब बिहार आया हूं तो अपना वचन पूरा करने के बाद आया हूं। यह नया भारत है, यह नए भारत की ताकत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्षेत्र से लेकर भावनाओं तक को छूने वाली बात कही। उन्होंने कहा कि यह वीर कुंवर सिंह की धरती है। यहां के नौजवान सेना-बीएसएफ में अपनी जवानी खपा देते हैं। ऑपरेशन सिंदूर में दुनिया ने हमारी सेना के साथ ही सीमा सुरक्षा बल, यानी बीएसएफ का भी अदम्य पराक्रम और साहस देखा है। बीएसएफ देश की सीमा पर सुरक्षा की अभेद्य चट्टान हैं। मां भारती की रक्षा बीएसएफ के जवानों के लिए सर्वोपरि है। 10 मई को देश की सीमा की रक्षा करते हुए इम्तियाज शहीद हो गए थे। मैं उन्हें आदरपूर्वक श्रद्धांजलि देता हूं। आज बिहार की धरती से फिर दोहराना चाहता हूं कि ऑपरेशन सिंदूर में लड़ाई देश के दुश्मनों से है, चाहे वह सीमा पार हों या भीतर हों- उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। बिहार के रेलवे बुनियादी ढांचे में आए बदलाव का उल्लेख करते हुए श्री मोदी ने बिहार में विश्वस्तरीय वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत और रेलवे लाइनों के दोहरीकरण और तिहरेकरण की चल रही प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छपरा, मुजफ्फरपुर और कटिहार जैसे क्षेत्रों में काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सोन नगर और अंडाल के बीच मल्टी-ट्रैकिंग का काम चल रहा है, जिससे ट्रेनों की आवाजाही में काफी सुधार होगा। श्री मोदी ने यह भी घोषणा की कि अब सासाराम में 100 से अधिक ट्रेनें रुकती हैं, जो इस क्षेत्र की बढ़ती कनेक्टिविटी को दर्शाता है। उन्होंने पुष्टि की कि लंबे समय से चली आ रही चुनौतियों का समाधान किया जा रहा है। साथ ही रेलवे नेटवर्क को आधुनिक बनाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

### पीएम ने 2025 के...

कहा कि कुछ पार्टी जातीय जनगणना पर अपना क्रेडिट लेने में लगे हुए हैं लेकिन आप तो सब सच जानते हैं। कुछ पार्टियों के लोग जाति जनगणना के बारे में अंड-बंड बातें कर रहे हैं। जब वह सत्ता में थे, तो उनके पास इसका अवसर था लेकिन उन्होंने गंवा दिया। इसलिए आपलोग किसी के बहकावे में मत आइए। याद रखिएगा कि पीएम मोदी ने आपलोगों के लिए कितना बड़ा काम किया है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जब हमलोगों की सरकार 24 नवंबर 2005 में बनी तो कितना काम हुआ। इससे पहले कोई काम हुआ था? हमलोगों ने महिलाओं के लिए कितना काम किया है। महिलाओं के लिए आरक्षण व्यवस्था लागू करवाई। अब वह पढ़ रहीं हैं, नौकरी ले रही है और अपना विकास कर रहे हैं। सात निश्चय के तहत भी कई काम हुआ है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोग बिहार के विकास के लिए काम कर रहे हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया। सड़कें और पुलों का निर्माण करवाया गया। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि इस साल जून महीने तक हर घर नल का जल, हर घर बिजली, हर घर शौचालय समेत कई विकास योजनाओं को पूरा कर लिया जाएगा। पीएम मोदी ने 2025 के बजट में बिहार को कई सौगातें दी। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि जैसे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हमारे राज्य के लिए बहुत कुछ किया, वैसे ही पीएम नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

### पटना में बनेगा ...

टाइम घटेगा बल्कि परिचालन में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। टर्मिनल को पटना मेट्रो, प्रमुख सड़कों और मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब से जोड़ा जाएगा जिससे यात्रियों को स्टेशन तक पहुंचने में जाम से राहत मिलेगी। स्टेशन से बाहर निकलते ही यात्री सीधे मुख्य सड़क तक पहुंच सकेंगे। इससे उन्हें ऑटो, टैक्सी या निजी वाहन तक पहुंचने में समय की बचत होगी। सभी प्लेटफॉर्मों के बीच अंडरग्राउंड रास्तों की सुविधा होगी जिससे यात्रियों को बिना सतह पर आए प्लेटफॉर्म बदलने की सहूलियत मिलेगी। इस परियोजना के शुरू होने से पटना में स्थायी और अस्थायी रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। स्टेशन की सफाई, सुरक्षा, खान-पान, टिकटिंग और अन्य सेवाओं के संचालन में हजारों लोगों को काम मिलेगा। रेल मंत्रालय की मानें तो यह प्रोजेक्ट दो साल में पूरा हो जाएगा और इसके शुरू होने के साथ ही यात्रियों को एक नए, सुरक्षित और सुविधाजनक सफर का अनुभव मिलेगा।

### एलआइसी को ब्रिटिश...

प्रमाणन प्राप्त करने से एलआईसी की प्रतिष्ठा एक लचीले संगठन के रूप में बढ़ी है, जो अप्रत्याशित चुनौतियों के बावजूद सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करने और ग्राहकों को निर्वाध रूप से सेवा प्रदान करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस उपलब्धि पर एलआइसी के सीइओ और प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ महान्ति ने कहा कि एक संस्थान के रूप में, हम अपने ग्राहकों और अन्य हितधारकों के भरोसे और विश्वास को सबसे अधिक महत्व देते हैं। प्रतिष्ठित आइएसओ 22301:2019 प्रमाणन प्राप्त करना किसी भी विघटनकारी घटना के सामने व्यापार निरंतरता सुनिश्चित करने और हमारे हितधारकों के हितों की रक्षा करने की हमारी प्रतिवद्धता का प्रमाण है जिससे एलआईसी में विश्वास और मजबूत हुआ है। एलआईसी के प्रबंध निदेशक तबलेश पांडे ने कहा कि सुरक्षा और लचीलापन हमेशा एलआईसी के परिचालन दर्शन का केंद्र रहा है। आइएसओ 22301 प्रमाणन प्राप्त करना सुरक्षित, निर्वाध सेवाओं को सुनिश्चित करके और व्यवधानों के खिलाफ हमारी तैयारी को लगातार बढ़ाकर लाखों पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा करने के लिए हमारे अटूट समर्पण को रेखांकित करता है। इस पूरी यात्रा में अनुकरणीय नेतृत्व, एलआईसी के उद्यम जोखिम प्रबंधन, साइबर सुरक्षा विभाग और वरिष्ठ नेतृत्व टीमों से निरंतर समर्थन और कार्यकारी निगरानी ने इस पहल में संगठन-व्यापी भागीदारी को मजबूत किया। आगे बढ़ते हुए एलआईसी बीएसआई के निगरानी कार्यक्रम के तहत नियमित अभ्यास और आवधिक समीक्षा में संलग्न होगी जिससे इसके व्यवसाय निरंतरता प्रबंधन प्रथाओं में निरंतर सुधार को बल मिलेगा।

# बहनोई की हत्या के प्रयास मामले में आरोपित साला गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** लहसुना थाना क्षेत्र के गणेश टोला गांव से हत्या के प्रयास मामले में एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लहसुना थाना कांड संख्या 416/25 के तहत हत्या के प्रयास के अभियुक्त तन्नू दास पिता शोभनाथ दास को गणेश टोला से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया की गिरफ्तार आरोपी तनु दास की बहन के साथ दिनेश कुमार ने प्रेम विवाह किया था, उसके बाद गांव में ही रहने के लिए आया हुआ था, जिससे गुस्सा आए तनु दास और उसके पिता ने मिलकर उसके जमकर मारपीट कर गंभीर रूप मे जख्मी कर दिया था। इसी मामले मे थाने में कुल चार लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसमें मुख्य आरोपित तनु दास को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भेल्दी में वांछित अपराधी कामेश्वर ठाकुर गिरफ्तार

**भेल्दी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भेल्दी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। मंगलवार को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मुरली सिरसिया गांव से वांछित अपराधी कामेश्वर ठाकुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार कामेश्वर ठाकुर पर भेल्दी थाना कांड संख्या 19/25 और 131/25 के तहत आर्म्स एक्ट के गंभीर मामले दर्ज हैं। इसके अलावा वर्ष 2001 के कांड संख्या 32/2001 में भी उस पर हत्या के प्रयास, एससी/एसटी एक्ट और सामाजिक वैमनस्य फैलाने जैसी संगीन धाराओं में मामला दर्ज है। एसपी डॉ. कुमार आशीष के निर्देश पर जिले भर में अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे इस अभियान के तहत यह गिरफ्तारी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### ट्रक में लगी आग, बड़ा हादसा टला

**भेल्दी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा-मुजफ्फरपुर एनएच 722 पर भेल्दी थाना क्षेत्र के सरायबक्स के समीप गुरुवार दोपहर एक ट्रक में अचानक आग लग गई। आग लगते ही ट्रक धू-धूकर जलने लगा और अफरा-तफरी मच गई। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक एनएच किनारे खड़ी थी। अचानक उसमें आग लग गई। चालक ने सूझबूझ से समय रहते ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना पर भेल्दी पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग के कारणों की छानबीन कर रही है।

### मांझी पूर्वी मंडल की बैठक, बूथ सशक्तिकरण पर जोर

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मांझी पूर्वी मंडल भाजपा की कार्यसमिति की बैठक गुरुवार को दाउदपुर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ सिंह ने की, जबकि संचालन किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज पांडेय ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत 25 सदस्यीय टीम गठन एवं बूथ सत्यापन पर बल दिया गया। कार्यकर्ताओं से अभी से सक्रिय होकर एनडीए की पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने के लिए जुट जाने की अपील की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमनारायण सिंह, जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन तिवारी, हरिमोहन सिंह गुड्डू, मकेश्वर सिंह, दिलीप प्रसाद, विवेक कुमार, मनोज प्रसाद, सोनू कुमार महतो, असरफी महतो, राहुल कुमार यादव, नीतीश कुमार कुशवाहा, सत्येंद्र कुमार सिंह, धर्मेंद्र पांडेय, अंकित सिंह राणा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एक वारंटी समेत दो गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने एक वारंटी समेत दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार लोगो मे धुमनगर निवासी संजय मुखिया एवं हरदिया रेलवे कॉलोनी निवासी पारस प्रसाद शामिल है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया कि संजय को तीन लीटर शराब के साथ एवं पारस प्रसाद के ऊपर न्यायालय द्वारा वारंट जारी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार दोनों को जेल भेज दिया गया है।

### हड़ताल से वापस लौटे राजस्व कर्मचारी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राजस्व कर्मचारियो का हड़ताल खत्म को गया है। शुक्रवार को अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी के समक्ष राजस्व कर्मचारियों ने योगदान कर लिया। राजस्व कर्मचारियों ने बताया कि संघ के आह्वान पर हड़ताल समाप्त करते हुए योगदान कर लिया गया है। शनिवार से सभी राजस्व कर्मचारी अंचल के राजस्व संबंधी कार्य करने लगेंगे। इस दौरान राजस्व कर्मचारी अभिषेक भारती, अनिल कुमार, रामबाबू साफी, विवेक यादव, राहुल रंजन, विमल पटेल, महेंद्र गुप्ता, रवि शंकर सिंह, अंकित कुमार, अभिषेक शर्मा, विकास कुमार शामिल रहे। बता दें कि राजस्व कर्मचारी अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर दूसरी बार सात मई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे।

### कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कोरोना से बचाव को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। कोविड के नए वेरिएंट को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल में आठ बेड का एक अलग आइसोलेशन वार्ड बनाया गया है। हालांकि अभी तक यहां कोरोना का कोई मामला सामने नही आया है। लेकिन एहतियात के तौर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है। आइसोलेशन वार्ड में प्रत्येक बेड पर ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके साथ ही अस्पताल प्रशासन द्वारा आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध कराई गई हैं। अस्पताल प्रबंधक विपिन राज ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य समिति एवं सिविल सर्जन के निर्देश पर करोना से बचाव को लेकर यह व्यवस्था की गई है।

### जनसुराज का हस्ताक्षर अभियान शुरू

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनसुराज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को कौरुधौरु पंचायत में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। यह अभियान बिहार सरकार की वादाखिलाफी व जनता के साथ किए गए विश्वासघात के खिलाफ चलाया जा रहा है। अभियान की शुरुआत भूमिहीन परिवारों के बीच जाकर की गई। इस अवसर पर जनसुराज वरिष्ठ नेता उदयशंकर सिंह ने कहा कि पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर के नेतृत्व में आगामी विधानसभा चुनाव में बिहार में बदलाव तय है। उन्होंने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान जनता की आवाज को बुलंद करने का एक प्रयास है। इस दौरान अभियान में जनसुराज के संयोजक बिनोद मांझी, अनुमंडल उपाध्यक्ष चन्द्रदेव मांझी, जिला महासचिव श्रवण कुमार महतो सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बॉडी वारंट के निष्पादन हेतु 02 से 07 जून तक वारंट सप्ताह

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अध्यक्ष-सह- सदस्य, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना की अध्यक्षता में नीलाम पत्र वाद की समीक्षा के क्रम में नीलाम पत्र वाद के त्वरित निष्पादन में बॉडी वारंट के निष्पादन हेतु 02 जून से आरंभ होने वाले सप्ताह को वारंट सप्ताह के रूप में घोषित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त आलोक में जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय द्वारा जिला नीलाम पत्र पदाधिकारियों को संबंधित बैंक से लॉजिस्टिक्स सपोर्ट आदि प्राप्त कर अपने अधीनस्थ क्षेत्रान्तर्गत जन जागरूगता अभियान, थाना द्वारा कैम्प अथवा अन्य कार्यक्रम आयोजित कर लंबित नीलाम पत्र वाद का निष्पादन सुनिश्चित कराने हेतु निदेश दिया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि दिनांक 02.06.2025 के शुरू होने वाले सप्ताह को वारंट सप्ताह के रूप में मनाते हुए नीलाम पत्र, वाद का त्वरित निष्पादन कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही संबंधित मामले में प्राप्त प्रतिवेदन प्रतिदिन अपराह्न 03.00 बजे तक जिला नीलाम पत्र शाखा, बेतिया को निश्चित रूप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाए।

# ऑपरेशन सिंदूर हमारे स्वाभिमान का प्रतीक, पाक को मिल चुका है सख्त संदेश : शाहनवाज हुसैन

## नीतीश हमारे साथ, एनडीए एकजुट होकर लड़ेगा चुनाव -अबकी बार 200 पार का लक्ष्य

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी के वरिष्ठ नेता शाहनवाज हुसैन ने शुक्रवार को होटल सफायर इन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सेवा सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि हमारे यश, सेवा और स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के जरिए पार्टी जनता के बीच जाएगी और देश की सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को साझा करेगी। उन्होंने साफ कहा कि, धर्म के नाम पर कोई अगर घर में घुसकर मारेगा, तो फिर दुनिया में कोई भी आतंकी सुरक्षित नहीं रहेगा। मोदी जी ने ये सख्त संदेश पाकिस्तान को दे दिया है। ऑपरेशन सिंदूर बंद नहीं, अस्थायी रूप से रोका गया है हुसैन ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी पूरी तरह बंद नहीं हुआ है, बस थोड़े दिनों के लिए रोका गया है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, अगर पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आया, तो कार्रवाई फिर से शुरू की जाएगी।



**नीतीश हमारे साथ हैं, बिक्रमगंज में उनका भाषण भी होगा**

जब उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की गैरमौजूदगी को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, नीतीश जी हमारे साथ हैं। वे बिक्रमगंज के कार्यक्रम में शामिल होंगे और वहां उनका भाषण भी तय है।

**ओमप्रकाश यादव हमसे नाराज नहीं, चिराग के साथ भी सब ठीक**

पूर्व सांसद ओम प्रकाश यादव की नाराजगी पर उन्होंने कहा, हमसे कोई नाराज नहीं है, वे पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और हमारे साथ हैं। चिराग पासवान को लेकर भी उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी तरह एकजुट है। चिराग पासवान हों, उपेंद्र कुशवाहा या जीतन राम मांझी - सब साथ हैं और मिलकर चुनाव लड़ेंगे, उन्होंने कहा।

**अबकी बार 200 पार का दावा**

उन्होंने भरोसे से कहा कि, इस बार का चुनाव एनडीए एकजुट होकर लड़ेगा झ जेडीयू, बीजेपी, चिराग पासवान की पार्टी, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी सभी एक मंच पर हैं। और इस बार हमारा लक्ष्य 200+ सीट जीतने का है।

**प्रेस वार्ता में ये रहे प्रमुख लोग मौजूद**

प्रेस वार्ता में कई प्रमुख नेता और पदाधिकारी उपस्थित थे, जिनमें शामिल हैं: होटल सफायर उनके डायरेक्टर रूपेश कुमार, जिलाध्यक्ष श्री राहुल तिवारी, पूर्व सांसद ओम प्रकाश यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पाण्डेय, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो. अभिमन्यु कुमार सिंह, प्रदीप कुमार 'रोज', मीडिया प्रभारी आदित्य कुमार पाठक, मुकेश कसेरा, प्रवक्ता अजय पाण्डेय, सुभाष कुशवाहा।

# फिरोजपुर में आभूषण व नकदी सहित लाखों की चोरी

**अमनौर (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के धरहरा खुर्द पंचायत स्थित फिरोजपुर गांव में बुधवार की रात एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई है। चोरों ने गांव के निवासी नवल किशोर सिंह के घर को निशाना बनाते हुए लाखों के गहनों व नकदी की चोरी कर ली। पीड़ित गृहस्वामी नवल किशोर सिंह ने बताया कि रात को भोजन के बाद वह और उनकी पत्नी सो गए थे, बेटा ससुराल में शादी में गया था। सुबह शौच के लिए उठने पर शौचालय के पास एक बैग गिरा मिला और पीछे का दरवाजा खुला था। घर के अंदर अलमारी के ताले टूटे मिले। अलमारी से सोने के एक सेट, तीन अंगूठी, झुमका, टॉप्स, कंगन, मंगलसूत्र, धागा, जूतियां, चांदी के पायल, बिछिया, हनुमान जी की मूर्ति, दीपक सहित लगभग 30 लाख रुपये मूल्य के आभूषण और तीन हजार नगद की चोरी हुई है। घटना



की जानकारी मिलते ही अमनौर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में भय व्याप्त है। दो दिन पूर्व मंदरौली व गोसी अमनौर में भी चोरों ने कई घरों को निशाना बनाया था। वहीं राघव सिंह के घर पर भी चोरी का प्रयास हुआ, लेकिन घरवालों के जागने से चोर भाग निकले। थानाध्यक्ष ने जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है।

# महिला की पीट-पीटकर हत्या

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मनुआपुल थाना के खैरटिया कुर्मी टोला में एक महिला की पीट पीटकर हत्या कर दी गई। घटना शुक्रवार के सुबह की है। मृतका की पहचान खैरटिया कुर्मी टोला निवासी राजमिस्त्री मनोज पटेल की पत्नी मधु देवी के रूप में हुई है। घटना के बाद पति घर छोड़ कर फरार हो गया है । थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि मधु देवी के शरीर पर चोट के निशान मिले है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया है। एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच कर छानबीन कर रही है।

घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतका के ससुर नरेंद्र पटेल व सास को गिरफ्तार कर लिया गया है । मृतका के पुत्र मंजीत कुमार (10) ने बताया कि वह अपने छोटे भाई रंजीत कुमार (8) के साथ सुबह में स्कूल चला गया था। बड़ा भाई रंजन कुमार (16) काम पर गया था। मंजीत स्कूल से लौटा तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ है। वह अंदर गया तो देखा कि उसकी माँ जमीन पर पड़ी हुई है। शरीर पर मारपीट के निशान है। नाक व कान से खून निकल रहा है। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग वहां पहुंचे तो मालूम चला की मां की मौत हो गई है। मंजीत के अनुसार उस समय उसके पिता मनोज पटेल घर पर मौजूद थे।

सूचना मिलते ही मधु देवी के मायका वाले मौके पर पहुंच गए। इनलोगों की सूचना पर मनुआपुल थाना के दारोगा उमलेश कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचे और वरीय अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। जानकारी मिलने पर एसडीपीओ विवेक दीप भी घटनास्थल पर पहुंचे और छानबीन की । लोगो से घटना के संबंध मे जानकारी ली । उसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच अस्पताल भेज दिया गया ।

# शिक्षिका के पति को बाइक पर बैठाकर सुनसान जगह ले गए, फिर लूटपाट और पिटाई

## सोने की चेन, ₹20 हजार नकद और मोबाइल छीना; पासवर्ड पूछकर खाते से भी उड़ाए पैसे, प्राथमिकी दर्ज

**नौतन (सीवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी हितेश शर्मा के साथ लूटपाट और मारपीट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। पीड़ित की पत्नी सविता शर्मा बिहार के मैरवा थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव स्थित मध्य विद्यालय में बीपीएससी शिक्षिका हैं। दोनों पति-पत्नी किराए के मकान में कबीरपुर गांव के परमेश्वर बरनवाल के यहां रहते हैं। गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे हितेश शर्मा खाता खुलवाने के लिए मैरवा जा रहे थे। उसी दौरान एक अनजान बाइक सवार युवक उनके पास आया और उन्हें मैरवा चलने का प्रस्ताव दिया। हितेश ने यह सोचकर उसकी बात मान ली कि शायद कोई परिचित ही होगा।



**बाइक पर बिठाकर ले गया सुनसान खंडहर में**

बाइक सवार युवक ने लंगड़ा मोड़ के पास से उत्तर दिशा की ओर बाइक मोड़ दी। जब हितेश ने रास्ता पूछने की कोशिश की, तो आरोपी युवक ने कहा, "इधर से भी रास्ता है, मैं जानता हूं।" कुछ दूरी पर बरगद के पेड़ के पास पहले से मौजूद तीन अन्य युवकों के साथ मिलकर उसे एक सुनसान खंडहरनुमा मकान में ले जाया गया। खंडहर में चारों युवकों ने मिलकर हितेश की जमकर पिटाई की और उनके गले से सोने की चेन, ₹20 हजार नकद और मोबाइल फोन छीन लिया। इसके बाद मोबाइल का पासवर्ड और बैंक ऐप का क्यूआर कोड लेकर खाते से भी सारा पैसा ट्रांसफर कर लिया गया। जब और पैसे की मांग पर हितेश ने मना किया, तो उसे और पीटा गया।

**झाड़ियों में फेंक कर भागे आरोपी, राहगीर की मदद से पुलिस को दी सूचना**

हमलावरों ने पीड़ित को एक झाड़ी में फेंक दिया और फरार हो गए। किसी तरह एक राहगीर की मदद से हितेश ने अपनी पत्नी, स्कूल के प्रधानाध्यापक और 112 नंबर पर पुलिस को कॉल किया। सूचना मिलते ही नौतन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित को थाने ले जाने के बाद स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया।

**दो आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी, जांच में जुटी पुलिस**

पीड़ित ने खलवां गांव निवासी आर्यन उर्फ चीकू राय और बंटी राय को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना प्रभारी उमेश कुमार पासवान ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले की गहन छानबीन की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने और जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

# 30 करोड़ की राशि से थरूहट क्षेत्र में होगा विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन : जिला पदाधिकारी

## समेकित थरूहट विकास अभिकरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तावित योजनाओं के चयन से संबंधित प्रबंधनकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आज समेकित थरूहट विकास अभिकरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्रस्तावित योजनाओं के चयन से संबंधित प्रबंधनकारिणी समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। इस अवसर पर सांसद, सुनील कुमार, विधायक, राम सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह, विरेन्द्र गुप्ता, थारू विकास मंच, चम्पारण आदिवासी उरांव संघ के अध्यक्ष/सचिव एवं सदस्य सहित उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, समेकित थरूहट विकास अभिकरण, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में समेकित थरूहट विकास अभिकरण के माध्यम से ली जाने वाली योजनाओं के लिए विषयवार बजट प्राप्त हो गया है। कुल-3000.00 लाख रुपए प्राप्त हुए हैं। जिसमे सहायक अनुदान-वेतन के लिए 35 लाख, सहायक अनुदान-परिसंपतियों के निर्माण हेतु 2365 लाख तथा सहायक अनुदान-गैर वेतन के लिए 600 लाख रुपए शामिल हैं। प्रबंधनकारिणी समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावित विभिन्न योजनाओं यथा-थरूहट क्षेत्र में रोड, पुल-पुलिया का निर्माण, सभी बगहा-02, गौनाहा, रामनगर एवं मैनाटांड़ के थरूहट क्षेत्र में अलग-अलग एंबुलेंस की व्यवस्था, निविदा में थरूहट क्षेत्र के लोगों की सहभागिता, कला संस्कृति भवन का निर्माण, होम स्टे की व्यवस्था, पर्याप्त शिक्षकों एवं समुचित चिकित्सा व्यवस्था आदि पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही उपस्थित माननीय जनप्रतिनिगण द्वारा थरूहट क्षेत्र के समेकित विकास के लिए अपने-अपने सुझाव व्यक्त किये गये। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने कहा कि राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन थरूहट क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कृतसंकल्पित है तथा इस हेतु लगातार कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में 3000 लाख रुपए की राशि से विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वयन किया जाना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि थरूहट विकास अंतर्गत योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वित किया जाना है। योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवता का पूरा ख्याल रखा जाय। चल रही योजनाओं को ससमय पूरा करना है तथा चयन की जाने वाली योजनाओं को भी निर्धारित समयावधि में गुणवतापूर्ण तरीके से क्रियान्वित कराना है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि समय पर कार्य पूर्ण नहीं करने वाले तथा कार्य के प्रति लापरवाही एवं कोताही बरतने वाले संवेदकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें। थरूहट क्षेत्र में विभिन्न आधारभूत संरचनाओं के निर्माण हेतु जमीन की उपलबधता प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। इस हेतु संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में 98 मामलों की हुई सुनवाई

## कई मामलों का हुआ ऑन-द-स्पॉट समाधान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 98 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें खेल, राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया उनमें सीमा देवी, रमेश राम, हरिहर हरिजन, चन्दा देवी, जवाहर दास, देवनाथ प्रसाद, उमेश यादव, अर्जुन चौरसिया, अमृता कुमारी, मीना देवी, सुमन देवी, अनिल कुमार आदि के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता, रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कुपोषित बच्चों के लिए जीवनदान बना सदर अस्पताल का पोषण पुनर्वास केंद्र

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** छपरा जिले में कुपोषण की समस्या से निपटने के लिए सदर अस्पताल में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) कुपोषित बच्चों के लिए जीवनदान साबित हो रहा है। अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक 126 कुपोषित बच्चों का सफलतापूर्वक इलाज कर उन्हें सुपोषित किया गया है। सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि जिले में कुपोषण दर कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है और कई स्तर पर प्रयास जारी हैं। एनआरसी में गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए 20 बेड की व्यवस्था है। अति गंभीर कुपोषित बच्चों को 21 दिनों तक रखकर उपचार, पौष्टिक आहार और शिक्षा दी जाती है। हालांकि, यदि बच्चे के वजन में अपेक्षित सुधार होता है तो 21 दिन के पूर्व भी छुट्टी दे दी जाती है।



भर्ती बच्चों और उनकी माताओं को आवासीय सुविधा व पौष्टिक भोजन मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही माताओं को प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। डीपीसी रमेशचंद्र कुमार ने बताया कि जिले में नवजात शिशुओं की समय पर देखभाल नहीं होने के कारण कुपोषण की स्थिति बनती है। 100 में से 85 बच्चे समय पर इलाज मिलने पर ठीक हो जाते हैं, लेकिन देरी होने पर यह आंकड़ा घटकर 10-15 प्रतिशत ही रह जाता है। आंगनबाड़ी सेविका और आशा कार्यकर्ता गांव-गांव सर्वे कर कुपोषित बच्चों की पहचान कर एनआरसी भेजती हैं। एनआरसी इंचार्ज पुष्पा कुमारी ने बताया कि बच्चों को एफ-100 मिक्स डाइट, खिचड़ी, दलिया, अंडा व फल दिए जाते हैं। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को भर्ती कर तीन स्तर की जांच के बाद उनका इलाज किया जाता है।

# रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्ञान कुंभ का शुभारंभ






**के. के. सिंह सेंगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

## प्राचीन शिक्षा प्रणाली बनाम आधुनिक शिक्षा प्रणाली पर हुई विस्तृत चर्चा

छपरा (सारण)। रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा में आईक्यूएसी के तत्वावधान में शुक्रवार को 'प्राचीन शिक्षा प्रणाली बनाम आधुनिक शिक्षा प्रणाली' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्ञान कुंभ का शुभारंभ हुआ। कॉलेज के राजेन्द्र सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री गौतम सिंह, कार्यक्रम के संरक्षक जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ परमेंद्र कुमार वाजपेयी, निपा के प्रो. कुमार सुरेश, पूर्वांचल विश्वविद्यालय विराट नगर नेपाल के पूर्व कुलपति डॉ घनश्याम लाल दास व रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएड कॉलेज के प्राचार्य डॉ सत्यप्रकाश दास व संचालन कॉलेज की छात्राएं मानसी, आर्या व प्रियंका के द्वारा किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत कॉलेज के सचिव इंजीनियर जयप्रकाश सिंह, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, प्राचार्य डॉ सत्प्रकाश दास, धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ ठाकुर सिंह, शिक्षक व शिक्षणेत्तर कर्मचारी क्रमशः उमाशंकर सिंह, अनुप कुमार, हरिशंकर, अजीत कुमार, सुजीत कुमार, अमरेश, कंचन भारती, नागेंद्र कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, प्रमोद कुमार आदि के द्वारा फूल माला, पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र आदि भेंटकर किया गया। इस अवसर पर जेपीयू के कुलपति डॉ परमेंद्र कुमार वाजपेयी ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में जयप्रकाश विश्वविद्यालय छपरा देश में ही नहीं बल्कि विदेश में भी शीर्ष स्थानों में से एक होगा। हमारे विश्वविद्यालय में एबीसी पोर्टल तैयार कर दी गई है। जिससे आने वाले दो वर्षों के बाद कोई विद्यार्थी अपना प्रमाण पत्र कहीं से भी प्राप्त सकता है। पूर्व मंत्री गौतम सिंह ने कहा कि शिक्षा ज्ञान का वह दीप है, जो किसी भी अज्ञानता के अंधकार को दूर कर सकता है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जर्मनी के विशेषज्ञ डॉ. क्रिश्चियन बार्टोल्फ ने कहा कि आने वाले समय में भारत पूरे विश्व के नंबर एक शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी होगा। वहीं कार्यक्रम में मौजूद पूर्वांचल विश्वविद्यालय विराट नगर नेपाल के पूर्व कुलपति डॉ घनश्याम लाल दास ने अपने संबोधन में कहा कि प्राचीन शिक्षा प्रणाली के गुणों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली से समिश्रण कर नीति निर्माण करनी चाहिए। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के कई शिक्षा विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचार रखेंगे। बताया गया है कि इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए शोध पत्र अंग्रेजी अथवा हिंदी भाषा में आमंत्रित किए गए हैं। शोध पत्र लगभग 2000 शब्दों में एपीए प्रारूप में मांगा गया है। शनिवार को कार्यक्रम का समापन होगा।

# 31 मई से 16 जून तक चलेगा संघ शिक्षा वर्ग

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा आयोजित संघ शिक्षा वर्ग का आयोजन स्थानीय संत माईकल एकेडमी में होगा। 31 मई से 16 जून तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में उत्तर बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में शिक्षार्थी जुटने वाले हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए संघ के विभाग संघचालक राजकिशोर प्रसाद ने बताया कि संघ में व्यक्तित्व निर्माण के लिए अलग-अलग स्तरों का प्रशिक्षण होता है। संघ का मूल उद्देश्य है कि सामान्य व्यक्ति को भी कैसे विशिष्टता के उच्चतम स्तर तक ले जाया जाए। इसके लिए संघ में शाखा की व्यवस्था है। शाखाएं अगर ठीक से चलती रहे तो देश में राष्ट्रभक्तों की बड़ी फौज खड़ी होगी। शाखाओं के चलने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना अनिवार्य होता है और इसी प्रशिक्षण के लिए संघ शिक्षा वर्ग आयोजित होता है।

# सीवान में 345 शिक्षकों का प्रधानाध्यापक पद पर पदस्थापन

## जिला शिक्षा पदाधिकारी व कार्यक्रम पदाधिकारी के संयुक्त आदेश पर हुई कार्रवाई

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में शिक्षा विभाग द्वारा बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए 345 शिक्षकों को प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित किया गया है। इनमें 233 आर्ट्स और 112 विज्ञान विषय के शिक्षक शामिल हैं। यह जानकारी शिक्षक मोहम्मद असगर अली ने दी। जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से जारी ज्ञापांक संख्या 451 और 454 के आधार पर यह पदस्थापन किया गया। इससे जिले भर के मध्य विद्यालयों में प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थापित होने वाले शिक्षकों में कई नाम प्रमुख हैं। इनमें मोहम्मद



असगर अली, पूनम कुमारी, विनय सिंह, अंबिका यादव, अमरु प्रसाद, माधव सिंह, सैयद मुजफ्फर हसन, विकास कुमार दत्ता और मोहम्मद इबादुल्लाह अंसारी जैसे शिक्षक शामिल हैं। /0258 पदस्थापन की सूचना मिलते ही शिक्षकों में उत्साह का माहौल है। नई जिम्मेदारी मिलने से शिक्षकों में नेतृत्व क्षमता के विकास की उम्मीद की जा रही है, वहीं विद्यालयों में शैक्षणिक माहौल सुधारने में भी इससे मदद मिलेगी।

### पीएम ने एनटीपीसी नबीनगर एसटीपीपीएस, स्टेज-दो का किया शिलान्यास

# एनटीपीसी के विस्तार से क्षेत्र के आर्थिक विकास में मिलेगी मदद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली/औरंगाबाद।** पूर्वी भारत में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को और मजबूत करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को औरंगाबाद जिले में 29,948 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बनने वाले एनटीपीसी नबीनगर एसटीपीपी, स्टेज-दो (3x800 मेगावॉट) का शिलान्यास किया। कुल 48,520 करोड़ रुपये से अधिक की अनेक विकास परियोजनाओं का प्रधानमंत्री ने शिलान्यास, उद्घाटन और लोकर्पण किया। कार्यक्रम के दौरान बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी, केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय




वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान, केंद्रीय कोयला और खदान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा और केंद्र एवं बिहार सरकार के अन्य वरिष्ठ गणमान्य भी उपस्थित रहे। बता दें कि एनटीपीसी नबीनगर एसटीपीपी, स्टेज-दो(3x800 मेगावॉट) परियोजना अत्याधुनिक अल्ट्रा-सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी पर आधारित है, जो विद्युत उत्पादन की सर्वाधिक एफिशिएंसी प्रदान करती है। एनटीपीसी द्वारा पानी बचाने की अपनी प्रतिबद्धता के अंतर्गत नबीनगर स्टेज-दो संयंत्रों में ड्राई बॉटम ऐश हैंडलिंग सिस्टम और एयर कूल्ड कंडेंसर स्थापित किया गया है, जिससे विद्युत उत्पादन के लिए ताजे पानी की खपत में काफी कमी आएगी। इसके अलावा इस परियोजना द्वारा बिहार एवं अन्य राज्यों जैसे राजस्थान, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और पंजाब आदि को किफायती बिजली प्रदान की जाएगी। इस परियोजना से स्थानीय समुदायों, व्यवसायों और उद्योगों में ऊर्जा की बढ़ती जरूरतें पूरी होंगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। साथ ही, इस परियोजना से देश को ऊर्जा सुरक्षा और किफायती ऊर्जा का दोहरा उद्देश्य पूरा करने में भी मदद मिलेगी। एनटीपीसी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी एकीकृत विद्युत उपयोगिता कंपनी है, जो भारत में विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति में एक-चौथाई का योगदान देती है। इसकी स्थापित क्षमता 80 गीगावाट से अधिक है तथा 32 गीगावाट की अतिरिक्त क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें 13 गीगावाट की ऊर्जा क्षमता नवीकरणीय है। कंपनी 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूर्वी क्षेत्र-1 पटना के उप महाप्रबंधक (नैगम संचार) विश्वनाथ चंदन ने बताया कि एनटीपीसी अपने ताप, जल, सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों द्वारा राष्ट्र में विश्वसनीय, किफ़ायती और सतत बिजली आपूर्ति करते रहने के लिए समर्पित है। कंपनी हरित भविष्य के लिए सर्वोत्तम अभ्यासों का पालन करने, अभिनवता का विकास करने और स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत




**रफीगंज (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** प्रखंड के खैरी मुंडला गांव निवास सह भदुकिकला पंचायत के पंचायत समिति लक्ष्मी साव के 23 वर्षीय पुत्र विपुल कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सूचना मिलते ही पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ संजय यादव पहुंचकर मृतक के परिजनों ने ढांढस बंधाया, साथ ही मदद करने का भी सांत्वना दिया। पंचायत समिति लक्ष्मी साव ने कहा कि मेरा पुत्र बिपिन कुमार औरंगाबाद में होमगार्ड का दौड़ करने जा रहा था, औरंगाबाद बाइक से जाने के क्रम में रजोई विजोइ के पास अचानक जानवर आने से अनियंत्रित होकर गिरकर घायल होगा। वही इलाज के दौरान डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## बिहार के लोगों को प्रधानमंत्री मोदी ने किया निराश : डॉ. सुरेश पासवान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान ने कहा है कि दो दिवसीय दौरे पर बिहार आए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा समाप्त हो गया। बिहार के लोगों को उम्मीद था कि प्रधानमंत्री के द्वारा बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने का घोषणा किया जाएगा, लेकिन उसके बारे में कोई भी चर्चा नहीं किया गया जिससे बिहार के चौदह करोड़ लोगों को फिर एक बार निराश होना पड़ा। पटना यूनिवर्सिटी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी का दर्जा दिया जाएगा, कुटकु मंडल डैम में गेट-फाटक लगाने का उद्घाटन किया जाएगा क्योंकि उन्होंने 2019 में गेट लगाने का शिलान्यास किया था, लेकिन उस पर भी पीएम ने चुप्पी साध लिए। हरिहरगंज- औरंगाबाद पटना जो ट्रैफिक के लिहाज से अति व्यस्तम सड़कों में से एक है जिसे फोरलेन सड़क बनाने के लिये डीपीआर बन गया था उसे रद्द कर दिया गया। उसके बदले सासाराम- पटना फोरलेन सड़क का शिलान्यास किया जाना अन्याय है, क्यूंकि वर्षों से हरिहरगंज- औरंगाबाद- पटना फोरलेन सड़क की न सिर्फ प्रक्रियाएं पूरी की गई बल्कि देश के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री नितिन गडकरी के द्वारा बोधगया कार्यक्रम के दौरान स्वीकृति देने का घोषणा किया गया था। इसलिए औरंगाबाद, अरवल एवं पटना जिला के नागरिकों को एक तरह से निराश ही नहीं किया बल्कि विकास के पैमाने से कोसो दूर कर दिया इसलिए आने वाला विधानसभा चुनाव में इसका भारी खामियाजा एनडीए गठबंधन को उठाना पड़ेगा।

## आयोग के उपाध्यक्ष पद पर राजीव रंजन की नियुक्ति पर जीकेसी में हर्ष

### समाज और संगठन के लिए गौरव का क्षण : कमल किशोर

- **ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस से जुड़े लोगों ने कहा- हमारे जीवंत और सक्रिय संगठन के शीर्ष नेतृत्व को सरकार ने सौंपी है महत्वपूर्ण जिम्मेदारी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/ औरंगाबाद।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद को बिहार सरकार द्वारा उच्च जातियों के विकास के लिए गठित राज्य आयोग, बिहार, पटना के उपाध्यक्ष पद पर तीन वर्षों के लिए मनोनीत किए जाने पर संगठन में खुशी की लहर दौड़ गई है। जीकेसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राष्ट्रीय प्रवक्ता कमल किशोर, अजय वर्मा, अजय श्रीवास्तव, महेन्द्र प्रसाद, डॉ. शीला वर्मा, श्रीराम




अम्बष्ट, मधुसूदन सिन्हा, राजू रंजन सिन्हा, राजेश सिन्हा, दीपक बलजोरी, सूर्यकांत आदि ने इस नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री प्रसाद को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, ''यह हम सबके लिए अत्यंत गर्व की बात है कि हमारे जीवंत और सक्रिय संगठन के शीर्ष नेतृत्व को सरकार ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। यह निर्णय न केवल श्री राजीव रंजन प्रसाद की सामाजिक प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता को मान्यता देता है, बल्कि जीकेसी की सशक्त उपस्थिति और सकारात्मक प्रभाव का भी प्रमाण है। कमल किशोर ने कहा कि यह नियुक्ति संगठन के सभी सदस्यों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हम सभी को बधाई देते हैं और आशा करते हैं कि श्री प्रसाद अपने नए दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और दक्षता के साथ करेंगे जिससे समाज के हित में ठोस पहल संभव हो सकेगी। गौरतलब है कि ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस लंबे समय से समाज के सर्वांगीण विकास, विशेष रूप से कायस्थ समुदाय के सशक्तिकरण के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत है।

## विद्युत चोरी के मामले में छह पर नामजद प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विद्युत चोरी के विरुद्ध विभाग ने अमरपुरा, बस स्टैंड एवं कर्मी बिगहा गांव में छापामारी अभियान चलाया जिसमें विजय यादव, गुंजन कुमार, वीरेंद्र यादव, अरविंद सिंह और बस स्टैंड निवासी अर्जुन मिस्त्री एवं कर्मी बिगहा निवासी विनय यादव के घर छापामारी किया गया। इन लोगों द्वारा विद्युत राशि बकाया होने के कारण पूर्व में कनेक्शन काट दिया गया था बावजूद टोका फंसाकर विद्युत चोरी की जा रही थी। अर्जुन मिस्त्री को 32708, अरविंद सिंह को 41513, वीरेंद्र यादव को 13859, गुंजन को 12030, विजय यादव को 26037, विनय यादव को 41336 का रुपया




जुर्माना लगाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि विद्युत चोरी के विरुद्ध विभाग द्वारा छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है। इस अभियान में सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज, कनीय विद्युत अभियंता मरुनन्दन प्रियदर्शी, संतोष कुमार, मानव बल दीपक कुमार भारती सहित अन्य कर्मी शामिल रहे।

## मामूली विवाद में व्यक्ति की जमकर पिटाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भैंस ने एक कार को रगड़ दिया जिसमें कुछ लोगों ने एक व्यक्ति की जमकर पिटाई कर दी। मामला नबीनगर प्रखंड के बेलवां गांव की है। जख्मी व्यक्ति की पहचान उस गांव निवासी देवपूजन के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर देवपूजन भैंस चराने गया था। वह भैंस को लेकर तालाब में नहाने जा रहा था। इसी दौरान उसी रास्ते गांव के ही कुछ लोग कार से जा रहे रहे, कार पार होने के दौरान भैंस कार से स्पर्श कर गयी और कार थोड़ा सा गंदा हो गया। इसी बात को लेकर बहसबाजी शुरू हो गयी, जब देवपूजन अपने भैंसों को तालाब में नहला रहा था तभी कार सवार लोग वहां पहुंचे और मारपीट करने लगे।



मारपीट के बाद सभी लोग मौके से फरार हो गए। इसके बाद परिजनों ने जख्मी देवपूजन को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल नबीनगर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि मामले से संबंधित एक आवेदन नबीनगर थाना को दिया गया है।

## लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** रिसियप थाना की पुलिस ने गुरुवार की रात्रि जुड़ाही गांव में छापेमारी कर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार वारंटी की पहचान उक्त गांव निवासी हरेंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष निशा कुमारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से वह



फरार चल रहा था। उसके घर पर आने की सूचना मिली थी। सूचना के आलोक में छापेमारी कर वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपूर्द कर दिया गया।

## कृषि महोत्सव का आयोजन 2 जून को

**मदनपुर (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर में 2 जून को कृषि विभाग द्वारा कृषि महोत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विशेषज्ञ शामिल होंगे। उक्त जानकारी प्रखंड कृषि समन्वयक मुकेश कुमार अकेला ने दी है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष 2 जून को खरीफ फसल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रखंड भर के किसान महोत्सव शामिल होंगे। किसानों को धान की विभिन्न किस्म और कम पानी लगने, अधिक गुणवत्ता पूर्ण उपज वाले धान लगाने का प्रशिक्षण कृषि वैज्ञानिकों द्वारा दिया जाएगा।

## मौजूदा दौर में कम्प्यूटर की जानकारी अति आवश्यक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहर के न्यू एरिया राजा बगीचा स्थित एआरसीसी क्लासेस में केवाईपी छात्र-छात्राओं के बीच किताब वितरण करते वक्ताओं ने कहा कि इस युग में कंप्यूटर के ज्ञान के बिना जीवन अधूरा है। सरकार द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को टेक्नोलॉजी का ज्ञान मिल रहा है। बिहार सरकार द्वारा संचालित कुशल युवा कार्यक्रम के सभी प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के बीच किताब वितरण के अवसर पर वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर ज्ञान के संदर्भ में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। पुस्तक वितरण कार्यक्रम में बतौर अतिथि रफीगंज थाना के पदाधिकारी, शिक्षक दीपक कुमार, गौतम कुमार, डॉ. शुमैला मंजूर आदि शामिल हुए।

## मासिक धर्म एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया : डीपीओ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जिले के कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत संडा पंचायत के वार्ड संख्या 12 में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं में मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाना एवं इससे जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों को दूर करना था। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी विनीता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि मासिक धर्म एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, जिससे संबंधित भ्रांतियों को समाप्त करना एवं स्वच्छता के प्रति सजगता लाना,



समाज के समग्र स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बालिकाओं से आग्रह किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और समाज की अन्य महिलाओं को भी इस विषय में जानकारी प्रदान करें साथ ही किसी भी असुविधा या समस्या की स्थिति में निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करने की सलाह दी। जेंडर स्पेशलिस्ट, जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन (डीएचईडब्लू) श्यामली कुमारी ने कहा कि माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना, संतुलित व पोषणयुक्त आहार लेना तथा मानसिक रूप से सकारात्मक रहना किशोरियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जिला परियोजना प्रबंधक ब्रजेश सिंह एवं श्यामली कुमारी ने डीएचईडब्लू की गतिविधियों तथा महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रतिभागियों के साथ साझा की। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया गया कि माहवारी जैसे संवेदनशील विषयों पर समाज में संवाद स्थापित कर, महिलाओं और किशोरियों को जागरूक एवं आत्मविश्वासी बनाया जा सकता है। इस आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों के साथ वार्ड सदस्य रामशंकर सिंह, दीपक कुमार एवं प्रेमलता कुमारी की सक्रिय सहभागिता रही।

## एटीएम बदलकर 48500 हजार रुपये की निकासी, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना के सामने पीएनबी बैंक के एटीएम से एटीएम कार्ड बदलकर 48500 हजार रुपये निकासी कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पोगर गांव निवासी उपेन्द्र यादव ने थाना में आवेदन देते हुए अज्ञात व्यक्ति को आरोपित बनाते हुए यह उल्लेख किया कि 27 तारीख को थाना के पास पीएनबी बैंक के एटीएम से पैसा निकाल रहे थे, इसी बीच मेरे पीछे एक व्यक्ति ने मेरे हाथ से एटीएम लेकर बदल दिया एवं मेरे अकाउंट से सारा पैसा निकाल लिया। लिखित आवेदन में उन्होंने बताया कि दो बार में मेरे एटीएम से पैसे की निकासी की गई है। थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## लगातार दूसरे दिन भी बंद रहा चरण बाजार

### ग्रामीणों ने पुलिस पर लगाया बर्बरतापूर्ण ढंग से पिटाई का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिसिया अत्याचार के विरोध में दूसरे दिन भी चरण बाजार बंद रहा। दरअसल बीते दिनों शराब की छापेमारी में गई माली पुलिस पर ग्रामीणों ने हमला किया था और बंधक बनाया था। इसमें एसआई सुमित चंद्र समेत अन्य 3 पुलिसकर्मी घायल हुए थे। इसके बाद ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने ग्रामीणों के साथ मारपीट किया है। मामले में 11 नामजद और 60 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। शुक्रवार को दूसरे दिन भी ग्रामीणों ने पुलिस अत्याचार के विरोध में पूरे दिन चरण बाजार को बंद किए रखा। बाजार में पूरी तरह से सन्नाटा पसरा रहा। वहां मौजूद महिलाओं ने बातचीत के क्रम में बताया कि पुलिस की कार्रवाई के बाद लोग भयभीत हैं। आधी रात को घर में घुसकर पुलिस ने ग्रामीणों की पिटाई की। मंजर देखकर बच्चे भी भयभीत हैं। पुलिसकर्मियों ने दूसरे दिन भी आने की धमकी दी थी। पिटाई के डर से पुरुष वर्ग के लोग घर छोड़कर फरार हो चुके हैं। ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन होगा। नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने भी कहा कि पुलिस ने ग्रामीणों के साथ आतंकियों जैसा व्यवहार किया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

## विकसित कृषि संकल्प अभियान किसानों के लिए खोलेगा प्रगति के नए रास्ते

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** विकसित कृषि संकल्प अभियान पूरे भारत में 700 से अधिक जिलों में आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 29 मई से 12 जून तक आयोजित किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सभी छोटे किसानों को कम खेत में अच्छी फसल और अधिक उत्पादन की तकनीकों से अवगत कराना है। धान के अधिक उत्पादन के लिये विश्वविद्यालय द्वारा विकसित उन्नत प्रभेदों की जानकारी कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगी। बकरी पालन, मुर्गी पालन, मछली पालन





के साथ डेयरी की उन्नत तकनीकी किसानों की आमदनी बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी। कृषि विज्ञान केन्द्र, सिरिस, औरंगाबाद द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु तीन टीमों का गठन किया गया है। औरंगाबाद जिले में उद्यानिक फसलों की असीम संभावनाएं हैं जिसके व्यवहार से कम पानी वाले क्षेत्रों में भी लाभदायक खेती संभव है। 29 मई को टीम 1 के द्वारा औरंगाबाद जिले के बारून प्रखण्ड के फतेहपुर, भोपतपुर एवं टेंगरा में, टीम 2 के द्वारा जनकोप, रिउर एवं खैरा में तथा टीम 3 के द्वारा पिपरा, धनगई एवं काजीचक में कार्यक्रम किया गया। वैज्ञानिकों की टीम गांव-गांव जाकर किसानों से सीधे संवाद कर रही है। इस कार्यक्रम में जिला कृषि विभाग के द्वारा नामित पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे। 30 मई को टीम 1 के द्वारा औरंगाबाद जिले के ओबरा प्रखंड के गीरा, बेल एवं पडरिया में टीम 2 के द्वारा करमडिह, बाजीतपुर एवं डिहरी में तथा टीम-3 के द्वारा शंकरपुर, चपरी एवं जोगी बिगहा में कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कृषि विभाग के द्वारा नामित पदाधिकारी एवं कर्मी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में डॉ. आर0एन0 सिंह सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर भी उपस्थित रहे। डॉ सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुये कहा कि किसान भाई खरीफ मौसम में अपने प्रक्षेत्र के अनुसार धान के प्रभेदों का चुनाव कर अपने खेत में लगायें।


BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन




DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES



एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश
सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com